www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 9 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-334 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



सीमाओं की रक्षा के साथ अंतरिक्ष कार्यक्रम में ... 02

■ नमाजियों पर हिंसा इस्लामोफोबिया की प्रतीक : जमीअत
■ शिक्षा जगत की सशक्त महिला कमल रानी टंडन का निधन 03

■ विदेश मंत्री जयशंकर ने शिंजो आबे की पत्नी से...
■ हमास प्रतिनिधिमंडल गाजा युद्धविराम वार्ता जारी ... 07

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की आलिया भट्ट ने ... 10

## सार संक्षेप

### मॉरीशस की यात्रा पर जाएंगीं मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को तीन दिन की राजकीय यात्रा पर मॉरीशस जाएंगीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू, मॉरीशस सरकार के निमंत्रण पर 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए 11 से 13 मार्च के बीच मॉरीशस गणराज्य की राजकीय यात्रा करेंगी।

### चाबहार के उपयोग पर चर्चा को अफगानिस्तान गया भारतीय दल



**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाक, अफगानिस्तान एवं ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुलेंगे



**उखीमठ।** उत्तराखंड में हिमालय की कंदराओं में स्थित 11वें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने यह जानकारी दी।

### कोटा में करंट की चपेट में आने से 18 बच्चे झुलसे



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां शिव बारात निकालते समय करंट लगने से 18 बच्चे बुरी तरह झुलस गए। तुरंत सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में करवाया गया है। घायलों का हालचाल जानने लोस अध्यक्ष ओम बिरला भी अस्पताल पहुंचे। सभी घायल बच्चों की उम्र 9 से 16 साल के बीच की है। कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास दोपहर यह घटना हुई मौके पर हड़कंप मच गया। घटना पर मौजूद लोगों ने घायल बच्चों को तुरंत एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

### ओडिशा में सात औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने 80,125 करोड़ रुपए की लागत वाली सात प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है। नवीन पटनायक की अध्यक्षता में 35वीं उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण की बैठक में इस्पात, हरित ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स व रसायन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

# कांग्रेस की पहली सूची में 39 नाम

## सूची में 15 सामान्य वर्ग से व 24 एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग से



**नई दिल्ली, 8 मार्च (देशबन्धु)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। अभी चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया है इससे पहले ही कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आ गई है। कांग्रेस ने 39 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। राहुल गांधी एक बार फिर वायनाड सीट से दावेदारी करते नजर आएंगे।

वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल इस बार राजनांदगांव से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। अगले सप्ताह लोकसभा चुनाव का औपचारिक ऐलान होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ से 6 उम्मीदवारों की नामों की घोषणा की गई है। इसमें भूपेश बघेल के अलावा शिवकुमार डहरिया को जांजगीर चांपा, ज्योत्सना महंत को कोरबा, राजेंद्र शाहू को दुर्ग, विकास उपाध्याय को रायपुर और ताम्रध्वज शाहू को महासमुंद से मैदान में उतारा गया है। अन्य राज्यों में कर्नाटक से 7, इसमें डीके सुरेश को बेंगलुरू ग्रामीण से प्रत्याशी घोषित किया गया हैं। जबकि केरल से 16, तेलंगाना से 4, मेघालय से 2, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और लक्षद्वीप से 1-1 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं।

**राहुल गांधी वायनाड व भूपेश बघेल राजनांदगाव से लड़ेंगे लोस चुनाव**

#### तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर को मैदान में उतारा

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि हम 39 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर रहे हैं। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल शामिल हैं। इस लिस्ट में 15 लोग सामान्य वर्ग से और 24 लोग एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 उम्मीदवारों के नाम है। इसमें जांजगीर चांपा से शिवकुमार दहिया, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, वायनाड से राहुल गांधी, बेंगलुरू ग्रामीण से डीके सुरेश दावेदारी करेंगे। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आने से एक दिन पहले ही पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी। गुरुवार को हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, सचिन पायलट समेत तमाम कद्दावर नेता मौजूद थे। राहुल गांधी अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं इसलिए वो कांग्रेस सीईसी की मीटिंग में शामिल नहीं हुए। इस बैठक के बाद ही ये लग रहा था कि कांग्रेस नेतृत्व कभी भी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है। अब पार्टी ने पहली लिस्ट जारी कर दी है।

बता दें कि इससे पहले भाजपा भी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर चुकी है। राहुल गांधी अभी कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरो में से एक हैं। वह पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। राहुल गांधी अभी केरल के वायनाड की सांसद हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की। पिछले आम चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। भूपेश बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने आगामी आम चुनाव के लिए उन्हें राजनांदगांव से मैदान में उतारा है।

राजनांदगांव सीट से टिकट फाइनल होने के बाद बघेल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए आदेशित किया है। इस विश्वास के लिए पार्टी और शीर्ष नेतृत्व का आभार। संस्कारधानी राजनांदगांव से प्रत्याशी होना सौभाग्य है।

#### भाजपा कर चुकी है अपनी पहली लिस्ट जारी

*गौरतलब है कि दो मार्च को भाजपा पहले ही अपनी 195 उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर चुकी है। जिसमें अरुणाचल पश्चिम से किरण रिजिजू, डिब्रूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल, उत्तर पूर्वी से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पोरबंद से मनसुखभाई मंडाविया, खूंटी (एसटी) से अर्जुन मुंडा के भी नामों का एलान किया गया है। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को केरल के तिरुवनंतपुरम से, पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को त्रिपुरा से मैदान में उतारा है।*

# हर नागरिक को सरकार के फैसले की आलोचना का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट



■ अनुच्छेद 370 खत्म करने की आलोचना का मामला
■ शीर्ष अदालत ने प्रोफेसर के खिलाफ की एफआईआर रद्द

**नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश के हर नागरिक को सरकार के फैसले की आलोचना का अधिकार है। शीर्ष कोर्ट ने अनुच्छेद 370 खत्म करने की आलोचना करने वाले व्हाट्सएप पोस्ट के मामले में एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करने का आदेश देते हुए यह टिप्पणी की। प्रोफेसर जावेद अहमद हजाम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (सांप्रदायिक द्वेष को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और उन्हें बॉम्बे हाईकोर्ट से इस बारे में राहत नहीं मिली थी। प्रोफेसर जावेद ने व्हाट्सएप पर पोस्ट किया था, 5 अगस्त- जम्मू-कश्मीर के लिए काला दिन और 14 अगस्त- पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस की बधाई। इन दोनों पोस्ट को आपत्तिजनक मानते हुए महाराष्ट्र के कोल्हापुर में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हर नागरिक को किसी भी दूसरे देश को उनकी आजादी के दिन बधाई देने का अधिकार है। यदि भारत का कोई नागरिक पाकिस्तान के नागरिकों को 14 अगस्त को उनके स्वाधीनता दिवस की बधाई देता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, भारत का संविधान अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अपने नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी देता है।

#### तो नहीं बचेगा लोकतंत्र

अदालत ने कहा कि यदि सरकार के फैसलों की हर आलोचना या प्रतिरोध को धारा 153ए के तहत अपराध ठहराया जाएगा तो लोकतंत्र नहीं बचेगा। असहमति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत दी गई गारंटी के तहत एक वैध और कानूनी अधिकार है। हर व्यक्ति को दूसरे के असहमति के अधिकार का सम्मान करना होगा।

# गरीबों की हिमायती नहीं सरकार : राहुल

■ दाहोद पहुंची राहुल की न्याय यात्रा
■ दस मार्च को गुजरात से महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में दाखिल होगी यात्रा



**गुजरात, 8 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इन दिनों गुजरात में है। शुक्रवार को राहुल गांधी ने गुजरात चरण के दूसरे दिन दाहोद शहर से अपनी यात्रा फिर शुरू की। अब यह यात्रा पड़ोसी पंचमहल जिले में गोधरा की ओर बढ़ी।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुरुवार को राजस्थान से गुजरात में प्रवेश किया था। राहुल ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों की अनदेखी कर रही है। दाहोद जिले के झालोड शहर में लोगों को संबाधित करने के बाद राहुल गांधी ने इलाके के एक गांव में रात्रि विश्राम किया था। राहुल ने शुक्रवार सुबह झालोड के समीप कम्बोई धाम में आदिवासियों के पूज्य गुरु गोविंद गुरु के दर्शन भी किए।

इसके बाद में जब यात्रा शुक्रवार सुबह दाहोद शहर से फिर शुरू हुई, तो रास्ते में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने राहुल का स्वागत किया। वहीं यहां एक चौराहे पर आदिवासी भी एकत्रित हुए और उन्होंने अपने पारंपरिक नृत्य से राहुल गांधी का स्वागत किया। राहुल गांधी इस दौरान एक खुले वाहन में बैठे थे और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

#### 13 या 14 को हो सकता है यात्रा का समापन

यह न्याय यात्रा नंदुरबार से धुले, मालेगांव और नासिक तक जाएगी, जहां राहुल गांधी प्रसिद्ध कालाराम मंदिर और त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी ठाणे जिले के भिवंडी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से यह यात्रा मुंबई में प्रस्तावित 'समापन सभा' के लिए रवाना होगी। समापन सभा 13 या 14 मार्च को हो सकती है।

# कांग्रेस के बैंक खातों पर आईटी का एक्शन नहीं रुकेगा

## अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कार्रवाई पर रोक की मांग वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली, 8 मार्च (देशबन्धु)।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई नहीं रुकेगी। आईटी अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को कार्रवाई रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी।



■ हाईकोर्ट का रुख करेगी कांग्रेस
■ टैक्स रिटर्न में गड़बड़ियों को लेकर लगा है 210 करोड़ का जुर्माना

विभाग ने टैक्स रिटर्न में गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस पर 210 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के एक्शन के खिलाफ याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने ट्रिब्यूनल से अगले 10 दिनों तक इस आदेश को स्थगित रखे जाने की अपील की। सूत्रों ने कहा है कि कांग्रेस, अपीलेस ट्रिब्यूनल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील करेगी। अपीलेट ट्रिब्यूनल के फैसले के बाद कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी सभी कानूनी विकल्प तलाश रही है। जल्द ही हाईकोर्ट में अपील करेगी। भाजपा सरकार ने जानबूझकर इसके लिए लोकसभा चुनावों का समय चुना है। कांग्रेस के फंड को रोकने का आईटी ट्रिब्यूनल का आदेश लोकतंत्र पर हमला है क्योंकि यह चुनावों से ठीक पहले आया है। ऐसी हालत में कोई निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कैसे कर सकता है, जब आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी के खातों से 270 करोड़ रुपए का अमाउंट जब्त कर लिया है।

#### आदेश लोकतंत्र पर हमला : कांग्रेस

कांग्रेस कानूनी सेल हेड विवेक तन्खा ने कहा कि हमें इस समय एक सुरक्षा आदेश की जरूरत है। पार्टियां और चुनाव आते-जाते रहेंगे लेकिन राजस्व सरकार का एक विभाग है। भारत को कानून के अनुसार चलना होगा। अगर केवल एक ही पार्टी होगी तो लोकतंत्र कैसे बचेगा। अगर रोक नहीं लगाई, तो चुनाव से पहले पार्टी वित्तीय संकट में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हम इंकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश से निराश हैं। तन्खा बोले उन्होंने 20 प्रतिशत जुर्माने के भुगतान पर राहत देने में अपनी पिछली परंपरा का पालन नहीं किया है और वह भी एक राष्ट्रीय पार्टी को, जो लोकसभा चुनाव लड़ने वाली है।

# दिल्ली में नमाजियों से हुई बदसुलूकी



■ सब इंस्पेक्टर ने सड़क पर बैठे नमाजियों को मारी लात
■ मुस्लिम समुदाय ने किया प्रदर्शन, आरोपी पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, 8 मार्च (देशबन्धु)।** देश की राजधानी दिल्ली में नमाज अदा करने के दौरान सड़क पर बैठे नमाजियों को दिल्ली पुलिस के जवान ने लात मारते हुए उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया। मौके पर बवाल शुरू हो गया और राजधानी के इंद्रलोक इलाके में हुई इस बदसुलूकी को लेकर नाराज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को हुई घटना में वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मी चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है।

दरअसल, जुम्मे की नमाज अदा करने के दौरान कुछ मुस्लिम समाज के लोग इंद्रलोक इलाके में मुख्य सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ने लगे। इससे ट्रैफिक बाधित होने लगा। दिल्ली पुलिस के कुछ जवान उन्हें हटाने आए। इसी दौरान पुलिस का एक जवान बैठकर नमाज पढने् वाले युवक को पैर से मरने लगा।

#### दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल

देश की राजधानी में हुई इस घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस वीडियो को एक्स पर शेयर कर दिल्ली पुलिस पर कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि नमाज़ पढ़ते हुए व्यक्ति को लात मारता हुआ ये दिल्ली पुलिस का जवान शायद इंसानियत के बुनियादी उसूल नहीं समझता, ये कौन सी नफरत है जो इस जवान के दिल में भरी है।

# रसोई गैस सिलेंडर सौ रुपए सस्ता

**नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)।** महंगाई से परेशान आम आदमी को राहत मिली है। गुरुवार को उज्ज्वला में राहत के बाद अब सभी के लिए रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम हो गए हैं। रसोई गैस सिलेंडर 100 रुपए सस्ता हुआ है। इस कटौती के बाद अब दिल्ली में कीमत 903 से घटकर 803 रुपए, भोपाल में 808.50 रुपए, जयपुर में 806.50 रुपए और पटना में 901 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विट करके इसकी जानकारी दी है। मोदी ने महिला दिवस के अवसर पर ट्विट करके कहा कि आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट का बड़ा फैसला किया है। पीएम उज्ज्वला योजना पर मिलने वाली सब्सिडी एक साल के लिए बढ़ा दी गई है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है।



■ महिला दिवस पर की कीमतों में कटौती की घोषणा

| शहर | नए दाम (रुपए में) | पुराने दाम रुपए |
|---|---|---|
| दिल्ली | 803.00 | 903.00 |
| मुंबइ | 802.50 | 902..50 |
| चेन्नई | 818.50 | 918.50 |
| कोलकाता | 829.50 | 929.50 |

# सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत



महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए नामांकन दोहरी खुशी : सुधा मूर्ति

**नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की पत्नी और सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने का एलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है। उनके फलदायी संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं।

**उपलिब्ध** *सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता लाई रंग*

# भारत को मिला खसरा व रूबेला चैंपियन का पुरस्कार

**नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम के लिए अंतराष्ट्रीय खसरा एवं रूबेला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि खसरा और रूबेला से निपटने के लिए देश के अथक प्रयासों के लिए भारत को छह मार्च को अमेरिका के वाशिंगटन में अमेरिकी रेड क्रॉस मुख्यालय में द मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खसरा और रूबेला चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया है।**

यह सम्मान अमेरिका में भारतीय राजदूतावास में उप प्रमुख श्रीप्रिया रंगनाथन ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्राप्त किया। द मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप एक बहु-एजेंसी है, जिसमें अमेरिकन रेड क्रॉस, बीएमजीएफ, जीएवीआई, यूएस सीडीसी, यूएनएफ, यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ शामिल हैं। यह वैश्विक खसरे से होने वाली मौतों को कम करने और रूबेला बीमारी को रोकने के लिए समर्पित हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह सम्मान देश के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत नियमित टीकाकरण को मजबूत करने के लिए भारत को मान्यता देता है। कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत ने व्यापक प्रयासों से खसरा और रूबेला के मामलों को कम करने और प्रकोप को रोकने में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह पुरस्कार देश के अग्रणी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, नीति निर्माताओं और देश भर के समुदायों के समर्पण और कड़ी मेहनत का एक प्रमाण है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले 12 महीनों में 50 जिलों में लगातार खसरे का कोई मामला नहीं देखा गया है, जबकि 226 जिलों में पिछले कुछ समय से रूबेला के मामले सामने नहीं आए हैं। खसरा और रूबेला वैक्सीन से रोके जाने वाली बीमारियां (वीपीडी) हैं और एमआर वैक्सीन 2017 से भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है।



■ वाशिंगटन डीसी में रेडक्रॉस मुख्यालय में किया गया सम्मानित
■ 226 जिलों में पिछले कुछ समय से रूबेला के नही आए मामले

# देश

**उवाच** "छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी समस्याओं और जरुरतों को दरकिनार कर जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। ऐसी ही हैं बस्तर फाइटर्स की दल कमांडर सुनैना पटेल, जिन्होंने गर्भावस्था के सातवें माह तक जंगल में गश्त किया:- **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.4 | 08.8 |
| मुंबई | 33.5 | 19.0 |
| कोलकाता | 26.2 | 20.6 |
| चेन्नई | 32.3 | 24.3 |

# सीमाओं की रक्षा के साथ अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी योगदान दे रही है वायु सेना : मुर्मु

## सुरक्षा परिदृश्य तथा प्राथमिकताएं तेजी से बदल रही हैं : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि वायु सेना न केवल सीमाओं की रक्षा कर रही है बल्कि देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। राष्ट्रपति ने वायु सेना स्टेशन हिंडन में आयोजित एक कार्यक्रम में वायु सेना के 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को प्रेजिडेन्ट्स स्टेन्डर्ड और 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि वायुसेना के सभी अधिकारियों और जवानों के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि इसरो के गगनयान मिशन के लिए जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चुना गया है, वे वायुसेना के अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में वायु सेना का योगदान स्वर्ण अक्षरों में लिखा है और वायु सेना के योद्धाओं ने 1948, 1965, 1971 और 1999 के युद्धों में अद्भुत साहस, समर्पण और आत्म-बलिदान का परिचय दिया है। उन्होंने देश-विदेश में आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बहादुर वायुसैनिकों का कर्तव्य के प्रति समर्पण और दृढ़ संकल्प सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सुरक्षा परिदृश्य तथा प्राथमिकताएं तेजी से बदल रही हैं और अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी प्रौद्योगिकी की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है।

**■ इसरो के गगनयान मिशन के लिए जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चुना गया है, वे वायुसेना के अधिकारी हैं**

उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए वायु सेना की सराहना की। श्रीमती मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह खुशी की बात है कि महिलाओं को वायु सेना की सभी शाखाओं में समान अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को वायु सेना में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और उन्हें विश्वास है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक लड़कियां वायु सेना में शामिल होंगी और देश की सेवा करेंगी राष्ट्रपति ने कहा कि वायु सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने से यह बल और अधिक समावेशी बन रहा है।

## मुर्मु ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए किया मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी नारी शक्ति के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। यह हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण भी है। उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी श्रीमती मूर्ति ने अपना करियर एक कंप्यूटर वैज्ञानिक और इंजीनियर के रूप में शुरू किया था। वह इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है। श्रीमती मूर्ति कन्नड़ और अंग्रेजी की प्रसिद्ध लेखिका हैं और उपन्यास, तकनीकी विषयों पर किताबें और यात्रा वृतांत लिखती रही हैं।



# आदिवासी बस्तियों के लिए सात हजार करोड़ की राशि मंजूर




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को 24 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मिशन शुरू किया था जो तीन साल के लिए है**

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत पिछले तीन महीने में सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई है। इसकी पहली किस्त इस साल 15 जनवरी को जारी की गई थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संकलित आँकडों से यह जानकारी सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को 24 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मिशन शुरू किया था जो तीन साल के लिए है। योजना के तहत क्रियान्वित की जाने वाली अधिकांश परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना, संबंधित राज्य विभागों द्वारा मंजूरी और संबंधित मंत्रालयों द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता होती है। अधिकांश राज्यों में, बजट परिव्यय का केंद्र का हिस्सा जारी कर दिया गया है, और आवास, पानी, सड़क, बिजली, दूरसंचार और बहुउद्देशीय केंद्रों से संबंधित परियोजनाओं में निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। कई राज्यों में जनवरी 2024 में स्वीकृत मोबाइल मेडिकल इकाइयां तथा आँगनबाड़ी कार्यात्मक हो गई हैं और वनधन केंद्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यह योजना पात्र परिवारों और बस्तियों को निम्नलिखित लाभ प्रदान करती है:

- 100 या अधिक की आबादी वाली गांव/बस्ती के लिए सड़क कनेक्टिविटी
- हर बस्ती के लिए दूरसंचार कनेक्टिविटी
- शौचालय और स्वच्छ पेयजल के साथ स्थानीय स्तर पर पसंदीदा डिज़ाइन के अनुसार पक्का घर
- छूटे हुए घरों के लिए ऑन-ग्रिड और सौर ऊर्जा द्वारा बिजली
- जहां स्वास्थ्य केंद्र मौजूद नहीं है, वहाँ स्कूल और मोबाइल मेडिकल यूनिट से जुड़े एक समर्पित छात्रावास की स्थापना करके शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंच में सुधार
- व्यावसायिक शिक्षा/कौशल तक बेहतर पहुंच

गतिशक्ति पोर्टल पर विकसित एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से राज्यों द्वारा 30 हजार बस्तियों का डेटा एकत्र किया गया है और निवास स्तर पर विभिन्न बुनियादी ढांचे के अंतराल का अनुमान लगाने के लिए राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन/विभागों द्वारा निवास स्तर के सर्वेक्षण किए गए थे। डेटा के संग्रह और सत्यापन को पूरा करने के लिए 25 दिसंबर 2023 से 100 से अधिक जिलों में 10 हजार से अधिक शिविर आयोजित किए गए हैं। आवास स्तर सर्वेक्षण के माध्यम से पहचाने गए अंतराल पीएम जनमन से जुड़े सभी नौ मंत्रालयों के लिए शुरुआती बिंदु हैं। संबंधित मंत्रालय अपने राज्य विभाग के माध्यम से अंतर के सत्यापन के बाद राज्यों से प्रस्ताव आमंत्रित कर रहे हैं और उन्हें मंजूरी दे रहे हैं।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री धनखड़ ने आज यहां जारी एक संदेश में कहा कि शिव और शक्ति संयुक्तता और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक हैं। यह दिन अध्यात्मिकता की उन्नति के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सभी राष्ट्रवासियों को शुभकामनाएं। भगवान शिव सभी के जीवन में शांति, सदभाव और प्रसन्नता प्रदान करें।

### राजस्थानः महिला दिवस पर महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा

**जयपुर।** राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने शुक्रवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं रोजवेज बसों में मुफ्त सफर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस खास मौके पर महिलाएं जैविक पार्क, चिड़ियाघर, संग्रहालय में मुफ्त में प्रवेश कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिला यात्री द्वारा मुफ्त में सफर करने से पड़ने वाले आर्थिक बोझ का वहन वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह कदम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के मकसद से उठाया है। महिलाओं से इस खास मौके पर प्रदेश भर में राजस्थान रोजवेज बस और एक्सप्रेस बसों द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला जाएगा।

### अल्लाह करेगा अंतिम न्याय : शेख शाहजहां

**कोलकाता।** अपनी गिरफ्तारी के बाद पहली बार मीडियाकर्मियों से बात करते हुए निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां ने शुक्रवार को कहा कि उनके मामले में अल्लाह अंतिम न्याय करेगा। पांच जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमले का आरोपी मास्टरमाइंड शाहजहां फिलहाल सीबीआई की हिरासत में है। सीबीआई के निज़ाम पैलेस कार्यालय से मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय इंतज़ार कर रहे मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए शाहजहां ने कहा कि मेरे खिलाफ सभी आरोप झूठे हैं। केवल अल्लाह ही अंतिम न्याय करेगा।

### जम्मू-कश्मीर के पूर्व विधायक नेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल

**श्रीनगर।** पूर्व विधायक जावेद हसन बेग शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में शामिल हो गए। पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग के छोटे भाई जावेद हसन बेग बारामूला विधानसभा क्षेत्र से जम्मू-कश्मीर विधान सभा के लिए चुने गए थे। राज्य विधानसभा के विघटन और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जावेद पूर्व मंत्री सैयद अल्ताफ बुखारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी में शामिल हो गए।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे सेला सुरंग परियोजना का उद्घाटन

**ईटानगर,** 8 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अरुणाचल प्रदेश को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी राज्य के तवांग जिले में महत्वपूर्ण सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरुणाचल प्रदेश में पश्चिम कामेंग जिले के बैसाखी में एक समारोह में करीब 20 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और सुरंग को देश को समर्पित करेंगे। इसके बाद वह असम के लिए रवाना हो जाएंगे। 825 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सेला सुरंग परियोजना में दो सुरंगें और 8.780 किमी लंबी सड़क शामिल है। सुरंगों और लिंक सड़कों समेत परियोजना की कुल लंबाई करीब 12 किमी है। दो सुरंगों में से पहली 980 मीटर लंबी सिंगल-ट्यूब सुरंग है। दूसरी 1.5 किमी लंबी है, जिसमें आपात स्थिति के लिए एक एस्केप ट्यूब है। एक अधिकारी ने कहा कि सेला-चारबेला रिज से होकर गुजरने वाली और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से निर्मित यह सुरंग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह सुरंग दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग होगी।



**825 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सेला सुरंग परियोजना में दो सुरंगें और 8.780 किमी लंबी सड़क शामिल**

अधिकारी ने कहा कि असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ने वाली सड़क पर यह सुरंग तवांग क्षेत्र के लिए हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट होने के कारण सेला सुरंग रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इसकी खुदाई 13 हजार 800 फीट सेला दर्रे के नीचे की गई है, जो तवांग जिले को अरुणाचल प्रदेश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। यह अक्सर बर्फबारी और भूस्खलन के कारण बंद रहता है।

# पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में शामिल

**तिरुवनंतपुरम,** 8 मार्च (एजेंसियां)। केरल में तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री ए.के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के बाद अब चार बार के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भी भाजपा में शामिल हो गई हैं, लेकिन प्रदेश कांग्रेस इकाई इससे अप्रभावित नजर आ रही है।

राज्य के विभिन्न कांग्रेस नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि चाहे पद्मजा हों या अनिल उनके जाने से पार्टी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि वे कभी भी जनाधार वाले नेता नहीं थे। केरल कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन ने कहा कि पार्टी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होने वाली है। कोई भी सामान्य पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ नहीं जाएगा। पद्मजा ने उन सभी लाभों का आनंद लिया है जो पार्टी ने उन्हें दिए थे। यह हमारी पार्टी के लिए कोई झटका नहीं है। कोई भी उनके साथ भाजपा में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पद्मजा वेणुगोपाल का पूरा ध्यान रखा गया और उन्हें उससे कहीं अधिक मिला जिसकी वह वास्तव में हकदार थीं। अनिल एंटनी जहाँ कांग्रेस पार्टी के आईटी सेल के प्रभारी थे, वहीं पद्मजा को पार्टी ने तीन बार चुनाव मैदान में उतारा – एक बार 2004 में लोकसभा के लिए और उसके बाद 2016 तथा 2021 में त्रिशूर विधानसभा के लिए। लेकिन वह जीतने में असफल रहीं।



**'कोई असर नहीं' पार्टी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होने वाली है : के. सुधाकरन**

## बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए महागठबंधन के प्रत्याशियों की सूची जारी, कांग्रेस को नहीं मिला स्थान

**पटना,** 8 मार्च (एजेंसियां)। बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों के होने वाले चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे गए हैं। इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार हैं, जबकि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को स्थान नहीं मिला। द्विवार्षिक विधान परिषद 2024 चुनाव के लिए महागठबंधन की ओर से राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची में राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली को प्रत्याशी बनाया गया है। महागठबंधन ने अपना पांचवां प्रत्याशी भाकपा (माले) के शशि यादव को बनाया है। बिहार में विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव होना है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। 21 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा। सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है, उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संजय झा, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा के शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर, रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं।

## भुवन चंद खंडूड़ी के बेटे मनीष खंडूड़ी ने दिया पार्टी से इस्तीफा



**देहरादून,** 8 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस में अभी लोकसभा चुनाव की सीटों पर नाम तक फाइनल नहीं हुए हैं, उससे पहले ही इस्तीफे और त्यागपत्र का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद खंडूड़ी के बेटे और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी के भाई मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा कर दी है। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर गढ़वाल से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल अपना इस्तीफा दे दिया। मनीष खंडूड़ी ने कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। मेरा यह निर्णय बिना किसी व्यक्तिगत हित अथवा अपेक्षा में लिया गया है।

**मल्ला रेड्डी का कांग्रेस में शामिल होने की योजना से इनकार**

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता तथा तेलंगाना के पूर्व मंत्री मल्ला रेड्डी ने शुक्रवार को इन अटकलबाजियों से इनकार किया कि वह पार्टी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

## महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए सरकार उठा रही हर आवश्यक कदम : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद,** 8 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में टीएसआरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर जैसी योजनाएं शुरू की है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रजा पालन (लोगों का शासन) के तहत महिलाओं का प्रतिनिधित्व और भागीदारी बढ़ी है। मुख्यमंत्री की इच्छा है कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समान अवसर और अधिकार मिलें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति के लिए राज्य सरकार जल्द ही स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से नए कार्यक्रम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सहायता के लिए और भी योजनाएं लागू करेगी। इस बीच, राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि हमारी विरासत, संस्कृति और परंपराएं सदियों से महिलाओं को देवी व शक्ति के रूप में पूजती रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने महिला आरक्षण विधेयक 2023 को पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में नारी शक्ति को बढ़ावा मिला।



## महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्राचीन विज्ञान उपचार पर चर्चा की

नई दिल्ली 8 मार्च (एजेंसियां)। महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी जी ने भारत की राष्ट्रपति से मुलाकात की। बातचीत के दौरान, कुमार स्वामीजी ने राष्ट्रपति को दुनिया भर में उनके नेतृत्व में संगठनों द्वारा की गई विभिन्न मानवीय पहलों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से राजस्थान के हनुमान गढ़ में एक बहु-विशिष्ट अस्पताल और हरिद्वार में शिव शक्ति गंगा स्वर्ण मंदिर की आगामी स्थापना पर प्रकाश डाला। स्वामी जी ने राष्ट्रपति से इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करने का विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। स्वामी जी ने राष्ट्रपति का ध्यान अपने संगठन द्वारा तैयार किए गए उल्लेखनीय 'मिरेकल वी वॉश' की ओर भी दिलाया, जिसका उद्देश्य महिला संबंधी बीमारियों को कम करना था। स्त्री देखभाल उत्पादों में मौजूद अनियमित जहरीले रसायन महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं, जिससे संभावित रूप से कैंसर, प्रजनन संबंधी समस्याएं, अस्थमा, एलर्जी और चरम मामलों में सेप्सिस जैसी गंभीर स्थितियां पैदा हो सकती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के आंकड़ों के अनुसार, यूटीआई दुनिया भर में प्रचलित है, 2019 में 404.6 मिलियन से अधिक मामले सामने आए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 236,786 मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ, सीडीसी और एनआईएच जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संगठनों द्वारा मान्यता प्राप्त, यूटीआई सबसे आम बीमारियों में से एक है, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करती है, और अगर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह गुर्दे की विफलता, कैंसर, रक्त संक्रमण और यहां तक कि सेप्सिस तक बढ़ सकती है।



**योगदान** *रेलवे संपत्ति की बेहतर सुरक्षा और संरक्षा के लिए वर्ष 1957 में स्थापित किया गया था*

# अन्य बलों की तुलना में रेलवे सुरक्षा बल में महिला कर्मियों का अनुपात 9 प्रतिशत

**नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। रेलवे में महिला कर्मियों की भागीदारी ठीक ठाक है और वो अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाती भी हैं। आरपीएफ की महिला कर्मियों ने साल 2023 में 206 गर्भवती महिला यात्रियों के प्रसव में सहायता की। इसके साथ ही आरपीएफ की महिला कर्मियों की सतर्क और सक्रिय भूमिका ने 3,973 बच्चियों को बचाने में मदद की।**

आरपीएफ में महिलाकर्मी न केवल सशक्तिकरण का प्रतीक हैं, बल्कि वे यात्रियों की सुरक्षा और भलाई में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भारत में रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसी है। इसे रेलवे संपत्ति की बेहतर सुरक्षा और संरक्षा के लिए वर्ष 1957 में स्थापित किया गया था। इस बल की यात्री सुरक्षा और सुविधा में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। आरपीएफ में अन्य केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तुलना में महिला कर्मियों का अनुपात 9 प्रतिशत है, जो सबसे अधिक है। ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी के लिए तैनात महिला अधिकारियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मानकीकृत बैरक, चेंजिंग रूम और अन्य सुविधाओं का निर्माण कराया गया है। इसी के साथ रेलवे में महिला कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए सभी क्षेत्रों/इकाइयों में महिला नोडल अधिकारियों का नामांकन करना और यह भी सुनिश्चित करना कि उनकी बात सुनी जाए, इसके लिए मेरी सहेली पहल शुरू की गई। इस पहल का मकसद अकेले या नाबालिग बच्चों के साथ लम्बी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करना है। वर्तमान में भारतीय रेलवे में प्रतिदिन औसतन 400 से अधिक ट्रेनों में सेवा प्रदान करने के इस उद्देश्य के लिए 230 टीमों को तैनात किया जा रहा है। इन टीमों ने महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करते हुए, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अनुचित तरीके से यात्रा करने वाले लोगों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साल 2023 के दौरान, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में यात्रा करते हुए 77,839 लोगों को पकड़ा गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। आरपीएफ कर्मियों, विशेष रूप से महिला अधिकारियों ने ट्रेन यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा से गुजर रही गर्भवती महिलाओं की सहायता के लिए अपने कर्तव्य से हटकर भी सहायता प्रदान की। 2023 में ही आरपीएफ की महिला कर्मियों ने 206 प्रसव में सहायता की।



- **इस पहल का मकसद अकेले या नाबालिग बच्चों के साथ लम्बी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करना है**
- **भारतीय रेलवे में प्रतिदिन औसतन 400 से अधिक ट्रेनों में सेवा प्रदान करने के इस उद्देश्य के लिए 230 टीमों को तैनात किया जा रहा है**

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।

डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।

सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं।

# दिल्ली वालों से नफरत करते हैं भाजपा के लोग : केजरीवाल

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल और भगवंत मान ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली में अभियान लॉन्च किया। आम आदमी पार्टी छह राज्यों में चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने नारा दिया है संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्लीवासियों से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं दिल्ली के हर परिवार का बेटा हूं। मैं दिल्ली के लिए अकेला लड़ रहा हूं। आम आदमी पार्टी के सात सांसद होंगे तो वे भी दिल्ली के लिए लड़ेंगे। मुझे दिल्ली और दिल्ली को मेरी जरूरत है। हमने दिल्ली में नौ साल में 30 फ्लाईओवर बनाए, बिजली मुफ्त की। केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा, एलजी दिल्ली वालों से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक तोड़े गए। दिल्ली में योजनाएं बंद कराई जा रही हैं। योगा योजना भी इन्होंने बंद करवा दी। उपराज्यपाल ने फरिश्ते स्किम को बंद कर दिया। ना तो ये लोग खुद कुछ करेंगे और ना ही हमें करने देंगे। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि केंद्र दिल्ली के साथ अन्याय कर रहा है। इन्होंने जलबोर्ड को बर्बाद कर दिया। दिल्ली में हर योजना को रोका जा रहा है। केजरीवाल आपकी लड़ाई अकेले लड़ रहे हैं। पंजाब सीएम ने आगे कहा कि आपके काम रोकने वालों, परेशान करने वालों और विकास को रोकने वालों को पहचाने और उनके गलत कामों की सजा दें। हम आपके परिवार का हमेशा ख्याल रखने वाले हैं। अरविंद केजरीवाल अकेले लड़ रहे हैं लेकिन उनके पास आप सभी हैं और यही हमारी शक्ति है। वो कहते हैं डबल इंजन, हम कहते हैं डबल शक्ति। लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी ने अपने तीन विधायकों सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार व सहीराम को मैदान में उतारा है, जबकि पश्चिमी दिल्ली में कांग्रेस से आप में शामिल हुए महाबल मिश्रा को मौका दिया है। नई दिल्ली सीट पर सोमनाथ, पूर्वी दिल्ली से कुलदीप व दक्षिणी दिल्ली से सहीराम चुनाव लड़ेंगे। ?

■ **राजधानी में योजनाएं बंद कराने का लगाया आरोप**



**उपराज्यपाल ने फरिश्ते स्किम को बंद कर दिया न तो ये लोग खुद कुछ करेंगे और न ही हमें करने देंगे : केजरीवाल**

## सभी महत्वपूर्ण कार्यों को रोक रही केंद्र सरकार

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज आप एक राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। दिल्लीवासियों ने पिछले चुनावों में प्रचंड जीत दिलाकर आप के प्रति अपार प्यार और विश्वास दिखाया है। हम काम की राजनीति में विश्वास करते हैं, नफरत की राजनीति में नहीं। अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिन-रात काम करते हैं, हालांकि, केंद्र सरकार दिल्ली जल बोर्ड जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्यों को रोक रही है।

## 'आप' के नारे पर भाजपा का कटाक्ष बोले, अबकी बार नो नटवरलाल

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने अपना नया नारा जारी कर दिया है। अपने इस नारे में 'आप' ने अरविंद केजरीवाल को केंद्र में रखते हुए नारा दिया है कि संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल।



शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी के इस नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि दिल्ली की जनता ने यह तय कर लिया है, 'अबकी बार नो नटवरलाल।' भाजपा प्रवक्ता ने भ्रष्टाचार, घोटालों और दिल्ली के मोहल्लों में बड़े पैमाने पर शराब के ठेके खोलने सहित कई गंभीर आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि आज दिल्ली की जनता से लेकर कोर्ट तक अरविंद केजरीवाल को खोज रही है, लेकिन, घोटालेबाज केजरीवाल भागते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए दिल्ली की जनता ने नारा दिया है कि दिल्ली को करके बेहाल, बनाकर मनीष सिसोदिया को मालामाल, किधर भागते हो केजरीवाल और साथ ही दिल्ली की जनता ने यह भी तय कर लिया है अबकी बार नो नटवरलाल।

## महाशिवरात्रि पर शिव रथ यात्रा आयोजित



**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि और महिला दिवस एक साथ इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने धूमधाम से मनाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने शिवरथ यात्रा के माध्यम से दिल्ली वासियों को हरिद्वार का निर्मल पवित्र गंगाजल बांटा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर नारायणा विहार पर किया गया। जहां सेवा बस्ती में रहने वाली 108 महिलाओं को महिला दिवस पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, महामंडलेश्वर साध्वी ज्योतिर्मय आनंद सरस्वती, बाल योगी अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज, साध्वी रचना जी महाराज आदि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने 108 महिलाओं को शॉल पहना कर और उपहार देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने सभी अतिथियों को शिव का त्रिशूल देकर सम्मानित किया। डॉ. अरोड़ा ने कहा, इस बार संयोग से महाशिवरात्रि एवं महिला दिवस दोनों एक ही दिन था। हमने तय किया कि दोनों उत्सव मनाए जाएं। इसलिए हमने जहां एक ओर महाशिवरात्रि पर वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार दिल्लीवासियों को पवित्र गंगाजल बांटा, वहीं महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करने के लिए सेवा बस्ती में रहने वाली 108 महिलाओं को सम्मानित किया।

■ **सेवा बस्ती की 108 महिलाओं को किया सम्मानित**

## सार संक्षेप

### देशभर में ई-स्मार्ट क्लिनिक प्रोजेक्ट के विस्तार की शुरुआत

**नई दिल्ली।** आईवीडी उत्पाद बनाने वाली अग्रणी कंपनी लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज, आईआईटी दिल्ली की पहल फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के साथ मिलकर ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर करने को लेकर ई-स्मार्ट क्लिनिक परियोजना का कार्यान्वयन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स राजकोट में इस परियोजना की शुरुआत की थी। इस मौके पर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मानव तेली ने कहा कि मैं इस शानदार ई स्मार्ट क्लिनिक प्रोजेक्ट की शुरुआत को लेकर उन्नत भारत अभियान के साथ हमारे सहयोगात्मक प्रयासों की परिणति को देखकर काफी उत्साहित हूं। आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के राष्ट्रीय समन्वयक विजेंद्र कुमार विजय भी इस पार्टनरशिप को लेकर काफी आशान्वित दिखे. उन्होंने कहा कि लार्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज, उन्नत भारत अभियान और एफआईआईटी के बीच यह साझेदारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के लोकतांत्रिकरण की दिशा में उठाया गया अहम कदम है।

### वॉल्वो कार इंडिया ने एक्ससी40 रिचार्ज का नया वेरिएंट किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** वोल्वो कार इंडिया ने आज एक्ससी40 रिचार्ज का सिंगल मोटर वेरिएंट लॉन्च किया, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत टैक्स सहित 54.95 लाख रुपए है। एक्ससी40 रिचार्ज की बुकिंग विशेष रूप से ऑनलाइन होगी और वोल्वो कार इंडिया वेबसाइट पर की जा सकती है एक्ससी40 रिचार्ज सिंगल मोटर और वाहनों की वर्तमान लाइनअप का उत्पादन होसाकोटे, बेंगलुरु, कर्नाटक में कंपनी की अत्याधुनिक फैक्ट्री में किया जाता है। कार की प्री-बुकिंग आज से शुरू हो रही है। ग्राहक अपनी कार को अपने नजदीकी वॉल्वो कार इंडिया बिजनेस पार्टनर के यहां प्री-बुक कर सकते हैं। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने कहा, वर्ष 2022 में लॉन्च किए गए एक्ससी40 रिचार्ज की भारी सफलता के बाद, हमें इसके सिंगल मोटर वेरिएंट एक्ससी40 रिचार्ज का अनावरण करते हुए खुशी हो रही है।

### अनुराग ठाकुर ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को पद्म भूषण सुधा मूर्ति को राज्यसभा सांसद के रूप में मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई दी।

बेंगलुरु में विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुधा मूर्ति को राज्यसभा सांसद के रूप में मनोनीत किए जाने की खबर ने हमें उत्साहित कर दिया है। इससे बेंगलुरु का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। हमें उनके काम और उपलब्धियों पर भी गर्व है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्हें उच्च सदन के लिए मनोनीत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। अनुराग ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में महिलाओं को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह नारी शक्ति का जश्न मनाने का क्षण है। इसके साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर्स को संबोधित करते हुए पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। यूपीए और एनडीए शासन में हुए विकास के अंतर को मापने के लिए तुलनात्मक आंकड़े भी साझा किए। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों की पॉलिसी पैरालिसिस के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी, आम लोग पीसते चले गए और भ्रष्टाचारियों की संपत्तियां बढ़ती चली गई। यहां जिक्र कर दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने पर बधाई दी।

## नमाजियों पर हिंसा इस्लामोफोबिया की प्रतीक : जमीअत

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने दिल्ली के इंद्रलोक में जुमे की नमाज के दौरान पुलिस अधिकारी की नफरत से भरी कार्रवाई और ठीक नमाज के दौरान लोगों की पिटाई पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर देश की छवि खराब होगी। मौलाना मदनी ने इस संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्री और दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर उक्त पुलिस अधिकारी को सभी जिम्मेदारियों से सेवामुक्त करने की मांग की है। मौलाना मदनी ने कहा कि पुलिस के इस रवैये से पता चलता है कि वह इस्लामोफोबिया की बीमारी से ग्रसित है और साम्प्रदायिक शक्तियों की सोच से प्रभावित है। इसलिए वैचारिक सुधार के साथ उसको अपने काम के प्रति जिम्मेदार होने का प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी है। मौलाना मदनी ने अपने पत्र में गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है कि ऐसी घटनाएं जिनमें कानून का पालन कराने वाले लोग अपराधी की भूमिका निभाते हैं, प्रभावित समुदाय पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इसके साथ ही देश के दुश्मनों को वैश्विक स्तर पर देश की छवि को धूमिल करने का अवसर मिलता है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम यह स्वीकार करते हैं कि कानून-व्यवस्था को बहाल करने के लिए पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, लेकिन धार्मिक मामलों से निपटने में सावधानी बहुत जरूरी है। मौलाना मदनी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं तत्काल आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी करें कि वह सभी नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें, चाहे उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।



## एनएसआईसी में शुरू हुआ गारमेंट प्रौद्योगिकी शो

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के एनएसआईसी में शुक्रवार से गारमेंट प्रौद्योगिकी शो जीटीई 2024 का 35वां संस्करण का शुभारंभ हुआ। जीटीई 2024 में दुनिया भर के 800 से अधिक प्रदर्शक एवं ब्रांड भागीदारी कर रहे हैं। 8 से 11 मार्च के बीच नई दिल्ली के एनएसआईसी प्रदर्शनी परिसर, ओखला में आयोजित जीटीई, दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा परिधान प्रौद्योगिकी एक्सपो है, जो परिधान निर्माण से जुड़ी सभी चीजों को प्रदर्शित करता है। इस प्रदर्शनी के बारे में गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो के संयुक्त प्रबंध निदेशक रिकी साहनी ने कहा कि हमने वर्ष 2001 में जीटीई की शुरूआत की थी। पिछले 23 वर्षों का हमारा सफर अविश्वसनीय रहा है। हमने बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं, और आज हमें भारत में परिधान उद्योग के लिये अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के रूप में मान्यता मिली है।

एक्सपो के निदेशक अंबरीश चोपड़ा ने बताया कि मैं अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों को उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उनकी मांग पर शो का आगामी संस्करण पुराने आयोजन स्थल एनएसआईसी कॉम्प्लेक्स, ओखला में किया गया है।




■ **जीटीई 2024 का 35वां संस्करण**

## शिक्षा जगत की सशक्त महिला कमल रानी टंडन का निधन

**कल कमल पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का होगा आयोजन**

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। शिक्षा जगत की सशक्त महिला, शिक्षाविद और कमल पब्लिक स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्या कमल रानी टंडन का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में जब शिक्षा के नाम पर केवल शून्य था, समाज के कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा के केंद्र स्थापित करना एक बड़ी आवश्यकता थी। उस समय कमल रानी टंडन और उनके परिवार ने कड़ी मेहनत और अपना सर्वस्व न्योछावर कर पश्चिम दिल्ली में अनेक शिक्षण संस्थान स्थापित किए। पश्चिम दिल्ली का प्रथम उच्च शिक्षा संस्थान भी उन्हीं की प्रेरणा से मोहन गार्डन में स्थापित किया गया। उन्हीं की सदप्रेरणा से स्थापित कमल, वंदना, गुरुग्राम, ट्रिनिटी शिक्षा संस्थान समूह दिल्ली-एनसीआर में लगातार शिक्षा तथा संस्कृति और मानवीय मूल्य के प्रचार प्रसार में प्राण-प्रण से संलग्न है। आधी शताब्दी से भी अधिक समय की उनकी साधना का परिणाम है कि आज उनके हजारों पूर्व छात्र देश भर में उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित हैं। जब भी उन्हें अपने किसी छात्र की उपलब्धियां की जानकारी मिलती तो उनकी पूरी आंखों में भी चमक आ जाती थी। स्वयं अधिक से अधिक कष्ट सहकर भी दूसरों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने की उनकी जिजीविषा, कर्मठता, सेवा भावना देव दुर्लभ है। ऐसी विभूति का हमारे बीच से जाना समाज की एक बहुत बड़ी क्षति है।




स्मृति शेष माता कमल रानी टंडन द्वारा प्रदत्त श्रेष्ठ संस्कारों का विस्तार उनके पुत्रों डॉ. वेद टंडन, डॉ. आर के टंडन के अलावा डॉ. राधा घई, डॉ. सीमा बजाज समेत उनके पूरे परिवार में झलकता है जो राष्ट्र समाज की हर महत्वपूर्ण गतिविधि में बढ़-चढकर अपनी भूमिका को निर्वहन करते हैं। उनकी स्मृति को नमन करने के लिए उनके द्वारा प्रशिक्षित छात्रों और शुभचिंतकों की ओर से रविवार दिनांक 10 मार्च को कमल पब्लिक स्कूल, विकासपुरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। डॉ. वेद टंडन ने बताया कि कमल रानी टंडन को श्रद्धांजलि के लिए हर वर्ग की ओर से संवेदना संदेश आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी परमपिता परमात्मा के श्रीचरणों में श्रद्धेय माता कमल रानी टंडन के ओज का एक अंश हम सभी को प्रदान करने की प्रार्थना है।

## मुफ्त शिक्षा से 2030 तक खत्म हो सकता है बाल विवाह : पुरुजीत प्रहराज

**18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने व बाल विवाह में है सीधा संबंध**

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (देशबन्धु)। अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। देश में बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित हो सकने वाला यह अहम निष्कर्ष देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र 'एजुकेट टू इंड चाइल्ड मैरिज एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एज ऐट मैरिज फॉर गर्ल्स इन इंडिया' में उजागर हुआ है। शोधपत्र के अनुसार, भारत बाल विवाह की बुराई के 2030 तक खात्मे की राह में टिपिंग प्वाइंट की तरफ बढ़ रहा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु है जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म हो जाएगा। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी।






## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**04033/04034 नई दिल्ली-शहीद कैप्टन तुषार महाजन-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 04033 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04034 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:10 | --- | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | --- | 20:55 |

**चलने के दिन : 04033 नई दिल्ली से** दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार) और **04034 शहीद कैप्टन तुषार महाजन से** दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (शनिवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
**ठहराव :** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना कैंट, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट और जम्मू तवी स्टेशन

**04075/04076 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | --- | 20:25 |

**चलने के दिन : 04075 नई दिल्ली से** दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (बुधवार, रविवार) और **04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से** दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (वीरवार, सोमवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
**ठहराव :** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04080/04079 दिल्ली जं.-वाराणसी-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 3 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04080 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04079 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | --- |
| 09:45 | --- | वाराणसी | --- | 18:20 |

**चलने के दिन : 04080 दिल्ली जं. से** दिनांक 21.03.2024 से 30.03.2024 तक (सोमवार, वीरवार, शनिवार) और **04079 वाराणसी से** दिनांक 22.03.2024 से 31.03.2024 तक (मंगलवार, शुक्रवार., रविवार)।
**स्थान :** वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान।
**ठहराव :** गाजियाबाद, मुरादाबाद, आलमनगर, लखनऊ और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

**01654/01653 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-वाराणसी-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 01654 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01653 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | --- |
| 23:55 | --- | वाराणसी | --- | 05:30 |

**चलने के दिन : 01654 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से** दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) और **01653 वाराणसी से** दिनांक 26.03.2024 से 02.04.2024 तक (मंगलवार)।
**स्थान :** वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य। **ठहराव :** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ, राय बरेली और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन

**02371/02372 हावड़ा-बनारस-हावड़ा एक्सप्रेस विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 02371 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02372 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:15 | हावड़ा | 12:20 | --- |
| 21:15 | 21:20 | वाराणसी | 23:45 | 23:50 |
| 21:45 | --- | बनारस | --- | 23:05 |

**चलने के दिन : 02371 हावड़ा से** और **02372 बनारस से** दिनांक 23.03.2024 (शनिवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. और वाराणसी स्टेशन।

**04064/04063 दिल्ली जं.-टूण्डला जं.-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:20 | दिल्ली जं. | 22:15 | --- |
| 17:15 | --- | टूण्डला जं. | --- | 17:45 |

**चलने के दिन : 04064 दिल्ली जं. से** और **04063 टूण्डला जं. से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** दिल्ली शाहदरा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, दादरी, खुर्जा, अलीगढ़ और हाथरस स्टेशन।

**04923/04924 सहारनपुर-अंबाला कैंट-सहारनपुर एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04923 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04924 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अंबाला कैंट | --- | 20:22 |

**चलने के दिन : 04923 सहारनपुर से** और **04924 अंबाला कैंट से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** पिलखनी, सरसावा, कलानौर, जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बरारा, तंदवाल, केसरी और दुखेड़ी स्टेशन।

**04051/04052 दिल्ली जं.-पानीपत-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04051 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04052 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | दिल्ली जं. | 15:40 | --- |
| 12:10 | --- | पानीपत | --- | 13:10 |

**चलने के दिन : 04051 दिल्ली जं. से** और **04052 पानीपत से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** सब्जी मंडल, नरेला, सोनीपत और समालखा स्टेशन।

**04249/04250 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04250 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04249 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:25 | वाराणसी | 22:35 | --- |
| 12:25 | --- | लखनऊ | --- | 16:35 |

**चलने के दिन : 04249 वाराणसी जं. से** और **04250 लखनऊ से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, अयोध्या धाम और बाराबंकी स्टेशन।

**04048/04047 नई दिल्ली-आगरा कैंट-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04048 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:20 | नई दिल्ली | 18:45 | --- |
| 11:15 | --- | आगरा कैंट | --- | 14:30 |

**चलने के दिन : 04048 नई दिल्ली से** और **04047 आगरा कैंट से** दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** फरीदाबाद, पलवल और मथुरा स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
पर हमें फॉलो करें
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
755/2024

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"लोगों को यह जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी की अगर वह रैसड्राइविंग करेंगे तो इससे एक्सीडेंट होगा। इसमें उनकी जान तक जा सकती है। पढ़े-लिखे लोग भी रास्ता क्रॉस करने के लिए बीच से घुस जाते। रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2004 में खुद उनका एक्सीडेंट हुआ था और और जो ड्राइवर था उसको कैटरेक्ट था। अगर छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें तो एक्सीडेंट कम हो जाए।

**नितिन गडकरी, सड़क परिवहन और मार्ग मंत्री**

## गांवों में आबादी निस्तारण की प्रक्रिया होगी शुरू, लगाए जाएंगे कैंप

- **आबादी नियमावली 2011 के तहत होगा निस्तारण**
- **किसानों की समस्या समाधान के लिए मंगलवार से शुरू होगा गांव-गांव अभियान**
- **सेटलाइट इमेज की ली जाएगी मदद**

**नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के गांवों में सबसे बड़ी समस्या आबादी निस्तारण की है। अतिक्रमण अभियान के तहत अधिकतर मामलों में प्राधिकरण का दस्ता इसी कारण से वापस लौटता है कि ये आबादी की जमीन है। आबादी की जमीन से आशय ये है कि जिस स्थान पर गांवों में बसावट है। इसे परिसीमन में निर्धारित किया गया है। प्राधिकरण इसका सर्वे कराएगी। किसी गांव में कितनी जमीन आबादी कि है और कितना अतिक्रमण किया गया है। ये सर्वे आबादी नियमावली 2011 के अनुसार किया जाएगा। अभियान गांव-गांव में कैंप लगाकार किया जाएगा।

इसकी एक बड़ी वजह अतिक्रमण के साथ कोर्ट केस भी है। नोएडा में हजारों की संख्या की मामले कोर्ट में सिर्फ आबादी निस्तारण से संबंधित लंबित है। प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि आबादी निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण का भूलेख विभाग गांव गांव अभियान शुरू करने जा रहा है। इसकी शुरूआत बदौली बांगर गांव से मंगलवार से शुरू होगी। जिसमें किसानों का वर्ष 2011 के हिसाब से आबादी का निस्तारण 450 वर्ग मीटर से किया जाएगा। जिसमें किसानों के सभी दस्तावेजों की पड़ताल होगी। जिससे उसकी आबादी का निस्तारण किया जा सके। यह भी देखा जाएगा कि उसकी कितनी जमीन अधिग्रहित हुई है, उसमें कितने खातेदार शामिल रहे। किस-किस को कितना लाभ मिल चुका है। किसका मामला कोर्ट में है और इनको कितना मुआवजा दिया जा चुका है।

हालांकि भारतीय किसान परिषद की ओर से लगातार मांग की जा रही है उनकी आबादी को 450 वर्गमीटर से बढ़ाकार 1000 वर्गमीटर किया जाए। इस मांग के लिए एक हाई लेवल कमेटी बनी है। सर्वे के ये दस्तावेज भी इस हाइलेवल कमेटी के सामने रखे जाएंगे। जिसके बाद तय किया जाएगा कि आबादी को विस्तारित किया जाए या किसानों की मांग जाएज है या नहीं। कई और भी मांग है जिनको प्राधिकरण बोर्ड से अप्रूव कर शासन को भेजा गया है।

**सेटलाइट इमेज की ली जाएगी मदद**

आबादी निस्तारण के लिए प्राधिकरण सेट लाइट इमेज का सहारा लेगी। ये इमेज नियमावली 2011 के तहत कराई गई थी। अब दोबारा से सेट लाइट इमेज ली जा सकती है। ताकि आबादी निस्तारण के समय ली गई सेटलाइट इमेज से नई इमेज का मिलान कराया जा सके। इससे गांव में कहा कहा अतिक्रमण है इसकी पुष्टि हो सकेगी। ये प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो जाएगी।

**गांवों में लगाए जाएंगे कैंप**

1976 में नोएडा को 81 गांवों की जमीन पर बसाया गया था। इन्हीं 81 गांवों में कैंप लगाकार आबादी का निस्तारण किया जाएगा। ओएसडी ने ये भी बताया कि जिन जमीनों का मुआवजा उठा लिया गया है वहां अतिक्रमण न के बराबर है। लेकिन जो जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित है। या जिसका मुआवजा किसानों ने नहीं उठाया वहीं पर अतिक्रमण की समस्या सबसे ज्यादा है। आबादी निस्तारण के दौरान ये स्थिति भी स्पष्ट हो जाएगी।

## 'रोड रक्षक' में शामिल हुए नोएडा के उद्यमी



- **परिवहन और मार्ग मंत्री ने लोगों को किया जागरुक**
- **हर साल देश में दुर्घटना से होती है 80 हजार मौत**

**नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। रोड सेफ्टी को लेकर दिल्ली में आयोजित 'रोड रक्षक' कार्यक्रम में नोएडा के उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और मार्ग मंत्री नितिन गडकरी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी के नियमों का पालन करें। कानून का डर भी लोगों में हो चाहे वह रेड लाइट, है तो तो रुकना चाहिए, आजकल आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस लोग हासिल कर लेते है। उसके लिए नियम कड़े होने चाहिए। उसके लिए हम लोग निक ऑटोमोबाइल सेक्टर और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के साथ काम कर रहा है। नितिन गडकरी ने कहा कि लोगों को यह जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी की अगर वह रैसड्राइविंग करेंगे तो इससे एक्सीडेंट होगा। इसमें उनकी जान तक जा सकती है। पढ़े-लिखे लोग भी रास्ता क्रॉस करने के लिए बीच से घुस जाते। रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि2004 में खुद उनका एक्सीडेंट हुआ था और और जो ड्राइवर था उसको कैटरेक्ट था। अगर छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें तो एक्सीडेंट कम हो जाए। इस दौरान के नोएडा के नेक्सजेन एनर्जिया के एमडी पीयूष दिवेद्वी ने कहा कि लोगों को रोड सेफ्टी के लिए पूरी तरीके से अग्रसर रहना चाहिए। उसके नियमों को पूरी तरह पालन करना चाहिए। उन्होंने नितिन गडकरी को मोमेंटो देकर देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कुछ आंकड़े देते हुए बताया कि भारत में ही हर साल लगभग 80 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं, जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मौतों का 13 प्रतिशत है। दुनियां भर में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हर साल 13.5 लाख लोग मारे जाते हैं। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के 2022 के रोड एक्सीडेंट डाटा के अनुसार भारत में रोज 1263 सड़क दुर्घटनाओं में 462 मौतें होती हैं यानी हर घंटे भारत में 53 सड़क दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मौत होती है। एक अनुमान के मुताबिक 2024 तक ये आंकड़ा और बढ़ गया है यानी करीब 50 मौतें रोज और ज्यादा। इस लिए रोड सेफ्टी बहुत ज्यादा जरुरी है।

## सार संक्षेप

### डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में महिला सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**नोएडा।** नोएडा के डीएलएफ मॉल इंडिया में गुरुवार को नोएडा पुलिस के तत्वावधान में महिला सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर विशेष अतिथि वक्ता डीसीपी प्रीति यादव मौजूद थीं। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों व महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं से जुड़े नियम और कानून के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। इससे हम समाज में एक अच्छे जीवन का निर्वहन करते हुए स्वयं और समाज को सुरक्षित रख सकते हैं। डीसीपी ने कहा कि महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त होने का अधिकार है।

### मूर्छित अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** बिशनपुरा गांव में मूर्छित अवस्था में मिले व्यक्ति की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया का सहारा लेकर मृतक की शिनाख्त कराने का पुलिस प्रयास कर रही है। सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बिशनपुरा गांव में एक व्यक्ति मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान थोड़ी ही देर बात उसकी मौत हो गई। मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान की जा सके। आशंका जताई जा रही है कि मूर्छित मिले व्यक्ति की मौत का कारण शराब का अधिक सेवन है।

### प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर पर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**बुलंदशहर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर पर हरिद्वार से जल लेकर आए कांवड़ियों व क्षेत्र के गांवों से गंगाजल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं के उमड़े जनसैलाब के बीच



मेला कमेटी, समाज सेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव व प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी नवीन कुमार व प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ व ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान की मौजूदगी में व्यवस्था चाकचौबंद रही। शुक्रवार को प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर अनुपशहर बुलंदशहर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से कावड़ में गंगाजल लेकर आए शिवभक्तों द्वारा लाइन में लगकर बम बम भोले के बीच हजारों कांवड़िओं व मलकपुर क्षेत्र से लगे दो दर्जनों से अधिक गांव की महिलाओं व शिवभक्तों ने अनूपशहर से गंगाजल ले जाकर लोटाओं से लाइन में लगकर बारी-बारी से जलाभिषेक किया।

## यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को पकड़ा



**नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। यूपी एसटीएफ ने अन्तरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान रिंकू राठी है और थाना बबेरू जनपद बांदा उत्तर प्रदेश के एक मुकदमे पर उस पर इनात था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि रिंकू राठी ग्रेटरनोएडा में एक शादी समारोह में आने वाला है। ये जानकारी बांदा पुलिस से शेयर की गई। संयुक्त रूप से दोनों टीमों ने रिंकू राठी को दुर्गा टाकीज गोलचक्कर से ग्राम मलकपुर की तरफ जाने वाले रास्ता थाना क्षेत्र सूरजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। रिंकू राठी ने पूछताछ में बताया कि साल 1998 से मेरठ में ट्रांसपोर्ट एजेंसी पर लगभग 8 वर्ष ट्रक चलाया। 2010 में हरिद्वार के इंडस्ट्रियल एरिया में राठी कार्गो ट्रांसपोर्टर्स मूवर्स के नाम से ट्रान्सपोर्ट खोला। इसका साथी मेरठ निवासी अमित भी इसके ट्रान्सपोर्ट पर ड्राइवर का काम करता था। जिसके अवैध शराब व नशे तस्करों से संबंध थे। जिनके साथ मिलकर यह भी अपनी गाड़ियों , ट्रकों में अन्य सामान के साथ साथ शराब व अवैध नशीली दवाइयों को छिपाकर तस्करी करने लगा। जिनके बदले मे इसे अच्छे पैसे मिलने लगे। 2018 में इसका साथी अमित जब ट्रक लेकर गाड़ी में गद्दे भरकर कलकत्ता जा रहा था। रास्ते में अमित ने बरेली से अवैध नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप ट्रक में छिपाकर लाद ली। जिसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया था। अमित के साथ-साथ रिंकू राठी भी जेल गया। 04 माह तक जेल में रहा। जेल से छूटने के बाद इसने मोदीनगर गाजियाबाद में राठी ट्रान्सपोर्ट के नाम से ट्रान्सपोर्ट एजेन्सी खोल ली। हरियाणा के शराब तस्करों के साथ मिलकर हरियाणा व चंडीगढ में बनी अवैध शराब को गुजरात, बिहार, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में भारी मुनाफे में तस्करी करने लगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायुसेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक एवं रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया



**गाजियाबाद,** 8 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक एवं रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहली बार वायु सेना की चार इकाइयों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुनी गई चारों इकाइयों का भारतीय वायुसेना के इतिहास में शानदार योगदान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंची और एयरफोर्स के जवानों ने उन्हें परेड कर सलामी दी। आज गाजियाबाद में हिंडन वायु सेना स्टेशन में आयोजित एक समारोह में 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को 'राष्ट्रपति के मानक' और 11 'बेस रिपेयर डिपो' तथा 509 सिग्नल यूनिट को 'राष्ट्रपति के रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया। वायुसेना की 45 स्क्वाड्रन को 'फ्लाइंग डैगर्स' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 1959 में हुई थी। इस स्क्वाड्रन ने 1960 में पुर्तगाली शासन से गोवा की आजादी के लिए 'ऑपरेशन विजय' में भाग लिया था। वायुसेना की 221 स्क्वाड्रन को 'वैलिएंट्स' के नाम से जाना जाता है। इसकी स्थापना 14 फरवरी 1963 को वैम्पायर विमान से लैस बैरकपुर में की गई थी। इस स्क्वाड्रन के गठन के बमुश्किल दो साल बाद इसे 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी क्षेत्र में तैनात किया गया था, जहां इसने सराहनीय योगदान दिया था। इस मौके पर एयरचीफ मार्शल बीआर चौधरी केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, जतिन प्रसाद चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे।

## शहर की समस्याओं को लेकर डीसीपी से मिला डीडी आरडब्ल्यूए

**नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को डीडी आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने नोएडा के डीसीपी विद्या सागर व एडीसीपी मनीष मिश्रा सेक्टर 6 आफिस में एक बैठक की। डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि शहर में डॉग की समस्या व डॉग बाइट की घटना पर आरडब्लूए व निवासियों के द्वारा विरोध जताने व सही व्यवस्था बनाने को कहने पर नोंकझोंक हो जाती है। इसमें एनजीओ की ओर से सेक्टर वासियों की ओर से प्रताड़ित किया जाता है। सेक्टरों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, शादी समारोह में अवैध रूप से ट्रांसजेंडर द्वारा उगाही की जा रही है। महीने में कम से कम एक बार आरडब्लूए के साथ एसीपी स्तर या थाना स्तर पर मीटिंग की जाए।



शहर में बने वैंडिंग जोन से सड़क पर होने वाली समस्या व सड़क पर गलत तरिके से गाड़िया लगाकर शराब का सेवन की जाती है। इसके अलावा सेक्टरों के पार्कों में अवैध रूप से अवांछित लोगों का बैठने व शराब, गांजा का सेवन करने की स्थिति में पुलिस के द्वारा शाम के समय चैकिंग की जाए। ये मामले सबसे अधिक सेक्टर-30, 36, 53, 56,12 में है।

प्रकाश अस्पताल के पास एक जगह पर एलीवेटिड रोड के ऊपर से उतरते हुए ढलान, अंडर पास के ऊपर से यू टर्न, प्रकाश अस्पताल की तरफ से आने वाले वाहन) एक्सीडेंट प्वाइंट बनने की स्थिति में स्पीड ब्रेकर बनाने की आवश्यकता है। मैट्रो स्टेशन के पास, सीटी सेंटर आदि पर महिला पुलिस की गश्त आदि को बढ़ाया जाए।

## वीके, कश्यप व महापौर समेत श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ में की पूजा अर्चना



**होता रहा भगवान भोले का उद्घोष**



**गाजियाबाद,** 8 मार्च (देशबन्धु)। महा पूरे देश के साथ-साथ दिल्ली से सटे गाजियाबाद में भी महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर में रात से ही श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए तांता लग गया। लंबी-लंबी लाइन लग गई और अपनी बारी के लिए लोगों को घंटे का इंतजार करना पड़ा। खास बात यह रही केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप व महापौर सुनीता दयाल भी दूधेश्वर नाथ मंदिर में पहुंची और पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने मंदिर के महंत नारायण गिरी से आशीर्वाद भी लिया आपको बता दें कि महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी दूधेश्वर नाथ मंदिर में अन्य शिव मंदिर हो पर पूजा अर्चना की विशेष व्यवस्था की गई थी ।

साथ ही कड़े सुरक्षा बंदोबस्त भी किए गए थे। दूधेश्वर नाथ मंदिर में के बाहर श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। जिसमें रात से ही श्रद्धालु मंदिर के बाहर पहुंच गए थे और लंबी-लंबी लाइन लग गई थी। श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना का कार्यक्रम रात भर चलता रहा इस दौरान मौके पर कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे साथ ही मार्गो का भी डायवरजन किया गया था।

## शिवालयों में लग रहे बम भोले के जयकारे

- **सुबह से लगी कतार, श्रद्धालु कर रहे जलाभिषेक, बेरिकेड और सुरक्षा के कड़े इंतजाम**





**नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सुबह से ही मंदिरों के बाहर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने और जलाभिषेक करने के लिए लंबी-लंबी कतारे लगी रही। सेक्टर और ग्रामीण इलाकों में शिव मंदिरों पर लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिख रहे है। इस मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवक और बुजुर्ग हर कोई भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने का प्रयास करता दिखा। नोएडा में सर्फाबाद स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है। देरात तक लोग भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक कर सकते है। इसके अलावा सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना की। यहां भक्त लाइन में आए इसलिए बेरिकेड भी लगाई गई है। इसके अलावा मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। जिनकी मॉनिटरिंग की जा रही थी।

सिद्ध पीठ साई शनि मंदिर के महंत ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव के पूजन का सबसे बड़ा पर्व है। इस मौके पर मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। छालेरा गांव सेक्टर-44 में प्राचीन शिव मंदिर और बाबा बालक नाथ आश्रम है। यहां महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी रही। नोएडा में भूढ़ा महादेव, मोरना और निठारी के शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूसरी ओर व्यवस्था बनाए रखने के लिए नोएडा पुलिस ने भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के मंदिरों पर फोर्स तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी बुजुर्गों और महिलाओं की मदद कर रहे हैं। इसके अलावा सेक्टर-20 हनुमान मंदिर, सेक्टर-49 शिव पार्वती मंदिर, सलारपुर मंदिर के अलरवा सरफाबाद मंदिर में भक्तो की भीड़ रही।

## विश्व परिवर्तन की आधारशिला, शिव की शक्ति है नारी



**आध्यात्मिकता देता है सकारात्मक ऊर्जा : डॉ. उषा किरण**

**गाजियाबाद,** 8 मार्च (देशबन्धु)। आशियाना पाम कोर्ट क्लब हाउस में महाशिवरात्रि तथा नारी सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें शिक्षिका, समाजसेवी, मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड 2011 की विश्व विजेता तथा सी एस दिशा फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन उदिता त्यागी ने कहा कि आंतरिक शक्ति को जागृत किए बिना सामाजिक चेतना व सामाजिक बोध जागृत नहीं हो सकता। स्वयं को स्वीकार करना, किसी भी परिस्थिति में हार न मानना तथा प्रसन्नचित्त रहना यह तीन बातें सदा स्मृति में रखना है। आध्यात्मिकता से यह सहजता से संभव है। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी लता ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कालचक्र में अभी यह महा परिवर्तन की बेला है। स्वयंभू ज्योति स्वरूप, परम पिता, परमात्मा शिव जो सत्य हैं, अविनाशी हैं, अजन्मा हैं, सर्व गुणों में परिपूर्ण हैं, अनन्त हैं, उनकी तुलना किसी से नहीं कर सकते। उनका नाम 'शिव' गुणवाचक, कर्तव्य वाचक है। हम आत्माओं को आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा जीवन को नई और सही दिशा देने के लिए अवतरित हो चुके हैं। उनके अवतरण का यादगार हम महाशिवरात्रि के रूप में मनाते हैं। एम्स की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उषा किरण ने अपने 55 वर्षों के ब्रह्माकुमारीज के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान को अपनाने तथा राजयोग से होने वाले परिवर्तन से किसी भी परिस्थिति को चुनौती रूप से स्वीकार कर विजयी बनना, एकाग्रता तथा याददाश्त को बढ़ाना एवं आत्म सम्मान पैदा करना सहज हो जाता है। ब्रह्माकुमारीज में प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान हमारे में आंतरिक परिवर्तन लाता है, दिव्य गुणों के विकास से तथा राजयोग के नियमित अभ्यास से सशक्तिकरण हमारे आचार, विचार और व्यवहार में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। राजयोग के नियमित अभ्यास से हम अनेक गंभीर बीमारियों के प्रभाव से भी मुक्त हो सकते हैं और हमारे शरीर की प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ जाती है।

स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका, ब्रह्माकुमारी लवली ने राजयोग की गुह्यता को स्पष्ट शब्दों में बताते हुए सरलता से अनुभूति कराई। उन्होंने कहा कि राजयोग का निरंतर अभ्यास हमारे जीवन में शांति, शक्ति, स्थिरता, प्रेम, आनंद की भरपूरता लाता है।

स्थानीय पूर्व भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान जीवन में शालीनता, सहजता, निर्भयता, सत्यता एवं कर्मठता लाता है। मैंने पाया कि राजयोग का थोड़ा भी अभ्यास मन के विचारों को सकारात्मकता, बुद्धि को दिव्यता तथा संस्कारों को शुद्धता देता है। बी के रमेश भाई ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। बी के विजय भाई ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर 400 से अधिक श्रोताओं ने कार्यक्रम का लाभ लिया। दिल्ली से इन्सपिरेशन डान्स स्टूडियो के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

**पिछले नौ साल से चली आ रही बाधा होगी दूर**

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास कल करेंगे वीके सिंह व राजीव शुक्ला



**गाजियाबाद,** 8 मार्च (देशबन्धु)। पिछले कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिछले नौ साल से चली आ रही बाधा दूर हो गई। गाजियाबाद में प्रस्तावित बकायदा क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास की तिथि तय हो गई है। 10 मार्च को केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह व राज्यसभा सांसद व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड केउपाध्यक्ष राजीव शुक्ला राजनगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे।

गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टेडियम के निर्माण में हाईटेंशन लाइन तथा एफएआर अड़चन आरही थीं। दोनों अड़चन अब दूर हो गई हैं।

मिश्रा ने बताया कि स्टेडियम में 55 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। प्रथम चरण के दौरान चार सौ करोड़ तथा द्वितीय चरण के दौरान 50 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। चारदीवारी निर्माण आदि के लिए साइट पर टेंडर अपलोड कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अगले दो साल अर्थात साल 2026 तक स्टेडियम के निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की लागत में करीब 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। अर्थात शुरूआत में जहां निर्माण लागत साढे तीन सौ करोड़ आ रही थी, वहबढ़कर साढ़े चार सौ करोड़ पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के आरंभ होने से लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। गाजियाबाद का नाम विश्व पटल पर आएगा।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

दानिश पुत्र परवेज हयात निवासी सुपरटेक इको विलेज- प्रथम ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्ष 2023 में उन्होंने एमबीबीएस में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा दी थी। उसके बाद निखिल निरंजन और बिष्ट नामक दो लोगों ने उनसे संपर्क किया, तथा कहा कि वह उनका दाखिला महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी जनपद सोनम हिमाचल प्रदेश में रेस्पिरेटरी की सीट पर करवा देंगे।
**अरविंद कुमार, बिसरख थाना प्रभारी निरीक्षक**

# ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क में 'पुष्पोत्सव 2024' का आगाज



- दादरी विधायक तेजपाल नागर ने किया शुभारंभ
- विधायक ने की ग्रेटर नोएडा के हरियाली की सराहना
- आने वाली पीढ़ी के लिए भविष्य संजोने का संदेश दे रहे पुष्प : एसीईओ
- तीन दिन चलेगा, थीम पुष्प डहेलिया, रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में 'पुष्पोत्सव 2024' का शुक्रवार को आगाज हो गया है। दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग और फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की टीम की मौजूदगी में पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी शहर की सुंदरता वहां की हरियाली, पार्कों की स्थिति व फूल-पौधों से होती है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा एनसीआर के सभी शहरों में सबसे आगे है। विधायक ने ग्रेटर नोएडा को हरा-भरा शहर बनाए रखने के लिए प्राधिकरण की सराहना भी की। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि पुष्प हमारे आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संजोने का संदेश देते हैं। प्राधिकरण व फ्लोरीकल्चर सोसायटी की तरफ से दादरी विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर आयोजित हो रही यह पुष्प प्रदर्शनी 10 मार्च तक चलेगी।





इसमें फूलों की सैकड़ो प्रजातियां देखने को मिल रहीं हैं। पहला दिन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पुष्प उत्सव का आनंद लेने पहुंचे। इस बार डहेलिया को थीम पुष्प बनाया गया है। पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की खेती, विशेषज्ञों से तैयार पुष्प डिजाइन, लैंड स्केपिंग, गमलों एवं स्पॉट गार्डन की सजावट आदि देखने लायक है। तीनों दिन तक लाइव गीत-संगीत और नृत्य-कला के कार्यक्रम हो रहे हैं। स्कूली छात्रों और आम नागरिकों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताएं भी हो रही है। 'पुष्पोत्सव 2024' के अंतिम दिन 10 मार्च को विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर प्राधिकरण की ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक नथोली सिंह वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल आदि अधिकारी गण व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। शहीद विजय विजय सिंह पथिक स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में गुर्जर विरासत और संकल्प के अंतर्गत जश्न खेल का आयोजन 30 और 31 मार्च को हो रहा है, इसमें 19 से ज्यादा खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, कुश्ती, खो खो, भाला फेंक, दौड़, स्केटिंग, ऊंची कूद ऊंची, रस्सी खींच, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी व 5 किलोमीटर वॉकिंग और बहुत से खेलों को शामिल हैं। प्रतियोगिता को तीन श्रेणी में विभाजित किया गया है, जिसमें अंडर-14, अंडर-18 व ओपेन श्रेणी शामिल है। खेल का आयोजन गुर्जर इंटरनेशनल ट्रेड आर्गनाइजेशन, भारतीय टीचर्स एसोसिएशन के साथ एकेटीयू स्टूडेंट एसोसिएशन भी सह आयोजक के रूप में कार्य कर रहा है।



- प्रतियोगिता में 19 खेलों को किया गया है शामिल, पूरे देश से प्रतिभागी हो रहे हैं शामिल

की तरफ से युवाओं को सशक्त करने के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें युवाओं में छिपी हुई प्रतिभाओं को एक प्लेटफॉर्म देकर अच्छे-अच्छे कोचों के साथ उनको राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि उचित मार्गदर्शन की कमी से प्रतिभाओं का दमन न हो सके। पवन भड़ाना ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का खेल चैंपियनशिप होगा, जिसमें किसी भी उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस दौरान आयोजक टीम से ब्रह्मसिंह पोस्टमास्टर, ओलंपियन कैप्टेन अमरीश अधाना, गीता नागर, चौधरी रजनीश गुर्जर, नरेंद्र नागर, संजय भाटी, नितिन नागर, अरुण भाटी, मनोज नागर, ललिता चौधरी, कपिल भाटी, नीरज पंवार, अंकित लोहिया व पवन भड़ाना मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर फैशन शो 'पनाश' में डिजाइन परिधान का हुआ प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्षिक फैशन शो 'पनाश 2024' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अतिथि और ज्यूरी के रूप में लाइफस्टाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नॉर्थ जोन के विजुअल मर्चेंडाइजिंग-हेड कौशिक शील, अनुभवी फैशन डिजाइनर अभिषेक कुमार, प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फैशन स्टाइलिस्ट और इमेज सलाहकार नेहा वासदेव, दा मिलानो लेदर्स में विजुअल मर्चेंडाइजर मैनेजर रविका चड्ढ़ा, फैशन आध्या शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा कैंपस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय राणा ने पनाश पत्रिका के उद्घाटन अंक का अनावरण के साथ किया। पनाश एमिटी स्कूल ऑफ फैशन एंड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में किया जाने वाला वार्षिक फैशन शो है। कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक लावनी नृत्य से हुई, उसके बाद बॉल रूम डांस और पितृसत्ता की पेचीदगियों को दर्शाता एक नाटक आयोजित हुआ। छात्र डिजाइनरों ने टॉप्सी टर्वी, टॉनिक क्लोनिक, स्टिचरी, एनचांटेड बॉटनिकल सिम्फनी, हस्तनिर्मित और एक्लिप्स्ड एलिगेंस नामक कलेक्शन को लॉन्च किया। कार्यक्रम के अंत में छोटे बच्चों द्वारा रैंप वॉक किया गया, जिसमें अपनी खूबसूरती से सब का मन मोह लिया। फैशन शो के सर्वश्रेष्ठ डिजाइन पोर्टफोलियो का पुरस्कार राहुल और हरप्रीत को उनके कलेक्शन टॉप्सी टर्वी को दिया गया।





वहीं सबसे व्यवसायिक रूप से अनुकूल संग्रह का पुरस्कार रवि और रुशिता को उनके कलेक्शन हस्तनीर्मित को दिया गया और सर्वश्रेष्ठ डिजाइन संग्रह का पुरस्कार शाहवेज और आयरिश को उनके कलेक्शन एक्लिप्स्ड एलिगेंस को दिया गया। संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय राणा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने छात्रों पर काफी गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि एमिटी हमेशा रचनात्मकता और नवीनता का प्रतीक रही है।

# विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया विश्व महिला दिवस। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे म्यूजिकल चेयर, सोलो डांस, ग्रुप डांस, सिंगिंग और रेस का आयोजन किया गया। इसमें महिला स्टाफ ने बढ़चढ़कर भाग लिया। विश्वविद्यालय के चांसलर पी.के. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिला दिवस समाज में महिलाओं के योगदान उपलब्धियों का मान्यता देने के अवसर के रूप में मनाया जाता है लेकिन इसका असली सार प्रतिदिन महिलाओं के योगदान को स्वीकार करने में निहित है।



सामाजिक प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला के रूप में महिलाओं के सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण बताया। डायरेक्टर पीआर ने कहा कि हमें महिला और पुरुषों के मध्य भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि हम सब इंसान हैं और हमें इंसान बनने की जरूरत है। महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पुरुष शिक्षित होता है तो सिर्फ एक पीढ़ी को शिक्षित कर सकता है लेकिन एक महिला शिक्षित होती है तो वो कई पीढ़ियों को शिक्षित कर देती है। महिलाओं को पुरुषों की सहानुभूति नहीं बल्कि संवेदनाएं चाहिए।

# फेम फिएस्टा में महिलाओं को समाज में मिलने वाली चुनौतियों पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर प्रीति यादव, एडीसीपी महिला सुरक्षा और यातायात, गौतम बुद्ध नगर, दिशा अग्रवाल, संस्थापक, क्रिएटिव एली, सुमति रैंडीओ, निदेशक, दानहेर कॉरपोरेशन, भुवनेश्वरी पाठक, एओआर, सुप्रीम कोर्ट और अभिनेत्री शिवांगी पेसवानी जैसे प्रतिष्ठित महिला अतिथियो को आमंत्रित किया गया था। उद्घाटन समारोह के बाद, डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी, सीएसओ और समूह निदेशक, लॉयड बिजनेस स्कूल ने दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया गया है कि अतीत में महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार किया गया है और वे किस दौर से गुजरी हैं। उन्होंने इंद्रा नूई का उदाहरण भी उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया था कि महिलाओं में सभी कार्यों को करने में पूर्णतावाद की अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। उसे सभी भूमिकाओं में मजबूत या विनम्र होने का चयन करने में द्वंद्व का सामना करना पड़ता है। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को कमजोर लिंग न मानते हुए अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने की बात कहीं, जिससे हमारे जीवन में उन पुरुषों की सराहना की जा सके जो एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाते हैं जहां महिलाएं काम कर सकती हैं।



महिलाओं की अंतर्निहित क्षमताओं को बताते हुए अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया। प्रीति यादव, एडीसीपी महिला सुरक्षा और यातायात ने तब दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि न केवल अपने परिवार में बल्कि हमारे परिवार के बाहर भी महिलाओं में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे हमारे देश के विकास में सहायता मिले। डॉ. वंदना अरोरा सेठी द्वारा 'फायरब्रांड ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया गया। सुमति रांदेओ, निदेशक, दानहेर कॉरपोरेशन को 'क्रूसेडर ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया गया।

# घर में बिना बताए किशोर हुआ लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर से एक 15 वर्षीय बच्चा लापता हो गया है। लापता बच्चों के पिता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि राजू पुत्र दवा सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कस्बा सूरजपुर में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनका 15 वर्षीय बेटा लकी 1 मार्च से घर से लापता है। पीड़ित के अनुसार वह अलमारी में रखें 2 हजार रुपए भी अपने साथ ले गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपने बच्चों को अपने रिश्तेदारी और परिचितों के यहां ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**जेवर,** 8 मार्च (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर के समीप जट्टारी रोड से पुलिस ने एक आरोपित को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को जहांगीरपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवप्रतात सिंह व उपनिरीक्षक ओमप्रकाश निषाद मयपुलिस बल के गस्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर जट्टारी रोड स्थित ईट भट्टा के समीप से एक व्यक्ति को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम जहांगीरपुर के मोहल्ला व्यापारियान का रहने वाला परवेज बताया। उन्होंने बताया कि परवेज अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ कोतवाली में मारपीट बलवा आदि के तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। सरकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान के मानसिक रोग विभाग के प्रमुख डॉ. किरन जाखड़, मनोचिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. निधि दीक्षित, और क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक विजेयता चौहान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत, उन्होंने प्री मेंस्ट्रूअल सिंड्रोम (पीएमएस) और प्री मेंस्ट्रूअल डिसफोरिक डिसऑर्डर (पीएमडीडी) जैसे महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। इन स्थितियों के प्रकोप महिलाओं के दिनचर्या, रूचि और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, जिससे उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन प्रभावित होता है। इस अभियान के माध्यम से डॉ. जाखड़, डॉ. दीक्षित, और चौहान ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने और समाज को इस विषय पर जागरूक किया। उन्होंने प्री मेंस्ट्रूअल सिंड्रोम और प्री मेंस्ट्रूअल डिसफोरिक डिसऑर्डर के लक्षण, कारण, और उपचार के बारे में जानकारी दी।



- महिलाओं में पीएमएस व पीएमडीडी की वजह से महिलाओं की रुचि व कार्यक्षमता होती है प्रभावित

# मारपीट के मामले में सोलह के खिलाफ मुकदमा दर्ज मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गोर सिटी-दो में स्थित पटना मेडिकल स्टोर के मालिक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बिसरख के पुलिस ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालके ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी के साथ आए 10-15 लोगों ने उनकी दुकान में घुसकर उनके उनकी पत्नी और भतीजे के साथ मारपीट की। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीर के माध्यम से अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, कई हुए घायल

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। लखनावली गांव में आधा दर्जन से अधिक लोगों में मारपीट के साथ पथराव हुआ, जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की तरफ से इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि 7 मार्च को उपनिरीक्षक राकेश शर्मा को सूचना मिली कि गांव लखनावली में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो रही है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर जान से मारने की नीयत से ईट, पत्थर से प्रहार कर रहे हैं। जिसमें महेश, विकास, गजेंद्र, राहुल, मुन्नीलाल, विकास, सचिन को गंभीर चोट आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि घायलों में कुछ की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# शिवालय व मंदिरों गूंजे हर-हर महादेव के उद्घोष

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मार्च (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि पर शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, लोगों ने भगवान शिव का अभिषेक कर अपने परिवार के लिए मंगल कामना की। अल्फा-एक, अल्फा-दो सेक्टर के शिव मंदिर, बीटा के वैभव लक्ष्मी मंदिर, गामा सेक्टर गौरी शंकर मंदिर, सिटी पार्क के वैष्णों देवी, श्री साई अक्षरधाम मन्दिर, डेल्टा-3 सहित विभिन्न मंदिरों में भोले बाबा के दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। दर्शन के लिए लोग परिवार के साथ पहुंचे। भक्तों ने दूध, बेलपत्र, फल, बेल, शहद, बेर, घी, दही, फूल आदि चढ़ाया। बीच-बीच में भोले बाबा की जयघोष के नारे गूंजे। भक्तों ने दूध, गंगाजल, शहद से बाबा का जलाभिषेक किया। अल्फा-दो स्थित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान संस्थान, विश्व कल्याण यज्ञ अनुष्ठान संस्थान में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तगण पंक्ति में लगकर अभिषेक किया। इस दौरान पं. सम्पूर्णानन्द मिश्र ने बताया कि सुबह से शाम तक मंदिर में बम भोले की जयकार कर भक्तों ने जल चढ़ाया। महाशिवरात्रि का पर्व पर भगवान शिव की आराधना की जाती है, भगवान शिव की कृपा से ही सभी का उद्धार हो सकता है। महाशिवरात्रि का व्रत रखने वाली महिलाओं की मनोकामनाएं पूरी हो जा जाती है। गौरीशंकर मंदिर सेक्टर गामा-एक में भक्तों की भारी भीड़ रही, इस दौरान लोगों ने लाइन में लगकर पूजन अर्चन किया। भक्तों के सहयोग में पंडित साधु शरण त्रिपाठी, दीपांशु शुक्ला, सीताराम, विशाल मानी, कौसल किशोर पाण्डेय लगे रहे। महर्षि पाणिनि वेद-वेदाङ्ग विद्यापीठ गुरुकुल ग्रेटर नोएडा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया किया गया, पंडित रविकांत दीक्षित ने बताया कि रात्रि के चारों प्रहर पर वैदिक आचार्यों एवं बटुकों द्वारा रात्रि में चारों प्रहर की विशेष पूजा का आयोजन किया गया। वहीं वैष्णो देवी मंदिर में भक्तों ने पूरे दिन पूजन अर्चन किया। पंडित रामदेव द्विवेदी ने बताया कि भगवान शिव की आराधना करने से उनकी कृपा मिलेगी।

- महाशिवरात्रि पर पंक्ति में लगकर भक्तों ने भगवान शिव का पूजन व जलाभिषेक




उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस सं:- सर्जरी आइटम-82244980 दिनांक: 08.03.2024
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82244980 | स्पाइन फिक्सेशन सेट जिसमें स्पाइन+02 रॉड के लिए 4 हाइड्रॉक्सीपैटिटी स्क्रू शामिल हैं | 40 | 05.04.2024 |

निविदा शर्ते:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 736/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT -46 | कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता शामली के अनुभाग में LHS संख्या 118, 122, 123, 133, 137, 145 व अन्य पर वाटर प्रूफिंग द्वारा ड्रेनेज सिस्टम में सुधार और अन्य संबंध सिविल कार्य। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- 44892487.41 बयाना राशि (रुपये): 374500.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 19.03.2024 से 02.04.2024 at 15:00 Hrs. |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 02.04.2024 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
सं NIT-46-23-24-W-2 दिनांक : 07.03.2024 744/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अभिमत

*जब हम 'हुड के नीचे' देखते हैं तो एक तीसरा पहलू सामने आता है जो उद्योग और कृषि क्षेत्रों का प्रदर्शन का होता है। जीडीपी को खर्च पक्ष (यानी खपत, निवेश, शुद्ध निर्यात और सरकार) से मापा जा सकता है या इसे उत्पादन पक्ष (यानी कृषि, उद्योग और सेवाओं) से मापा जा सकता है। जब हम बाद की ओर यानी उत्पादन पक्ष की ओर से देखते हैं तो दिसंबर तिमाही के लिए कृषि विकास शून्य से नीचे गिर गया है। इस नकारात्मक संख्या को आधार प्रभाव के रूप में समझाया गया है क्योंकि तिमाही आंकड़ों में एक साल पहले इसी आंकड़े में वृद्धि हुई है।*

## जीडीपी डेटा को त्रिभुजाकार करना ज़रूरी



डॉ.अजीत रानाडे

दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। यह दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। महामारी के बाद लगातार तीन साल तक अर्थव्यवस्था का अपेक्षाकृत स्वस्थ गति से बढ़ना बेहद खुशी की बात है। यह उत्साहित करने वाली बात है और शेयर बाजारों ने भी इस पर शानदार प्रतिक्रिया दी। शेयर बाजार सूचकांक नए शिखर छू रहा है जो निवेशकों के आशावाद को दर्शाता है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 15 अरब डॉलर के निवेश की स्थापना के लिए अनुमोदन जैसी कई घोषणाएं अर्थव्यवस्था के लिए एक उज्ज्वल नज़रिए के साथ उत्साह और विश्वास की बात करती हैं।

दिसंबर की तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि के महत्व को समझने के लिए 'हुड के नीचे' जाना महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से इसलिए है क्योंकि इस तरह की उच्च वृद्धि की खबर ने सभी उम्मीदों को बड़े अंतर से हरा दिया। उदाहरण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियमित रूप से आयोजित मेक्रो-इकॉनॉमिक संकेतकों पर पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं के सर्वेक्षण ने मार्च में समाप्त होने वाले इस वर्ष के लिए हाल ही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6 से 6.9 प्रतिशत के बीच होने की भविष्यवाणी की थी। दिसंबर तिमाही के लिए वास्तविक संख्या वार्षिक पूर्वानुमान की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत अधिक है। बेशक, पूर्वानुमानकर्ता कई बार गलत हो जाते हैं लेकिन इतने बड़े अंतर से नहीं। ये पूर्वानुमानकर्ता हर समय उच्च आवृत्ति डेटा के आधार पर अर्थव्यवस्था पर नज़र रख रहे हैं।

दूसरी पहेली जीडीपी वृद्धि दर और इसी तिमाही के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के बीच अंतर है। उत्तरार्द्ध उत्पादित और बेची गई वस्तुओं और सेवाओं के वास्तविक मूल्य का सही माप देता है। दुनिया भर में यह आर्थिक स्वास्थ्य का पसंदीदा संकेतक है। जीडीपी और जीवीए के बीच का अंतर आम तौर पर मामूली होता है तथा करों को घटाने के बाद सब्सिडी के शुद्ध प्रभाव को दर्शाता है। अप्रत्यक्ष कर संग्रह से जीडीपी में वृद्धि होती है जबकि सब्सिडी से जीडीपी कम होती है।

ये दोनों ज्यादातर एक-दूसरे को संतुलित करते हैं। दिसंबर तिमाही के लिए जीवीए वृद्धि केवल 6.5 प्रतिशत है जो जीडीपी वृद्धि से लगभग दो प्रतिशत कम है। यह अंतर पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। यह सब्सिडी आउटगो में भारी गिरावट (50 प्रतिशत से अधिक) व अप्रत्यक्ष कर संग्रह में बड़ी वृद्धि के कारण हुआ है। यह समझने के लिए हमें गहराई से जांच करने की आवश्यकता है कि क्या ये एक ऑफ स्पाइक्स (सकारात्मक और नकारात्मक दोनों) हैं या क्या ऐसी अस्थिरता जारी रहेगी। पिछली तीन तिमाहियों में जीवीए ग्रोथ 8.2 फीसदी से घटकर अब 6.5 फीसदी पर आ गई है। चूंकि 2023-24 के लिए कुल विकास दर लगभग 7.3 या 7.5 प्रतिशत है इसका मतलब है कि अप्रैल में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि दर 6 प्रश से कम होने की संभावना है। यह डेटा मई के अंत तक ही जारी किया जाता है।

जीडीपी और जीवीए विचलन के अलावा एक और पहेली उपभोग व्यय की वृद्धि दर है। यह सकल घरेलू उत्पाद का 55 प्रतिशत से अधिक है और इसका बड़ा हिस्सा बनता है। यह केवल 3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है तथा कई साल के निचले स्तर पर है। उपभोक्ता खर्च की बड़ी मदद के बिना उच्च विकास को बनाए नहीं रखा जा सकता है। यह बदले में उपभोक्ताओं की भावना, उनके वर्तमान खर्च और भविष्य के खर्च के लिए उनकी योजना (जैसे फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, फर्नीचर, पर्यटन यात्रा, आदि) पर निर्भर करता है। उपभोक्ता भविष्य के बारे में आशावादी तभी होते हैं जब उनकी नौकरी की संभावनाएं उज्ज्वल होती हैं। उच्च बेरोजगारी दर, विशेष रूप से कॉलेज शिक्षित युवाओं के बीच उपभोग खर्च को हतोत्साहित कर सकती है।

घरेलू उपभोग सर्वेक्षण पर हाल ही में जारी पत्रक खपत पर मासिक खर्च का एक बारीक नजरिया देता है। यह सर्वेक्षण 11 वर्षों के अंतराल के बाद आया है व इस अवधि में औसतन वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में 164 फीसदी और शहरी क्षेत्रों में 146 फीसदी रही है। ये संख्याएं नाममात्र के संदर्भ में हैं यानी वे मुद्रास्फीति समायोजन के लिए जवाबदेह नहीं हैं। सर्वेक्षण के अनुसार मुद्रास्फीति के हिसाब से समायोजित किया जाए तो 11 वर्षों की अवधि में उपभोग में वास्तविक वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 40 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों के लिए 34 प्रतिशत आंकी गई है। इस प्रकार नेशनल सैम्पल सर्वे (एनएसएस) पर आधारित उपभोग वृद्धि लंबी अवधि में मुश्किल से 3.5 प्रतिशत है। बेशक, उपभोक्ता खर्च के बीच यह जानी-मानी विसंगति रही है जैसा कि एनएसएस द्वारा खुलासा किया गया है और जैसा कि केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह अंतर अभी भी बहुत व्यापक है। लेकिन इस डेटा को इन दो लेंसों से देखना महत्वपूर्ण है तथा कुछ स्थिरता प्राप्त करने का प्रयास करें और माप में यदि कोई दोष हो तो उन दोषों को दूर किया जाना चाहिए। तथ्य यह है कि उच्च जीडीपी वृद्धि और कम खपत खर्च वृद्धि सुसंगत नहीं लगती है।

जब हम 'हुड के नीचे' देखते हैं तो एक तीसरा पहलू सामने आता है जो उद्योग और कृषि क्षेत्रों का प्रदर्शन का होता है। जीडीपी को खर्च पक्ष (यानी खपत, निवेश, शुद्ध निर्यात और सरकार) से मापा जा सकता है या इसे उत्पादन पक्ष (यानी कृषि, उद्योग और सेवाओं) से मापा जा सकता है। जब हम बाद की ओर यानी उत्पादन पक्ष की ओर से देखते हैं तो दिसंबर तिमाही के लिए कृषि विकास शून्य से नीचे गिर गया है। इस नकारात्मक संख्या को आधार प्रभाव के रूप में समझाया गया है क्योंकि तिमाही आंकड़ों में एक साल पहले इसी आंकड़े में वृद्धि हुई है। चूंकि दिसंबर 2022 तिमाही के लिए वह संख्या 5 प्रतिशत से अधिक थी और 'उच्च आधार' की थी इसलिए वर्तमान संख्या नकारात्मक है। जो भी हो नवीनतम अनुमानों के अनुसार इस साल जीडीपी वृद्धि में कृषि का समग्र योगदान 1 प्रतिशत से नीचे होगा। यह विभिन्न कारणों से चिंताजनक है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका और आय के लिए इसका क्या अर्थ है। औद्योगिक विकास दर 11 प्रतिशत है जिसका 'आधार प्रभाव' एक साल पहले महज 0.6 प्रतिशत था।

अंत में, पहेली का एक और हिस्सा नाममात्र व वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बीच का अंतर है। यह मुद्रास्फीति के कारण है और राष्ट्रीय स्तर पर सुधार जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) द्वारा किया जाता है। यह आंकड़ा केवल 1.6 प्रतिशत बताया गया है जो लगभग कोई मुद्रास्फीति नहीं दर्शाता है, लेकिन निश्चित रूप से यह वास्तविकता से कम एक सकल अनुमान है। अगर जीडीपी ग्रोथ 8.4 फीसदी है तो नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ कम से कम 12 या 13 फीसदी रहने की उम्मीद होनी चाहिए। यह एक साल पहले की तुलना में दिसंबर तिमाही में केवल 10 प्रतिशत अधिक थी। जीडीपी अपस्फीतिकारक बहुत कम है।

चाहे वह जीडीपी और जीवीए विकास दर के बीच का अंतर हो या जीडीपी और उपभोग खर्च के बीच या अपेक्षाकृत कम क्षेत्रीय दर या बहुत कम अपस्फीतिकारक हो, ये सभी समग्र जीडीपी डेटा को अधिक बारीक और उच्च आवृत्ति वाले क्षेत्रीय डेटा के साथ त्रिभुजाकार बनाने की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं। यह वास्तविक समय के आधार पर डेटा एकत्र करने वाली मशीनरी में बड़े पैमाने पर बदलाव करने की आवश्यकता पर बल देते हैं।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

> **जीडीपी और जीवीए विकास दर के बीच का अंतर हो या जीडीपी और उपभोग खर्च के बीच या अपेक्षाकृत कम क्षेत्रीय दर या बहुत कम अपस्फीतिकारक हो, ये सभी समग्र जीडीपी डेटा को अधिक बारीक और उच्च आवृत्ति वाले क्षेत्रीय डेटा के साथ त्रिभुजाकार बनाने की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं। यह वास्तविक समय के आधार पर डेटा एकत्र करने वाली मशीनरी में बड़े पैमाने पर बदलाव करने की आवश्यकता पर बल देते हैं।**

## बीता सप्ताह

**2 मार्च**

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्, (एडीआर: ने दावा किया कि राज्य सभा के 33 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।
- पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का कैंसर से निधन हो गया।
- माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।
- अली अमीन गंडापुर पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के नए सीएम चुने गए।

**3 मार्च**

- छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी ग्राम में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल बनाने की घोषणा की।
- माणिपुर में जातीय हिंसा से विख्यायित हुए लोग भी चुनाव में वोट डाल सकेंगे।
- केंद्र त्रिपुरा व टिपरा मोथा के बीच त्रिपक्षीय समझौता होगा।
- राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

**4 मार्च**

- शहबाज शरीफ पाकिस्तान के नए पीएम होंगे यह जानकारी नेशनल असेम्बली के स्पीकर सरदार अयात ने घोषणा की।
- पाकिस्तान में भारी बारिश से करीब 29 लोगों मौत हो गई।
- कांकेर में पुलिस नक्सलियों के मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया।
- ओडिशा के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरडी) ने छापेमारी में 351 दुर्लभ भारतीय टेंट कछुओं को बचाया।

**5 मार्च**

- सुप्रीम कोर्ट ने अपना 25 साल पुराना फैसला बदला कहा कि नोट लेकर वोट दिया तो माननीयों पर मुकदमा चलेगा।
- शहबाज शरीफ ने ली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ।
- नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों का अगला बैच आईएसएस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा।
- हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में स्थित सबसे बड़ी जेल में हमला होने के बाद भगदड़ से 10 कैदी की मौत हो गई।
- केन्याई धावक बेन्सन किप्रूटो ने टोक्यों मैराथन-24 रिकार्ड हसिल किया।

**6 मार्च**

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपहरण व रंगदारी मामले में दोषी पाए गए।
- संदेशखाली मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार।
- ट्विटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल ने एलन मस्क पर किया मुकदमा।
- झारखंड के बांए हाथ के गेंदबाज शाहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

**7 मार्च**

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण व रंगदारी मामले में सात साल की सजा सुनाई गई।
- पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी ने देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन किया।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10वीं भारतीय दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग आर्थिक-व्यापारिक मामले में आयोग की सह अध्यक्षता की।
- ओलंपिक मुक्केबाजी में क्वालीफायर निशांत देव ने लुईस रिचर्डसन को हराया।

**8 मार्च**

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने खुलासा किया कि राष्ट्रीय पार्टियों को अज्ञात स्रोतों से 1832 करोड़ चंदा मिले।
- चुनावी बांड मामले में एसबीआई के खिलाफ लगाई गई अवमानना याचिका।
- केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 4 फीसदी डीए बढ़ा दिया।

## चुनावी बांड विवरण पर समय सीमा बढ़ाने की एसबीआई की याचिका अनुचित

■ पी.सुधीर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए रद्द कर दिया था। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि मोदी सरकार को यह फैसला अरुचिकर लगा, इस तथ्य की पृष्ठभूमि में कि चुनावी बांड योजना राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने के लिए बनाई गई थी।

सरकार ने फैसले के कार्यान्वयन को कमजोर करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि अप्रैल 2019 से खरीदे गये चुनावी बांड के सभी विवरण सार्वजनिक किये जाने चाहिए, जिसमें खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और बांड का मूल्य शामिल है। इसके लिए, भारतीय स्टेट बैंक, जो चुनावी बांड के लेनदेन के लिए एकमात्र एजेंसी थी, को 6 मार्च तक बांड के सभी प्रासंगिक विवरण भारत के चुनाव आयोग को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था और उसके बाद चुनाव आयोग को 13 मार्च तक इस सम्बंध में सारी जानकारी सार्वजनिक करनी थी।

एसबीआई ने 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और चुनावी बांड लेनदेन का विवरण प्रस्तुत करने के लिए अधिक समय मांगा है। इसमें 30 जून तक का समय बढ़ाने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसबीआई को दिये गये 21 दिनों के बजाय, बैंक अब काम पूरा करने के लिए 116 दिन और चाहता है। दरअसल, इसका अर्थ होगा लोकसभा चुनाव खत्म होने और नयी सरकार बनने के बाद ही जनता को चुनावी बांड के विवरण के बारे में सूचित किया जायेगा।

> **सरकार ने फैसले के कार्यान्वयन को कमजोर करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि अप्रैल 2019 से खरीदे गये चुनावी बांड के सभी विवरण सार्वजनिक किये जाने चाहिए, जिसमें खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और बांड का मूल्य शामिल है।**

एसबीआई के अनुरोध को व्यापक आलोचना और उपहास का सामना करना पड़ा है। एसबीआई के सभी बैंकिंग परिचालन डिजिटल हो गये हैं। एसबीआई द्वारा दिये गये एक आरटीआई जवाब के अनुसार, चुनावी बांड जारी करने के लिए आईटी प्रणाली के विकास पर कुल 1,50,15,338 रुपये की लागत में से 60,43,005 रुपये खर्च किये गये। यदि चुनावी बांड योजना के लिए एक आईटी प्रणाली विकसित करने के लिए 60 लाख रुपये से अधिक खर्च किये गये थे, तो यह कैसे हो सकता है कि एसबीआई अब यह दावा करता है कि चुनावी बांड के कुछ रिकॉर्ड एसबीआई के मुंबई मुख्यालय में मैन्युअल रूप से और सीलबंद कवर में रखे गये हैं?

जब किसी व्यक्ति या इकाई द्वारा एसबीआई की निर्दिष्ट शाखा में बांड खरीदा जाता है, तो उसे डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जायेगा। जब धारक बांड किसी अन्य निर्दिष्ट एसबीआई शाखा में जमा किया जायेगा, तो उसका भी एक डिजिटल रिकॉर्ड होगा। 2019 की शुरुआत में, हफ़पोस्ट इंडिया में नितिन सेठी ने लिखा था कि कैसे एसबीआई द्वारा जारी किये गये बांड में एक गुप्त अल्फ़ान्यूमेरिक कोड होता है, जिसका उपयोग यह ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को इसे दान किया गया है।

भले ही कुछ रिकॉर्ड मैन्युअल रूप से रखे गये हों, फिर भी यह मानने का कोई कारण नहीं है कि 22,217 चुनावी बांड का हिसाब-किताब 21 दिनों के अंतराल में नहीं किया जा सकता है। एसबीआई को बस इतना करना था कि इस काम के लिए अतिरिक्त कर्मियों को नियुक्त करता।

इसलिए, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि एसबीआई एक घटिया बहाना और गलत कारण लेकर सामने आया है, जो सुप्रीम कोर्ट की बुद्धिमत्ता का अपमान करने जैसा है।

गलत मंशा इस बात से भी स्पष्ट होती है कि एसबीआई ने 6 मार्च से ठीक एक दिन पहले अदालत में अपनी याचिका दायर की, ताकि समय सीमा चूकना एक नियति बन जाये।

मोदी सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के पास अब तक जारी किये गये और भुनाये गये चुनावी बांड के विवरण के प्रकाशन को रोकने की कोशिश करने का हर कारण है। जैसा कि अदालत ने स्वयं बताया था, यह योजना इस प्रकार तैयार की गयी थी कि प्रतिदान की सुविधा प्रदान की जा सके। एक बार जब भाजपा को प्राप्त 6,565 करोड़ रुपये के बांड का ब्यौरा पता चल जाये, तो इसका संबंध इस बात से लगाया जा सकता है कि किस कंपनी या व्यक्तिगत पूंजीपति ने उसे कितना बांड राशि दान किया था और बदले में कौन सी नीति या लाभ उसे दिया गया था।

एक और पहलू है जो भाजपा को मिले चुनावी बांड का ब्यौरा प्रकाशित होने से उजागर होगा। न्यूज़ लॉन्ड्री और द न्यूज़ मिनट द्वारा हाल ही में भाजपा को प्राप्त कॉर्पोरेट दान (चुनावी बांड के माध्यम से नहीं) के एक अध्ययन से पता चलता है कि कम से कम 30 कंपनियां हैं, जिन्होंने पिछले पांच वित्तीय वर्षों में भाजपा को लगभग 335 करोड़ रुपये का दान दिया था। वर्षों तक इसी अवधि के दौरान उन्हें केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। इनमें से 23 कंपनियों ने 2014 और ईडी या आईटी विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई कार्रवाई के वर्ष के बीच कभी भी भाजपा को दान नहीं दिया था; केंद्रीय एजेंसी की कर्रवाई के चार महीनों के भीतर चार कंपनियों ने कुल 9.05 करोड़ रुपये का दान दिया; छह कंपनियां जो पहले से ही भाजपा को दान दे रही थीं, उन्होंने तलाशी के बाद के महीनों में बड़ी रकम सौंपी।

यह इस बात का ज़बरदस्त सुबूत है कि कैसे केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा के लिए धन उगाही करने के लिए किया जाता है। एक बार जब भाजपा के संबंध में चुनावी बांड विवरण प्रकाशित हो जाते हैं, तो न केवल रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के बीच संबंध स्थापित किया जा सकता है, बल्कि यह भी स्थापित किया जा सकता है कि केंद्रीय एजेंसियों की जबरदस्त कार्रवाइयों द्वारा ब्लैकमेल के माध्यम से धन कैसे निकाला गया था।

सुप्रीम कोर्ट 6 मार्च तक एसबीआई की याचिका पर विचार नहीं कर सका। कोर्ट को छल-कपट को पारित नहीं होने देना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय को एसबीआई के अनुरोध पर शीघ्र सुनवाई कर समुचित निर्णय का उसके अनुपालन के लिए तत्काल अल्प समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए, ताकि चुनावों के सम्पन्न हो जाने तक जनता को अंधेरे में न रखा जा सके।

## नरेंद्र मोदी के परिवार में हैं कौन?

पटना के जिस ऐतिहासिक गांधी मैदान में 5 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान करते हुए दिनकर की पंक्तियों को दोहराया था कि 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है', उसी मैदान पर 3 मार्च को राजद और विपक्ष की जनविश्वास रैली संपन्न हुई। अनुमान है कि इस रैली में 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस मैदान पर अब तक के इतिहास की संभवतया यह सबसे बड़ी भीड़ थी। लेकिन भीड़ से ज्यादा महत्वपूर्ण था, लोगों का उत्साह और मंच पर मौजूद नेताओं के प्रति उनका विश्वास। लोगों में मौजूदा सत्ता के प्रति रोष इतना था कि जैसे ही नरेंद्र मोदी का नाम आता था लोग हिकारत से हुंकार उठते थे। मंच पर इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। एक तरफ वामपंथी पार्टियों के नेता डी राजा, सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य मौजूद थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के दोनों दिग्गज 'जननायक' राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे थे। यूपी से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उपस्थित थे। तीनों नौजवानों राहुल गांधी, अखिलेश और तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार को ललकारते हुए उसे उखाड़ फेंकने का संकल्प किया। तेजस्वी यादव पिछले तीन-चार महीने के भीतर बेहद मंझे हुए वक्ता के तौर पर उभरे हैं। 28 जनवरी को जब एक बार फिर नीतीश कुमार ने पलटी मारी और नौंवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसके बाद तेजस्वी यादव ने विधानसभा में जो भाषण दिया था उस पर समूचे उत्तर भारत में चर्चा हुई। तेजस्वी यादव एक ऐसे नौजवान नेता के रूप में उभरे हैं जिनमें जोश और जज्बा ही नहीं बल्कि होश और हवास भी है। पटना के गांधी मैदान के मंच पर दहाड़ते हुए उन्होंने नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद के भाषण पर जमकर पलटवार किया।

नरेंद्र मोदी इंडिया गठबंधन के नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बार-बार आरोप लगाते हैं। औरंगाबाद, बिहार में 2 मार्च को नरेंद्र मोदी ने पूछा था कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बात क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने ताल ठोकते हुए नरेंद्र मोदी को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'लालू प्रसाद यादव वह हैं जिन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय किया। जिन्होंने गरीबों- वंचितों के भीतर चेतना और स्वाभिमान पैदा किया। जो लोग गलियों से अपना चप्पल पहनकर नहीं निकल सकते थे, उन्हें सिर उठाकर चलने की ताकत लालू यादव ने दी। जिन्हें कुएं से पानी नहीं भरने दिया जाता था, उन्हें कुआं खोदने लायक बनाया और इस लायक भी बनाया कि उनको भी पानी पिला सकें, जो उन्हें पानी नहीं पीने देते थे।' लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने ठेठ बिहारी अंदाज में नरेंद्र मोदी को जमकर लताड़ा। परिवारवाद पर नरेंद्र मोदी के बार-बार हमले पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह अपना परिवार नहीं बना सके तो मैं क्या करूं? जाहिर तौर पर लालू यादव का इशारा नरेंद्र मोदी और उनकी पत्नी की तरफ था। लंबे समय तक नरेंद्र मोदी इस बात को छुपाए रहे कि उनकी शादी भी हुई है। लोकसभा चुनाव (2014) के समय उन्होंने दाखिल हलफनामे में पहली बार विवाहित होने और पत्नी के रूप में जसोदा बेन के नाम का जिक्र किया था। ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर कथित रूप से 'मुस्लिम बहनों को न्याय' दिलाने वाले नरेंद्र मोदी से लोग पूछते हैं कि उन्होंने बिना तलाक दिए जसोदा बेन को क्यों छोड़ दिया? लालू प्रसाद यादव ने तो नरेंद्र मोदी के हिंदुत्व पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तो हिंदू भी नहीं है क्योंकि अपने माता-पिता के मृत्यु के बाद हिन्दू अपने सिर का मुंडन करवाता है। लेकिन मां की मौत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने बाल नहीं कटवाए।

लालू यादव के 'नरेंद्र मोदी ने तो परिवार ही नहीं बनाया' वाले बयान को काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक नई कैंपेन लांच की। भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों और समर्थकों ने अपने नाम के साथ ट्विटर पर बायो में 'मोदी का परिवार' लिखकर ट्वीट किए। 4 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना में थे। वहां पर भाषण देते हुए नरेंद्र मोदी ने पार्टी की इसी कैंपेन को ही आगे रखा। उन्होंने कहा कि इस देश के सारे लोग उनका परिवार हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी इस कैंपेन को 2019 के लोकसभा चुनाव के समय 'मैं भी चौकीदार' जैसे कैंपेन की तरह आगे बढ़ना चाहती है। राफेल सौदे में घोटाले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कहा था कि 'चौकीदार ही चोर है'। इसको काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों और आईटी सेल ने 'मैं भी चौकीदार' जैसा कैंपेन चलाया था। पुलवामा आतंकवादी हमला और फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक के राष्ट्रवादी शोर में राहुल गांधी के आरोप पर 'मैं भी चौकीदार' कैम्पेन सफल हो गया। बेमन से लोकसभा चुनाव में उतरे विपक्ष ने जैसे पहले ही हार मान ली थी। नतीजे में 2014 की 282 सीटों के मुकाबले 2019 में नरेंद्र मोदी को 303 सीटें मिलीं।

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 370 पार का नारा दिया है। लेकिन इस बार जमीनी हकीकत कुछ और है। इसीलिए लालू प्रसाद यादव की बात को पकड़कर एक नई कैंपेन लॉन्च की जा रही है। जो नरेंद्र मोदी पहले अपने भाषणों में 'मित्रों' संबोधन का इस्तेमाल करते थे, वे आजकल 'मेरे परिवार वालों' तक पहुंच गए हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी और उनके मित्रों अडानी-अम्बानी के बीच गठजोड़ को इतना एक्सपोज़ कर दिया है कि मोदी मित्रों शब्द बोलना ही भूल गए हैं। या यूं कहें कि बड़ी चतुराई से इस शब्द को छोड़कर नरेंद्र मोदी मेरे परिवार शब्द से लोगों को संबोधित करने लगे हैं। अब इसका एक्सटेंशन करते हुए मोदी कह रहे हैं कि 'यह देश मेरा परिवार है और हम इस देश के हैं।' इस तरह के शब्दजाल से नरेंद्र मोदी पूरी कैंपेन को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। लेकिन सवाल यह है कि 10 साल की एन्टी इनकंबेंसी और लगभग हर मोर्चे पर असफल नरेंद्र मोदी क्या इस कैंपेन के सहारे चुनाव जीत पाएंगे? और असली सवाल तो यह है कि नरेंद्र मोदी जिसे अपना परिवार कह रहे हैं; उस परिवार में क्या वे किसान नहीं आते, जो दिल्ली की सरहदों पर इस बिगड़ते-बदलते मौसम में बैठे हुए हैं। वे दिल्ली पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। वे नरेंद्र मोदी सरकार को 2021 में किए गए वादे याद दिलाना चाहते हैं। तीन काले कानून वापस लेते हुए नरेंद्र मोदी ने किसानों से उनकी फसलों पर एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाने का वादा किया था। ये वादा भी नरेंद्र मोदी ने आसानी से नहीं किया था। लगातार 13 महीने तक यूपी, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के किसान तीन काले कानूनों के खिलाफ और एमएसपी की मांग के लिए जूझते रहे। 750 से अधिक किसानों की शहादत के बाद नरेंद्र मोदी की नींद खुली। ये भी तब हुआ जब उत्तर प्रदेश का चुनाव नजदीक आ गया। जाट किसानों की नाराजगी झेलने की हिम्मत नरेंद्र मोदी में नहीं थी। इसीलिए उन्होंने किसानों से छलपूर्वक समझौता किया। जो नरेंद्र मोदी धृतराष्ट्र की तरह अपना सिंहासन पकड़े हुए बैठे थे, वही नरेंद्र मोदी 'मेरी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी' कहते हुए तीन काले कानून वापस लेते हैं।

देश का किसान जो धरती का सीना चीरकर और अपना खून पसीना बहाकर फसल को पैदा करता है, वह अन्नदाता ही नहीं सर्जक भी है। पहले वह बीज बोता है, सृजन करता है, तब फसल काटता है। सर्जक कभी अन्यायी नहीं हो सकता। वह विद्रोही तो हो सकता है लेकिन विश्वासघाती नहीं। वह बेआवाज तो हो सकता है लेकिन बेईमान नहीं हो सकता। इसीलिए किसान नरेंद्र मोदी सरकार के आश्वासन और वादे लेकर लौट गए। लेकिन अपनी फितरत के अनुसार नरेंद्र मोदी ने एमएसपी की 'गारंटी' को पूरा नहीं किया। सरकार को चेतावनी देते हुए पंजाब और हरियाणा के किसानों को फिर से दिल्ली की ओर कूच करना पड़ा। नरेंद्र मोदी की सरकार ने जिस क्रूर तरीके से उनका स्वागत किया, वह इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज होगा। बड़ी-बड़ी कीलें सड़कों पर गाड़ी गईं। क्रांकीट की दीवारें खड़ी की गईं। पुलिस की लाठियां और बंदूकें उनका इस्तकबाल कर रही थीं। आंसू गैस के गोले बरसाए गए। पुलिस की गोली से दो किसानों की मौत हो चुकी है। लेकिन नरेंद्र मोदी के देश और परिवार में ये किसान नहीं आते। क्या देश कागज पर उकेरा गया नक्शा है? क्या नरेंद्र मोदी के देश में मणिपुर आता है? वहां पिछले 8-10 महीने से लगातार जातीय हिंसा हो रही है। मणिपुर में महिलाओं और बच्चों पर जघन्य अत्याचार हुए। पागल भीड़ ने महिलाओं का सामूहिक बलात्कार करके उनकी हत्या कर दी। वहां पर हिंसा, आगजनी और हत्याओं का सिलसिला जारी है। लेकिन मणिपुर उनके परिवार में नहीं आता। इसीलिए वे आजतक मणिपुर नहीं गए। उस परिवार में उजड़ गए गांव, घर, खेत की चिंता कभी नरेंद्र मोदी ने नहीं की लेकिन यह ढोंग चुनावी राजनीति के लिए किया जा रहा है कि मेरा देश ही मेरा परिवार है! फिल्मी डायलॉग की तरह नरेंद्र मोदी इस ढोंग को बार-बार दोहराते रहेंगे, लेकिन उन्हें महिला पहलवानों की आंखों के आंसू कभी नहीं याद आएंगे जो उनके ही सांसद के उत्पीड़न के कारण उपजे थे। मोदी के परिवार में महिला खिलाड़ी नहीं आते। हाथरस और कानपुर की दलित बेटियां भी नहीं आती। इस परिवार में वे आदिवासी भी नहीं आते जिनके मुंह पर उनके ही पार्टी के नेता पेशाब करते हैं। वे आदिवासी भी मोदी के परिवार में नहीं आते जिनके जंगलों और जमीनों पर उनके मित्र अडानी की नजरें लगी हुई हैं। नरेंद्र मोदी के परिवार में वे नौजवान भी नहीं आते जो सड़कों पर रोजगार की भीख मांगते हैं लेकिन उनको मिलती हैं पुलिस की लाठियां। नरेंद्र मोदी के परिवार में वे नौकरी करने वाले भी नहीं आते जिनके पास पेंशन नहीं है। जिनका वेतन आयोग खत्म कर गया वे सरकारी नौकर भी नहीं आते। उनके परिवार में तो वे व्यवसायी भी नहीं आते जिनपर जबरन जीएसटी ठोक दिया गया। कोरोना काल में जानवरों की तरह हंकाल दिए गए बेबस गरीब मजदूर भी उनके परिवार में नहीं आते, जो भूखे प्यासे रात-दिन पैदल बीबी बच्चों के साथ चलते रहे। रास्ते में सरकारी राहत के नाम पर उन्हें सिर्फ पुलिस की लाठियां मिलीं। वो मध्य वर्ग भी नरेंद्र मोदी के परिवार में नहीं आता जिसके लाखों अपने सगे कोरोना काल में सरकारी बदइंतजामी और दवा व्यापारियों के भ्रष्टाचार के कारण मर गए। चारों तरफ हाहाकार था लेकिन मोदी जी नदारद थे। तो आखिर नरेंद्र मोदी के परिवार में हैं कौन? वे चंद अमीर लोग जो मोदी को चंदा देते हैं और मोदी बदले में उन्हें धंधा देते हैं! यही उनका देश है। यही उनका परिवार है और यही उनका संसार भी है।



प्रो. रविकांत

> **देश का किसान जो धरती का सीना चीरकर और अपना खून पसीना बहाकर फसल को पैदा करता है, वह अन्नदाता ही नहीं सर्जक भी है। पहले वह बीज बोता है, सृजन करता है, तब फसल काटता है। सर्जक कभी अन्यायी नहीं हो सकता। वह विद्रोही तो हो सकता है लेकिन विश्वासघाती नहीं। वह बेआवाज तो हो सकता है लेकिन बेईमान नहीं हो सकता। इसीलिए किसान नरेंद्र मोदी सरकार के आश्वासन और वादे लेकर लौट गए।**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## दक्षिण चीन सागर में 100 मिलियन टन तेल और गैस का नया भंडार

**बीजिंग,** 8 मार्च (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रीय अपतटीय तेल निगम (सीएनओओसी) के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण चीन सागर में एक ऑयलफील्ड की खोज की गई, जिसमें 102 मिलियन टन तेल और गैस का भंडार है। लाइट क्रूड वाला काइपिंग साउथ ऑयलफील्ड, दक्षिण चीन सागर के पूर्वी भाग में, शेन्ज़ेन, गुआंग्डोंग प्रांत से लगभग 300 किमी दूर स्थित है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑयलफील्ड में समुद्र की औसत गहराई लगभग 500 मीटर है, लेकिन सबसे गहरा क्षेत्र 4,831 मीटर है।

# देश विदेश

# विदेश मंत्री जयशंकर ने शिंजो आबे की पत्नी से की मुलाकात

**टोक्यो,** 8 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी

- पीएम मोदी का निजी पत्र सौंपा
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान दौरे पर हैं

आकी आबे से मुलाकात की और उन्हें पीएम मोदी का एक पर्सनल लेटर सौंपा। पीएम मोदी ने अपने पत्र में शिंजो आबे की मां योको आबे के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर कहा, 'इस बार मेरी टोक्यो यात्रा पर दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात हुई और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक व्यक्तिगत पत्र भी सौंपा, जिसमें दिवंगत की मां योको आबे के हाल ही में हुए निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं।'



'इस बार मेरी टोक्यो यात्रा पर दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात हुई और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक व्यक्तिगत पत्र भी सौंपा, जिसमें दिवंगत की मां योको आबे के हाल ही में हुए निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं:-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

एस. जयशंकर ने आकी आबे से मुलाकात के दौरान भारत-जापान के संबंधों को प्रगाढ़ करने की दिशा में शिंजो आबे द्वारा दिए गए मूल्यवान योगदान को याद किया। 2022 में शिंजो आबे के निधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी शोक संवेदनाओं को जाहिर करने वाला एक संदेश भी लिखा था। जिसमें उन्होंने कहा था, 'यह उनके सबसे प्रिय मित्रों में से एक का दुखद निधन है'। पीएम मोदी शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए थे।

उन्होंने आबे को एक वैश्विक, उत्कृष्ट और उल्लेखनीय नेता और प्रशासक बताया था, जिसने अपना समस्त जीवन जापान को एक बेहतर देश बनाने की दिशा में समर्पित कर दिया। भारत ने शिंजो आबे के निधन पर एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा भी की थी। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान गोली मारकर शिंजो आबे की हत्या कर दी गई थी। शिंजो आबे सबसे लंबे समय तक जापान के प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर रहे। पहले वह 2006 से 2007 तक पीएम पद पर रहे। इसके बाद वह 2012 से 2020 तक इस पद थे। आबे ने भारत और जापान के रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई।

## हमास प्रतिनिधिमंडल गाजा युद्धविराम वार्ता जारी रखने के लिए नौ मार्च को लौट सकता है मिस्र

**गाजा,** 8 मार्च (एजेंसियां)। फिलीस्तीनी संगठन हमास का प्रतिनिधिमंडल अपने नेतृत्व के साथ परामर्श के बाद गाजा पट्टी में संभावित युद्धविराम पर बातचीत जारी रखने के लिए नौ मार्च को मिस्र की राजधानी काहिरा लौट सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को मामले से परिचित मिस्र के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। हमास प्रतिनिधिमंडल अपने नेतृत्व के साथ परामर्श के लिए काहिरा से गाजा आया था।

हमास के राजनीतिक कार्यालय के सदस्य हुसाम बदरन ने गुरुवार को स्पूतनिक को बताया कि इजरायल के साथ युद्धविराम वार्ता में गतिरोध उत्पन्न हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा पट्टी में हमास के प्रमुख याह्या सिनवार, जो हाल तक वार्ता में शामिल नहीं थे, ने अब मांग की है कि इजरायल संघर्षग्रस्त क्षेत्र में संभावित स्थायी युद्धविराम पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध हो। यह अनुरोध कथित तौर पर हमास के अन्य अधिकारियों के रुख का खंडन करता है, जिन्होंने छह सप्ताह के संभावित युद्ध विराम को अनुमति दी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका और इजरायल के बीच असहमति के मद्देनजर सिनवार को अधिक लाभदायक समझौते की उम्मीद है।

ज्ञातव्य है कि हमास ने सात अक्टूबर 2023 को गाजा से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और उसकी सीमा का उल्लंघन कर जमीनी हमले भी किये, जिसमें 1,200 लोग मारे गये और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किये, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने तथा बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि गाजा पट्टी में अब तक कम से कम 30,800 लोग मारे गये हैं। कतर ने 24 नवंबर को इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण संबंधी एक समझौते को लेकर मध्यस्थता की।

## सुडोकू 6490

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 9 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप सामाजिक कार्यों और मित्रों के साथ व्यतीत करेंगे। मित्र मंडली में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। बुजुर्गों से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा। आकस्मिक धन लाभ से मानसिक प्रसन्नता होगी।

वृषभ - नौकरी में पदोन्नति के समाचार मिलेंगे। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगा। नए कामों का आयोजन हाथ में लेंगे। अधूरे काम पूरे कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। कार्यस्थल पर भी साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहेगा।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मकता हावी रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनैतिक काम और चोरी जैसे विचारों पर संयम रखें, अन्यथा अनिष्ट हो सकता है। आज वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों के विषय में आपका व्यवहार उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद एवं उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति को अच्छी तरह काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियां या चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांति से व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य तो बिगड़ेगा ही, मानसिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह सकेंगे। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप पर गूढ़ रहस्यवाद और आध्यात्मिकता का रंग चढ़ेगा। इस विषय में गहराई से जानने का प्रयास करेंगे। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा की संभावना है।

मकर - आज यदि वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत से अनर्थ से बच जाएंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कम सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचारों पर काबू रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। परिजनों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद उठाएंगे। मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

मीन - थोड़े समय में लाभ की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की जरुरत है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब रहेगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इराक में तुर्की के हवाई हमले में दो नागरिकों की मौत

**बगदाद,** 8 मार्च (एजेंसियां)। इराक के दुहोक प्रांत में शुक्रवार को तुर्की के हवाई हमले में दो लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। एक कुर्द सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि तुर्की के एक विमान ने सुबह-सुबह उन पर बमबारी की, जब वे प्रांत के शिलाद्ज़ इलाके में अपने गांव के पास एक पहाड़ पर कुछ जड़ी-बूटियां इकट्ठा कर रहे थे। तुर्की सेना अक्सर उत्तरी इराक में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार अभियान चलाती है, खासकर कंदील पर्वत में, जो पीकेके का मेन बेस है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में घोषित पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह छेड़ रखा है।

## इजरायल ने गाजा में भुखमरी को हथियार बनाने के आरोपों को किया खारिज

**यरूशलम,** 08 मार्च (एजेंसियां)। इजराइल ने गाजा पट्टी में भुखमरी को हथियार के रूप में उपयोग करने के आरोपों को खारिज कर दिया है, क्योंकि 07 अक्टूबर से 1,95.000 मीट्रिक टन से ज्यादा मानवीय सहायता ले जाने वाले 9,200 ट्रक फिलिस्तीनी क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं।



संयुक्त राष्ट्र में इजरायली मिशन की कानूनी सलाहकार येला सिट्रिन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदकों ने मंगलवार को कहा कि इजरायल मानवीय काफिले पर हमला करके और मानवीय सहायता मांगने वाले नागरिकों पर गोली चलाकर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के अस्थायी उपायों का पालन नहीं कर रहा है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने बुधवार को कहा कि घिरे हुए फिलिस्तीनी एन्क्लेव में लगभग पांच लाख लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। सुश्री सिट्रिन ने कहा कि इज़राइल इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करता है कि वह भुखमरी को युद्ध के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जैसा कि आज यहां फिर से दोहराया गया लेकिन झूठ को बार-बार दोहराने से यह सच नहीं हो जाता। हम उन सभी दावों को भी खारिज करते हैं जिसमें कहा गया है कि इज़राइल मानवीय सहायता या ऐसी सहायता प्राप्त करने वालों को निशाना बनाता है। हालांकि, हम मानते हैं कि गाजा में फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है और हम लगातार इन जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

इजरायली प्रतिनिधि ने कहा कि इजरायल गाजा में पहुंचाई जा रही सहायता की मात्रा को सीमित नहीं करता है और मानवीय संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर 24 घंटे काम कर रहा है जिससे सहायता की गति को बढ़ाया जा सके और गाजा में इसका वितरण ज्यादा कुशलता से हो सके। सुश्री सिट्रिन ने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के बाद से, 195,000 मीट्रिक टन भोजन 9,200 ट्रकों के माध्यम से गाजा में पहुंच चुका है। कल, 257 ट्रकों ने 3,940 मीट्रिक टन भोजन लेकर गाजा में प्रवेश किया। पिछले दो हफ्तों में प्रत्येक दिन औसतन 240 ट्रक गाजा में पहुंच चुके हैं।

## ट्रम्प ने फेसबुक के मुकाबले चीन के टिकटॉक की तारीफ की

**वाशिंगटन,** 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को फेसबुक के मुकाबले चीन की टिकटॉक कंपनी की जमकर सराहना की है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर कहा, अगर आप टिकटॉक से छुटकारा पाते हैं, तो फेसबुक अपना कारोबार दोगुना कर लेगा। उन्होंने कहा कि फेसबुक ने पिछले चुनाव में जमकर धोखाधड़ी की।



पूर्व राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि वह अमेरिका ने सभी अमेरिकी सरकारी उपकरणों और कुछ राज्य सरकार के उपकरणों पर टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया। इससे पहले गुरुवार को, यूएस हाउस कमेटी ऑन एनर्जी एंड कॉमर्स ने टिकटॉक जैसे ऐप्स को लक्षित करने वाले विदेशी विरोधी नियंत्रित अनुप्रयोगों के निषेध अधिनियम और डेटा दलालों को रोकने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विदेशी विरोधियों से अमेरिकियों के डेटा की रक्षा करने वाले अधिनियम दोनों को आगे बढ़ाने के लिए 50-0 से मतदान किया। गौरतलब है कि श्री ट्रंप ने अपने शासनकाल में टिकटॉक को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था और कहा था कि इस ऐप से डेटा संग्रह से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकियों की व्यक्तिगत और मालिकाना जानकारी तक पहुंचने की अनुमति मिलती है।

संभावित रूप से ये चीनी ऐप संघीय कर्मचारियों और ठेकेदारों के स्थानों को ट्रैक करने, ब्लैकमेल के लिए व्यक्तिगत जानकारी के डोजियर बनाने और कॉर्पोरेट जासूसी करने की अनुमति देता है।


## पीएमएल-एन सीनेटर इशाक डार हो सकते हैं पाकिस्तान के अगले विदेश मंत्री

**इस्लामाबाद,** 8 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इशाक डार देश के विदेश मंत्री हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है। उनकी पार्टी जब सत्ता में पहले थी तो वो वित्त मंत्री थे। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा कि डार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट में विदेश मंत्रालय सौंपा जा सकता है।



हालांकि, कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी विदेशी मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में काम करने के लिए तैयार हैं, जबकि तारिक फातेमी को विदेशी मामलों पर विशेष सहायक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। शहबाज शरीफ और पूर्व कार्यवाहक विदेश मंत्री और विदेश सचिव के बीच गुरुवार को हुई बैठक में डार भी मौजूद थे। बैठक के दौरान जिलानी ने प्रधानमंत्री को विभिन्न विदेशी मामलों के घटनाक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह पहली बार होगा जब डार विदेश मंत्री के रूप में काम करेंगे। पीएमएल-एन के अनुभवी राजनेताओं में से एक, डार ने पहले वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया था। सितंबर 2022 में वो पांच साल के लिए देश से बाहर चले गए थे।

## वर्ग पहेली 6490



**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
४. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्थाा जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७.एक तरह का फूल जिसमें रात में सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य, प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य, तिमिरहर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों, पथिकों के निशुल्क ठहरने-रुकने के लिए जगह, सराय
२. तदुपरांत
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्धविक्षिप्त ( उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट, शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना१९. १९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

### वर्ग पहेली-6489

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्द्ध | ■ |
| २१ अ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1454 – इटली के नाविक अमेरिगो वेसपुची का जन्म। उन्हीं के नाम पर अमेरिका का नाम रखा गया।
1822 – चार्ल्स एग ग्राहम ने पहली बार नकली दांतो का पेटेंट कराया।
1860 – अमेरिका का पहला जापानी दूतावास सैन फ्रांसिस्को में खोला गया।
1864 – प्रख्यात मराठी लेखक हरि नारायण आप्टे का जन्म।
1888 – फेडरिक जर्मन के सम्राट और प्रशिया के राजा बने।
1915 – प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार डॉ. नागेन्द्र का जन्म।
1925 – रॉयल एयर फोर्स ने दक्षिण वजीरिस्तान में महसूद आदिवासियों के पर्वतीय इलाकों में बमबारी और अभियान शुरू किया।
1934 – सोवियत संघ के विमान चालक और अंतरिक्षयात्री यूरी गागरीन का जन्म।
1946 – जूहो कुस्ति पासीकिविन फिनलैंड के राष्ट्रपति बने।
1951 – प्रख्यात भारतीय तबला वादक उस्ताद ज़ाकिर हुसैन का जन्म।
1956 – भारत के प्रसिद्ध राजनयिक शशि थरूर का लंदन में जन्म।
1961 – डमी मानव के साथ रूसी अंतरिक्ष यान स्पूतनिक 9 का सफल प्रक्षेपण हुआ।
1985 – भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी पार्थिव पटेल का जन्म।
1986 – सैटेलाइट आधारित पहला चेलिफोन संपर्क नेटवर्क औपचारिक रूप से शुरू हुआ।
1999 – सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने ब्रिटिश उद्योगपति स्वराज पॉल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की।
1999 – फ्रांसिस्को फ्लोरेस अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति बने।
2004 – पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले 'शाहीन-2' का सफल परीक्षण किया।

**साहस** महिलाएं हैं राजनीति और समाज में शक्ति केंद

## राजनीति, व्यापार, समाज में पावरहाउस की तरह उभरी भारतीय अमेरिकी महिलाएं

**न्यूयॉर्क, 8 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली की अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी लड़ाई भारतीय मूल की अमेरिकी महिलाओं के राजनीति और समाज में एक शक्ति केंद्र के रूप में उभरने का प्रतीक है। भले ही वह अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस हट गई हों। उन्होंने यह फैसला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से दो दिन पहले किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उपराष्ट्रपति पद के लिए एक और रेस के लिए तैयार हैं। कमला हैरिस ने इस पद पर निर्वाचित होने वाली पहली महिला का रिकॉर्ड बनाया है।**

दोनों महिलाओं का राजनीति में शानदार प्रोफाइल है, वहीं कई भारतीय मूल की अमेरिकी महिलाएं राजनीति, सरकार, बिजनेस और अन्य क्षेत्रों में चमक रही हैं।

अमेरिका में रह रही भारतीय मूल की महिलाओं ने अंतरिक्ष में उड़ान भरी, मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन का नेतृत्व किया, विश्वविद्यालयों का नेतृत्व किया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाते हुए, सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के लिए गुप्त रूप से काम किया और यहां तक कि मिस अमेरिका का ताज भी जीता।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में निक्की हेली के रेस से हटने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन उम्मीदवारी का रास्ता साफ हो गया है। निक्की हेली ने रेस से हटने का फैसला तब किया जब रिपब्लिकन उम्मीदवारी के लिए हुए महामुकाबले में उन्हें भारी हार का



सामना करना पड़ा। निक्की हेली ने बुधवार को समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब मुझे अपना अभियान रोक देना चाहिए। मुझे कोई पछतावा नहीं है। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर किसी भारतीय मूल की शख्सियत के पहुंचने के सपने पर विराम लग गया। उन्होंने रिपब्लिकन प्राइमरी में डाले गए वोटों में से लगभग 25 प्रतिशत वोटों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हासिल कर राजनीति में अपनी छाप छोड़ी। निक्की हेली को दक्षिण कैरोलाइना के गवर्नर के रूप में दो बार चुने जाने का गौरव भी प्राप्त है, वह देश का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और पहली गैर-श्वेत व्यक्ति भी हैं। वह अमेरिकी कैबिनेट की सदस्य बनने वाली पहली भारतीय अमेरिकी थीं, जब वह कैबिनेट रैंक के साथ संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि थीं। कमला हैरिस ने कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल के रूप में अपनी पहचान बनाई और सीनेट में पहुंची, जहां उनके काम को राष्ट्रीय मान्यता मिली, जिससे अमेरिका में उपराष्ट्रपति की दूसरी सबसे पावरफुल जॉब का मार्ग प्रशस्त हुआ। वह उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला हैं और वह अमेरिकी सीनेट के लिए चुनी गई भारतीय मूल की पहली व्यक्ति भी थीं। प्रमिला जयपाल प्रतिनिधि सभा में प्रोग्रेसिव कॉकस की प्रमुख हैं। वह राजनीतिक रूप से दूसरी शक्तिशाली भारतीय मूल की अमेरिकी महिला हैं।

## दुनिया को जानें

### चीन ने दुनिया में सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क बनाया

बीजिंग, 8 मार्च (आईएएनएस)। 14वीं चीनी राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के दूसरे पूर्णाधिवेशन के दौरान परिवहन मंत्री ली श्याओफंग ने कहा कि हाल के वर्षों में मजबूत परिवहन ने देश के निर्माण में सक्रिय प्रगति हासिल की। ली श्याओफंग ने कहा कि चीन में बुनियादी संस्थापन और मजबूत हो गया है। चीन ने दुनिया में सबसे बड़े हाई-स्पीड रेल नेटवर्क, हाईवे नेटवर्क, पोस्टल एक्सप्रेस नेटवर्क और विश्व स्तरीय बंदरगाह समूह बनाए। स्छ्वान-तिब्बत रेलवे समेत मुख्य परियोजनाओं के निर्माण में तेजी आई। सभी गांवों में सीधी डाक सेवा पहुंचती है। उन्होंने कहा कि चीन में परिवहन सेवा की गारंटी क्षमता लगातार उन्नत हुई। वर्ष 2023 में पूरे देश में लोगों की आवाजाही हर दिन औसतन 16 करोड़ तक पहुंची। कार्गो परिवहन की दैनिक मात्रा 15 करोड़ टन से अधिक रही और प्रति दिन 36 करोड़ एक्सप्रेस मेल एकत्र किए गए। ली श्याओफंग ने आगे कहा कि चीन में हरित और स्मार्ट परिवहन का विकास कायम रहा। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में नवीन ऊर्जा वाहनों के उपयोग का अनुपात 77.6 प्रतिशत रहा।

# प्रादेशिकी

## पंचकूला, करनाल में सिटी बस सेवा का हुआ शुभारम्भ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को पंचकूला और करनाल के लिए इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। श्री खट्टर ने इस मौके पर पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित करते हुये कहा कि आज महाशिवरात्रि पर्व है, यह कोशिश की जाये कि आज इलेक्ट्रिक सिटी बसें शहर के शिव मंदिरों के पास से होकर गुजरें ताकि श्रद्धालुओं को भी इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पंचकूला और करनाल के लोगों को सिटी बस सेवा आरंभ होने पर शुभकामनायें और बधाई भी दी। पंचकूला और करनाल में फिलहाल इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा में पांच-पांच बसों को शामिल किया गया है। शीघ्र ही अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी दौरे पर

## धामी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास



**हल्द्वानी,** 8 मार्च (देशबन्धु)। सीएम धामी शुक्रवार को हल्द्वानी दौरे पर रहे। यहां सीएम धामी ने काठगोदाम में कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सीएम धामी ने काठगोदाम में बस टर्मिनल का शिलान्यास किया। इसके साथ ही सीएम धामी ने नैनीताल जिले 778 करोड़ की विकासकार्यों की सौगात की।

सीएम धामी ने गौलापार में ड्राइविंग स्कूल, नैना देवी मंदिर सौन्दर्यीकरण, नलकूप निर्माण, सड़कों के सौन्दर्यकरण सहित हल्द्वानी और लालकुआं की दो बड़ी सीवरेज योजनाएं की सौगात दी हैं। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल सांसद अजय भट्ट भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को भी संबोधित किया। जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गिनाई। सीएम धामी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड से अपार प्रेम है। समय-समय पर प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड को योजनाओं की सौगात देते रहते हैं।

हल्द्वानी दौरे में सीएम धामी ने 86 कार्यों का लोकार्पण किया। जिनकी लागत 89.31 करोड़ रुपये है। वहीं, अगर शिलान्यास की बात करें तो सीएम धामी ने 73 कार्यों का शिलान्यास किया। जिनकी लागत 688. 83 करोड़ रुपये है। इस तरह कुल सीएम धामी ने 159 कार्य, जिनकी लागत 778. 14 करोड़ रुपये का लोकार्पण और शिलान्यास किया। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कसियालेख, नौकुचियताल, वर्धो, जैसे दूरस्थ क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सालयों का निमार्ण किया गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले प्रदेशवासियों को भी अब आसानी से आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ प्राप्त होगा। नलकूप विधानसभा कालाढूंगी के रूपपुर ,हरीपुर नायक,पीपल पोखरा , सोनगांव,विधानसभा लाल कुआं के हैडागज्जर, बाजुनिया हल्दु , हल्दुचैड़ जेराम,विधानसभा रामनगर में मालधनचैर आदि क्षेत्रों में नलकूपों का निर्माण किया गया है। जिससे 458 हेक्टेयर में नई सींचन क्षमता का सृजन एवं 164 हेक्टेयर क्षेत्र में सींचन क्षमता का पुर्नसृजन किया जा रहा है। पेयजल के अंतर्गत 68 योजनाओं से लगभग 5654 परिवारों को पेयजल से लाभान्वित किया जा रहा है। गौला रोखड़ क्षेत्र में 2293.14 लाख रुपए की लागत से ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की स्थापना की जा रही है। इससे कुमाऊं क्षेत्र की जनता को वहां प्रशिक्षण में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। बस टर्मिनल काठगोदाम में 6728 लाख रुपए की लागत से बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। नलकूप लाल कुआं में 105 सिंचाई नलकूपों की स्थापना की जाएगी। नैनीताल शहर के आंतरिक मार्गों के सुधारीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 1956 लाख की योजनाएं का निर्माण किया जाएगा। मानस खंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 1101.61 लाख रुपए से मां नैना देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं सुधारीकरण कार्य किया जाएगा।

■ काठगोदाम बस टर्मिनल किया जनता को समर्पित

### दर्जनों सड़कों का निर्माण व सौंदर्यीकरण होगा

नैनीताल लोक निर्माण विभाग द्वारा मल्लारामगढ़- सुपी दृलोदिया , हरटोला-सतपुली मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण, रानीबाग दृसौड़, मालधन दृकिलावली , कोशावालादृकालाढूंगी, अमगड़ी दृपाटकोट, रानी कोटा । सौड़, रामनगरदृ बेतालघाट दृविशाल कोट, गर्जियादृबेतालघाटदृ मुक्तेश्वर सहित विभिन्न मोटर मार्ग का सड़क सुरक्षा एवं सुधारीकरण कार्य, निमार्णकार्य। भवाली बायपास पर शिप्रा नदी व हाथी डांगर कनिया नाले पर पुल के निर्माण का कार्य व सैनिटोरियम अल्मोड़ा मोटर मार्ग सहित विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण का कार्य। हल्द्वानी एवं लाल कुआं में कुल 3285.46 लाख की लागत से दो सीवेज योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। जिससे 9513 परिवारों को सीवरेज सुविधा प्राप्त होगी।

### सिंचाई विभाग की 9 योजनाओं का होगा निर्माण

मनसा देवी नहर, जस्सा गांजा नहर, चिल्किया नहर, बेलगढ़ नहर, कालाढूंगी नहर सहित कोटा बाग एक कोश्या कोटली में नहरों के पुनरोद्धार एवं सुधारीकरण के लिए 2039.72 रुपए की 9 योजनाओं का निर्माण किया।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े भक्त

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजी देवभूमि



**देहरादून,** 8 मार्च (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि के मौके पर पूरा प्रदेश शुक्रवार को भगवान भोले की भक्ति के रंग में रगा हुआ है। शिवालयों में सुबह से ही हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। देवभूमि उत्तराखंड में भी भक्त बाबा की भक्ति में डूबे हुए हैं। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। बाबा बागनाथ धाम में सुबह ही भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर भक्त ब्रह्म मुहूर्त में ही बागनाथ धाम पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले सरयू और गोमदी नदी में स्नान किया और फिर बाबा बागनाथ का जलाभिषेक कर भगवान शंकर को बेलपत्र अर्पित किए। बाबा बागनाथ के आलावा बैजनाथ, नीलेश्वर समेत जिले के सभी शिवधामों में लोगों ने पूजा-अर्चना की। बाबा बागनाथ के कपाट शिवरात्रि पर तड़के 3 बजे से पहले खुल गए थे। सुबह से ही बागनाथ धाम में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालुओं ने बागनाथ मंदिर में स्थित प्राचीन कालभैरव मंदिर और बाणेश्वर मंदिर में पूजा- अर्चना की।

**जलाभिषेक के लिए शिवालयों में लगी लम्बी-लम्बी कतारें**

**सार संक्षेप**

### ठाकुर आज को बरथाटा के एक दिवसीय प्रवास पर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शनिवार को जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि श्री ठाकुर प्रातः 10 बजे बरथाटा पहुंच कर उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना (केलवी नाला) का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत वह दोपहर दो बजे ग्राम पंचायत झालटा के धनसार में सामुदायिक केन्द्र की आधारशिला रखेंगे तथा लोगों की समस्याएं सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

### दिल्ली और पंजाब की बदहाली के लिए केजरीवाल जिम्मेदार

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने संसद में अरविंद केजरीवाल वाले बयान वाले पर चुटकी लेते हुए कहा कि दिल्ल और पंजाब को जिसने किया कंगाल वो हैं केजरीवाल। श्री चुग ने शुक्रवार मीडिया में जारी बयान में कहा कि दिल्ली और पंजाब की बदहाली के लिए श्री केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आप जिन वादों के साथ सत्ता में आई थीं उसके बिलकुल विपरीत कार्य कर रही है। लोकपाल के नाम पर भ्रष्टचार के नाम पर सत्ता में आई आप सरकार ने भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पार कर दी है। उन्होंने कहा जिस सरकार के 40 प्रतिशत मंत्री जालसाजी, भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं जिन्हें जमानत नहीं मिल रही है। जिस आबकारी नीति को दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने वापिस लिया वही नीति पंजाब में आप ने लागू की है, शराब घोटाला जिसके अंतर्गत करोड़ो रुपए की जनता की हार्ड कोर मनी की लूट हुई ।

### फगवाड़ा में नशे के आदी युवक की लाश मिली

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में शुक्रवार को पॉश इलाके हरगोविंदनगर में एक युवक की लाश मिली, जो नशे का आदी बताया जाता है। पुलिस ने बताया युवक, जिसकी शिनाख्त कुणाल के रूप में की गयी है, थापर कालोनी का निवासी था और फल विक्रेता था। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि कुणाल गुरुवार से लापता था और एक दिन खुद तलाश करने के बाद आज उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र नशे का आदी था और नशा मुक्ति केंद्र में इलाज भी करवा रहा था। इमरजेन्सी चिकित्सा अधिकारी डॉ किरणदीप कौर के अनुसार युवक की मौत का वास्तविक कारण पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के बाद पता चल पाएगा।

### सुडोकू 6490 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

## मुख्यमंत्री सुखविंदर ने महाशिवरात्रि पर बैजनाथ के लोगों को दी करोड़ों की सौगात



**कांगड़ा,** 8 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में 49.22 करोड़ की 10 विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किये। श्री सुक्खू ने इस अवसर पर विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिये अनुमति दी गयी है और मंत्रिमण्डल में यहां से विस्थापित होने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखते हुये उन्हें अच्छा राहत पैकेज देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार से कांगड़ा जिला के लिए घोषित पर्यटन राजधानी के विकास को भी पंख लगेंगे। उन्होंने प्रदेश के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना आरंभ कर 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए जीवनभर के लिए मासिक पेंशन के रूप में देने का निर्णय लिया है।

## दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प : अनुराग ठाकुर

### मोदी ने हिमाचल प्रदेश को बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी

**नई दिल्ली/शिमला,** 8 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन के लिए (डीएलपीसी) 43 करोड़ से ज़्यादा की लागत से राशि से विकास व उन्नयन कार्यों को मंजूरी केंद्र सरकार से मिल मिल गई है। इन विकास कार्यों में दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन में रोलिंग स्टॉक के बेहतर रखरखाव के लिए एक नए काम्प्लेक्स और नई कवर्ड वाशिंग लाइन का निर्माण शामिल है। अनुराग ठाकुर ने इस मंज़ूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि वे हिमाचल प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सदा प्रयासरत रहे हैं और नरेन्द्र मोदी ने भी हिमाचल प्रदेश में भी बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। चाहे रोड हो रेल हो या हवाई सेवा हो पिछले 10 वर्षों में हिमाचल को अनेकों सौग़ातें मोदी सरकार ने दी है। मुझे यह बताते हुए बहुत ही हर्ष का अनुभव हो रहा है कि आज दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन पर 43 करोड़ से ज़्यादा की लागत से होने वाले विकास कार्यों की मंजूरी मोदी सरकार ने दे दी है। यह मंजूरी देवभूमि हिमाचल के लिए एक बहुत बड़ी भेंट है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस मंज़ूरी से दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा और साथ ही साथ भविष्य में इससे हिमाचल के लिए और अधिक ट्रेनें उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। धुलाई के लिए स्वीकृत नई कवर्ड वाशिंग लाइन से परिसर में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को भी स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। ठाकुर के अनुसार उन्होंने स्वयं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दौलतपुर चौक के उन्नयन कार्यों की मंजूरी देने के लिए आग्रह किया था जिस पर उन्होंने त्वरित मंजूरी दे दी। ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2014 से मार्च-2019 तक अम्ब-अन्दौरा, चिंतपूर्णी मार्ग व दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन तक का कार्य मोदी सरकार के समय मे पूर्ण हुआ। आज ऊना व अम्ब अन्दौरा रेलवे स्टेशन से कुल 13 ट्रेनें इस जिले को देश के अलग भागों से जोड़ती हैं। इसी कड़ी में उना-हमीरपुर प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण में 1500 करोड़ हिमाचल प्रदेश सरकार व 4300 करोड़ केंद्र सरकार वहन करेगी।



दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन को मिली मोदी सरकार से सौग़ात, होगा एक नए काम्प्लेक्स और नई कवर्ड वाशिंग लाइन का निर्माण : अनुराग ठाकुर

## लोकसभा चुनाव में महिला वोटर बनेंगी 'गेम चेंजर'

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 8 मार्च (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हम आपको उनकी वोट की ताकत के बारे में बताते हैं, जिनके बल पर किसी पार्टी को न सिर्फ सत्ता की कुंजी मिल सकती है, बल्कि सत्ता छिन भी सकती है। लोकसभा चुनाव 2024 में अब ज्यादा वक्त नहीं है। इसीलिए आज हम आपको उत्तराखंड में महिला वोट की ताकत के बारे में बताते हैं और राजनीति में उसका गणित भी समझाते हैं। उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आने से पहले से ही यहां पर मातृ शक्तियों की अपनी एक विशेष पहचान रही है। बात उत्तराखंड से निकले विश्वव्यापी चिपको आंदोलन की प्रेरणा स्रोत रहीं गौरा देवी की हो या फिर उत्तराखंड राज्य आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाली मातृशक्ति की। वहीं, अगर ये कहा जाए कि उत्तराखंड में सत्ता की चाबी महिला वोटरों के हाथ में है तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। यही कारण है कि उत्तराखंड में महिला वोटरों को रिझाने के लिए राजनीतिक पार्टियां तमाम हथकंडे अपनाती हैं। इस बार भी राजनीति पार्टियां महिला वोटरों को रिझाने की मुहिम में जुटी हुई हैं। साल 2014 और साल 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह बीजेपी इस बार भी उत्तराखंड में पांचों सीटें जीतकर इतिहास रचने की तैयारी कर रही है। यही वजह है कि बीजेपी का पूरा फोकस राज्य की आधी आबादी यानी मातृ शक्ति पर है। लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी को प्रदेश में तकरीबन 61 फीसदी वोट मिले थे। जबकि विपक्षी दल कांग्रेस का वोट 31 फीसदी पर ही रुक गया था। बीजेपी के अंदरूनी आकलन के मुताबिक 61 फीसदी वोट में सबसे ज्यादा मातृशक्ति का वोट भाजपा को मिला। इसके अलावा साल 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं ने बीजेपी को बढ़-चढ़कर वोट दिया था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने जो पांचों सीटें जीती थीं, उनमें जीत का अंतर ढाई से तीन लाख के बीच था।

### मातृशक्ति पर राजनीतिक दलों की नजर



## महिला वोटरों को रिझाने के लिए कांग्रेस-भाजपा की कोशिश

**देहरादून,** 8 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल आधी आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए तमाम तरह के आयोजन कर रहे हैं। बीजेपी जहां नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम, लखपति दीदी योजना, यूनिफॉर्म सिविल कोड और महिला आरक्षण जैसी योजनाओं के जरिए मातृशक्ति को अपने पाले में लाने का प्रयास कर रही है तो वहीं कांग्रेस ने भी चुनाव में उतरने से पहले उत्तराखंड में महिलाओं की सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों को उठा रखा है। हालांकि दोनों ही पार्टियां एक दूसरे के कार्यक्रमों पर सवाल खड़े कर रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट के अनुसार बीजेपी की नीतियां और योजनाएं केवल दिखावा हैं। शीशपाल बिष्ट का आरोप है कि प्रदेश में नारी उत्पीड़न के मामले हों या फिर अन्य विषय सभी मसलों पर ये सरकार विफल रही है। वहीं बीजेपी के प्रवक्ता वीरेंद्र बिष्ट का कहना है कि आज पीएम मोदी के साथ समस्त नारी शक्ति का एक तरफा समर्थन देखने को मिल रहा है। इसकी वजह मोदी सरकार की महिलाओं के लिए जलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाएं हैं।

## विधि विधान से 10 मई को खुलेंगे बाबा केदार के कपाट

### शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से 6 मई को डोली होगी रवाना

■ विश्वनाथ मंदिर में होगा अतिरिक्त रात्रि प्रवास

**रुद्रप्रयाग,** 8 मार्च (देशबन्धु)। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी व पर्वतराज हिमालय की गोद में बसे भगवान केदारनाथ के कपाट खोलने की तिथि महाशिवरात्रि पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में पंचाग गणना के अनुसार घोषित कर दी गयी है।

भगवान केदारनाथ के कपाट 10 मई को अमृत बेला पर प्रातः 7 बजे वृष लगन में ग्रीष्मकाल के लिए विधि-विधान से खोले जाएंगे, जबकि केदारपुरी के क्षेत्र रक्षक भैरवनाथ की पूजा 5 मई को शीतकालीन गद्दी ओंकारेश्वर मन्दिर में संपन होगी तथा 6 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से कैलाश के लिए रवाना होगी। इस बार भी भगवान केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली का विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी में अतिरिक्त रात्रि प्रवास होगा। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में मन्दिर समिति के पदाधिकारियों, अधिकारियों, विद्वान आचार्यों व हक-हकूधारियों की मौजूदगी में घोषित तिथि के अनुसार 5 मई को भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में केदारपुरी के क्षेत्र रक्षक भैरवनाथ की पूजा अर्चना विधि विधान से सम्पन्न की जाएगी। लोक मान्यताओं के अनुसार भैरव पूजन के बाद भैरवनाथ केदारपुरी को रवाना हो जाते हैं। 6 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से भक्तों के जयकारों व आर्मी की बैंड धुनों के साथ कैलाश के लिए रवाना होगी तथा विभिन्न यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीष देते हुए प्रथम रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 7 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली गुप्तकाशी से रवाना होकर नाला, नारायण कोटी, मैखण्डा यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं को आशीष देते हुए द्वितीय रात्रि प्रवास के लिए फाटा पहुंचेगी। 8 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली फाटा से रवाना होकर शेरसी, बड़ासू रामपुर, सीतापुर, सोनप्रयाग यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीष देते हुए अन्तिम रात्रि प्रवास के लिए गौरीमाई मन्दिर गौरीकुण्ड पहुंचेगी तथा 9 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली गौरीकुंड से रवाना होकर जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली होते हुए केदारनाथ धाम पहुंचकर भंडार गृह में विराजमान होगी तथा 10 मई को प्रातः 7 बजे वृष लगन में भगवान केदारनाथ के कपाट विधि-विधान व जय शंकर जय केदार के उदघोष के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे।



इस मौके पर रावल भीमाशंकर लिंग, मन्दिर समिति अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भटट्, पूर्व विधायक मनोज रावत, मन्दिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, सदस्य बीरेन्द्र असवाल, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, पूर्व अध्यक्ष रीता पुष्वाण, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजीव भटट्, प्रधान सन्दीप पुष्वाण, कार्यधिकारी आरसी तिवारी, पूर्व कार्यधिकारी अनिल शर्मा, राजकुमार नौटियाल, कुशाल सिंह नेगी, यदुवीर पुष्वाण, देवानन्द गैरोला, स्वयम्बर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, विश्वमोहन जमलोकी, प्रकाश पुरोहित, नवीन मैठाणी, बिक्रम रावत, डीएस भुजवाण, रमेश नेगी, सहित मन्दिर समिति पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्वान आचार्य, हक-हकूकधारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रादेशिकी

### महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करके प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की

**गोरखपुर।** देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन महापर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्य, सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन और विधि-विधान से जलाभिषेक कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। यहां गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने आते हैं।

# दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग का शुभारंभ : योगी

- इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण
- गीडा के विस्तार से दक्षिणांचल नए युग में करेगा प्रवेश

**लखनऊ/गोरखपुर,** 8 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धुरियापार समेत गोरखपुर के जिस दक्षिणांचल को लेकर यह मान लिया गया था कि यहां कुछ हो ही नहीं सकता, उसी गोरखपुर के दक्षिणांचल में महाशिवरात्रि के पावन महापर्व पर औद्योगीकरण के युग का शुभारंभ हो गया है।

सीएम योगी शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट के लोकार्पण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम योगी ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें भी दी। सीएम योगी ने 68 करोड़ रुपए से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 154 करोड़ रुपए से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम को चरितार्थ करता है। कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी तब लोगों ने मान लिया और कि यहां कुछ नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणांचल को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से गीडा से जोड़ा जा रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। लिंक एक्सप्रेसवे के साथ ही रामजानकी मार्ग का काम तेजी से चल रहा है।

गीडा के विस्तार से दक्षिणांचल नए युग में प्रवेश कर जाएगा। यहां के नौजवानों को नौकरी और रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। देश-दुनिया के लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीजी प्लांट में काम करने वाले 120 लोगों में कुछ गोरखपुर के हैं तो कुछ अन्य जगहों के। पराली की आपूर्ति से किसान और गोबर की आपूर्ति से पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ाने में सफल होंगे। सीबीजी प्लांट से पकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। यहां तैयार होने वाली जैविक खाद से धरती माता की सेहत भी ठीक रहेगी। जैविक खाद के प्रयोग से खेतों की उर्वरता बनी रहेगी।



**सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने व किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है : योगी आदित्यनाथ**

### यूपी में 100 सीबीजी प्लांट होंगे : हरदीप सिंह पुरी


**गोरखपुर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय में यूपी में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, किसानों की आमदनी बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा प्रयास है। इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपए की पूंजी से स्थापित हुआ है।(इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष , 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियों के गोबर का उपयोग होगा।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा का शनिवार को अंतिम दिन

- 22 फरवरी से शुरू हुई थी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा
- 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**लखनऊ/प्रयागराज,** 8 मार्च (देशबन्धु)। शनिवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा का अंतिम दिन है। दोनों पालियों में दो लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड ने शुक्रवार को शिवरात्रि के अवकाश में भी परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी की समीक्षा की। अब तक की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हुई थी और नौ मार्च तक कुल 16 दिन तक यह परीक्षा चली। परीक्षा के दौरान कई दिन गैप भी रहा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचिता के साथ संपन्न कराने में सफल रहा है।

शनिवार को प्रथम पाली हाईस्कूल में गुजराती, उर्दू, पंजाबी आदि विषयों की परीक्षा 3409 केंद्रों एवं इंटर की व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा 1091 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इनमें हाईस्कूल में 63508 एवं इंटर में 32,475 समेत कुल 95983 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। द्वितीय पाली में इलेक्ट्रिशियन,आपदा, प्रबंधन, सोलर सिस्टम, रिपेयर व प्लम्बर विषय की परीक्षा एक केंद्र तथा इंटर की संस्कृत व कृषि वर्ग के विषयों की परीक्षा 5613 केंद्रों पर होगी।



हाईस्कूल के 37 परीक्षार्थी और इंटर में 12,7941 परीक्षार्थी समेत कुल 1,27,978 परीक्षार्थी पंजीकृत है। दोनों पालियों में 2,23,924 पंजीकृत हैं। गौरतलब है कि परीक्षा में कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें हाईस्कूल में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी थे। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि नौ मार्च की परीक्षा की तैयारी को लेकर आज भी बोर्ड कार्यालय में काम होता रहा। साथ में मूल्यांकन को लेकर भी काम शुरू हो गया है।

## सार संक्षेप


### विधिक साक्षरता व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022-2023 के अनुपालन में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला शरणालय, मेरठ में किया गया। उक्त कार्यकम में उपस्थित बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारो के बारे में कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित बालिकाओं को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ, रीमा राठी, अधीक्षिका राजकीय महिला शरणालय, मेरठ तथा प्रर्मिला सिहं, नर्सरी अध्यापिका राजकीय महिला शरणालय, मेरठ द्वारा सम्बोधित किया गया। उक्त वक्ताओं द्वारा उपर्युक्त विषय पर कानूनी रूप से जानकारी दी गयी तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**मेरठ।** शुक्रवार को जैनपुर, अकबरपुर गांव की महिलाओं के साथ मिलकर एक गैरसरकारी संगठन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान एक सभा की जिसमें महिलाओ ने सभी राजनीतिक दलों से चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने की अपील करने की बात कही। कहा कि अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। देश में बाल विवाह के खिलाफजारी लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित हो सकने वाला यह अहम निष्कर्ष देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अभियान चला रहे।

### डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होने वहां कंट्रोल रूम, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### लोस चुनाव को बीएसएफ ने जिले में डाला डेरा

**फर्रुखाबाद।** जनपद की 40 लोकसभा सीट के चुनाव के लिए बीती रात बीएसएफ नें यहां डेरा जमा लिया। बीएसएफ अधिकारियों नें जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ मंत्रणा की। बीती रात जनपद मुख्यालय पर बीएसएफ की टुकड़ी पंहुच गई। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह नें बीएसएफ असिस्टेंट कमांडेंट का बुके देकर स्वागत किया।

## लोकसभा प्रत्याशी चंदन चौहान का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मवाना**, 8 मार्च (देशबन्धु)। बिजनौर लोकसभा सीट से भाजपा-गठबंधन मीरापुर विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी चंदन चौहान का पहली बार मवाना पहुंचने पर भाजपा जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने माला पटका पहनाकर स्वागत किया और परिचय सम्मेलन में एकजुट होकर विजयश्री प्राप्त करने का संकल्प दिलाया।



सर्वप्रथम नगर पालिका आरो प्लांट एवं गार्डन सिटी में शुक्रवार को कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निर्देशन में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर सुनील सिंघल, संजय भटनागर , नरेन्द्र सिंह, अमल खटीक, कपिल प्रधान नासरपुर, संजीव राणा, डा. प्रमोद जैनर , अखिल कुमार कौशिक, समीर चौहान , विकास पंवार , सुनील पोसवाल, टीपू गुप्ता , विनोद गुप्ता, सोमनाथ पपनेजा, सौरभ शर्मा, नीरज गोयल, योगेश प्रधान, ब्रहम सिंह प्रमुख, योगेंद्र प्रधान, राष्ट्रीय लोकदल संगीता दोहरे, मनीषा अहलावत, मेहरपाल पहाड़पुर, नरेंद्र खजूरी, संजय पनवाड़ी, पूर्व चेयरमैन मवाना अय्यूब कालिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कौशिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आरआईटी में मनाया महाशिवरात्रि व राष्ट्रीय महिला दिवस

**मवाना,** 8 मार्च (देशबन्धु)। मेरठ-मवाना मार्ग स्थित रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैं शुक्रवार को महाशिवरात्रि और राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल व निदेशक डॉ मनोज शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. सोमेंद्र तोमर और अंजलि तोमर ने संयुक्त रूप से रुद्राभिषेक कर किया । अनुष्ठान में संस्थान के सभी अधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया और एक आध्यात्मिक रूप से उत्साहित और सौहार्दपूर्ण दिन की रूपरेखा तैयार की।

राष्ट्रीय महिला दिवस के सार को अपनाते हुए, कॉलेज सचिव अंजलि तोमर ने स्वावलंबन महिला विकास सेल का अनावरण किया। इस सेल की स्थापना के पीछे का उद्देश्य केवल उत्सव मनाने से कहीं अधिक है - इसका उद्देश्य महिला अधिकारियों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करना और आत्मनिर्भरता योजनाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं को सशक्त बनाना है। यहां पर रुचिका गुप्ता, निधि शर्मा, मोनी उपाध्याय, रिचा शर्मा, सदफअसलम, डॉ. मनोज शर्मा, कॉलेज डीन रुचिका गुप्ता, संजीत सिंह, निधि शर्मा, सुमित काकरान, राहुल पोसवाल आदि उपस्थित रहे।



### महाशिवरात्रि पर बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे शिवालय



**मवाना।** महाशिवरात्रि पर्व नगर और देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हो उठा। शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का दिन भी आवागमन बना रहा। इस पावन पर्व पर बहुत श्रद्धाभाव से भक्तों ने आशुतोष भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके अलावा शिव जी को प्रसन्न करने के लिए भक्तों ने कई तरह के अभिषेक से पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की। महाशिवरात्रि पर नगर के साथ देहात क्षेत्र के मंदिरों में जगह-जगह भंडारे लगाए गए। मध्य गंग नहर पटरी किनारे भंडारा लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा मेरठ मवाना मार्ग स्थित महादेव मंदिर व देहात क्षेत्र के मंदिरों पर सामाजिक संगठनों ने भंडारे लगाए और प्रसाद बांटा।

## स्वयं को तलाशना नहीं तराशना ही तप : भावभूषण महाराज



**मवाना/हस्तिनापुर,** 8 मार्च (देशबन्धु)। प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 20वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक उमेश जैन अभिषेक जैन शान्तिधारा धर्मचन्द जैन, अनुराग जैन और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन मोनिका, महिला मण्डल मवाना ने किया। सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया।

विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि- स्वयं को तलाशने की नहीं बल्कि तराशने का प्रयास करो। क्योंकि जब एक पत्थर को तराशा जाता है तो वह भगवान बन जाता है। तप तभी फलदायी होगा जब तुम मन की इच्छाओं पर नियंत्रण रखोगे। आकांक्षाओं और विकल्पों का त्यागना ही तप है। तदोपरान्त देव-शास्त्र-गुरू की पूजन आदिनाथ भगवान की पूजन के उपरांत विभिंन प्रांतो से आये 101 परिवारों ने भगवंतो को 48 अर्घ्य चढ़ा पुण्य का संचय किया।

रात्रि में विधान के मध्य संगीत की मधुर लहरी पर चंचल, शिल्पी, रंजीता, बबीता जैन ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्वालुओं को भाव विभोर कर दिया। शुक्रवार को विधान का विसर्जन कमल जैन पंच परमेष्ठी की आरती किया गया।

## जमीन बटवारें को लेकर बेटे ने अपने पिता व सौतेली माता को उतारा मौत के घाट

**फर्रुखाबाद**, 8 मार्च (देशबन्धु)। जमीन बटवारे को लेकर बेटे ने अपने पिता और सौतेली माता को मौत के घाट उतार दिया है। जिसके बाद क्षेत्र की थाना पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया। जनकारी देदें कि थाना कादरीगेट के बालाजीपुरम निवासी मनोज कुमार पाल पुत्र ओमप्रकाश को थाना कादरीगेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मनोज कुमार पाल ने अपने पिता व सौतेली माता को जमीन जायदाद के बटवारें के चक्कर में कैंची व ईंट के माध्यम से मौत के घाट उतार दिया है। जिसके पास से पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान कैंची व खून से सने हुए कपड़े बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मेरा अपने पिता व सौतेली माता से जमीन जायदाद के बटवारे को लेकर विवाद था। मेरी सौतेली माता जायदाद सौतेली बहन गुंजन उर्फ रूबी के नाम करना चाहती थी। इसलिये मैने गुस्से में आकर अपने माता पिता की ईट व कैची से प्रहार कर हत्या कर दी।

## छात्राओं ने मतदाता जागरुकता पर पोस्टर व स्लोगन बनाए

**मवाना,** 8 मार्च (देशबन्धु)। लक्ष्मी देवी आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर संरक्षिका डॉक्टर शक्ति साहनी के संरक्षण, कार्यक्रम अधिकारी सरोज चौहान के संयुक्त निर्देशन में लगाया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर पोस्टर एवं स्लोगन बनाए तथा मतदाताओं को जागरूक किया। छात्राओं ने मतदाताओं से अपील की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें तथा अपने राष्ट्रीय दायित्व का निर्वाह करें। सलोनी, लविषा, अंजलि, अनम व सीमा ने अपने विचारों को मतदाताओं को जागरूक किया। शिविर के दूसरे सत्र में छात्राओं ने श्रमदान किया। नारी सशक्तिकरण पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर शक्ति साहनी ने की। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रिता ऐरन रही। कार्यक्रम अधिकारी ने गोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। शिविर में भारत की उन नारियों को नमन किया गया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक नई पहचान दी। प्राचार्या डा.शक्ति साहनी ने महाशिवरात्रि व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि नारी ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नई ऊंचाइयां दी है।

**आयोजन** *चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ*

## सरकार दिव्यांगजनों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध : नरेन्द्र कश्यप

**मेरठ, 8 मार्च (देशबन्धु)। जनपद मेरठ में राज्य निधि योजनान्तर्गत "दिव्य कला महोत्सव" के अवसर पर दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादो एवं अन्य क्रियाकलापों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रदर्शनी का आयोजन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं भारतीय विकलांग मित्र ट्रस्ट द्वारा संचालित वाणी स्कूल एण्ड रिसर्च सेन्टर मेरठ द्वारा दिनांक 8 मार्च से दिनांक 9 मार्च 2024 तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ आज नरेन्द्र कश्यप, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा किया गया।**

मंत्री द्वारा 22 मोटोराइज्ड ट्राईसाइकिल, 120 ट्राईसाइकिल, 15 कान की मशीन एवं 24 लेप्रोसी किट कुल 181 सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया गया मंत्री द्वारा यह बताया गया कि जनपद मेरठ में वर्श 2017-18 से अब तक कुल 4191 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण वितरित किये गये। विभाग द्वारा 04 दिसम्बर, 2022 को पहली बार 140 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की गयी इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा भी भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के माध्यम से 1 दिसम्बर, 2023 को 701 लाभार्थियों को कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण वितरित किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद मेरठ में कुल 14071 दिव्यांगजनों के खाते में 10 हजार प्रतिमाह की दर से कुल 12 हजार की धनराशि प्रतिवर्ष प्राप्त हो रही है इसके अतिरिक्त 72 कुष्ठ रोग दिव्यांगजन के खातों में 3 हजार प्रतिमाह की दर से कुल 36 हजार की धनराशि भेजी जा रही है Kकार्यक्रम में राजेन्द्र अग्रवाल सांसद मेरठ-हापुड़, धर्मेन्द्र भारद्वाज, सदस्य विधान परिषद्, अजीत कुमार, विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रदेश शासन, दीपक मीणा जिलाधिकारी मेरठ, अम्बरीष कुमार, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, शरद श्रीवास्तव, उपनिदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, डॉ0 प्रीतिलता राजपूत, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगजन द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता आदि में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

- मंत्री ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण देकर किया लाभान्वित



### सुभारती को मिला राष्ट्रीय कानूनी जागरुकता अवार्ड

**मेरठ,** 8 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली स्थित होटल पार्क में भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय कानूनी जागरूकता अवार्ड मिला। इसके साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज को महिला दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्रीय महिला नेतृत्व अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय को महिला अधिकारों की सुरक्षा हेतु सुझावों पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला। यह सम्मान मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश ज्ञान सुधा मिश्रा, न्यायाधीश धर्मेश शर्मा एवं भागीदारी जन सहयोग समिति के सेक्रेट्री जनरल विजय गौड़ ने डॉ. अभय शंकरगौड़ा, एम याकूब व डॉ.वैभव गोयल को सम्मानित किया।

## आत्मरक्षा के बारे में जानकारी महिलाओं को सशक्त बनाती है : समीक्षा भटनागर

**मुंबई।** महिला दिवस पर एक्ट्रेस समीक्षा भटनागर ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को आत्मरक्षा के बारे में सशक्त बनाना काफी महत्वपूर्ण है। समीक्षा ने कहा कि आत्मरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। इससे अपने आस-पास होने वाले संभावित खतरों को पहचानने में आसानी होती है। जागरूकता व्यक्तियों को खतरनाक स्थितियों का अनुमान लगाने और उनसे बचने में सक्षम बनाती है। इसके अलावा, स्वयं की रक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने से आत्मविश्वास और दृढ़ता पैदा होती है, यह ऐसे गुण हैं जो संभावित हमलों को रोक सकते हैं। समीक्षा ने कहा कि शारीरिक आत्मरक्षा तकनीक सीखने से महिलाओं को खतरे की स्थिति से बाहर निकलने में सहायता मिलती है।

# वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल अध्ययन में भारतीय शोधकर्ता व डॉक्टर आगे : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के शोधकर्ता और डॉक्टर स्वास्थ्य देखभाल अध्ययन में दुनिया में अग्रणी हैं। क्यूरियस के संस्थापक प्रोफेसर जॉन एडलर और स्प्रिंगर नेचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एमडी वेंकटेश सर्वसिद्धि ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में आईएएनएस से कहा, 372 अरब डॉलर के बाजार के साथ भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र दुनिया भर में सबसे बड़े बाजारों में से एक है और देश में होने वाले शोध और नवाचार के साथ इसके और भी आगे बढ़ने की उम्मीद है। **क्यूरियस इंडिया मेडिकल साइंस एंड पब्लिशिंग सिम्पोजियम:** इनोवेटिंग फॉर टुमॉरो में जॉन एडलर ने कहा कि भारत में चल रहे शोधों से पता चलता है कि यहां चिकित्सा का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि



मुझे लगता है कि यहां स्वास्थ्य सेवा में एक नई क्रांति हो रही है, खासकर कम लागत वाली स्वास्थ्य सेवा, जिसे बाकी दुनिया को सीखने की जरूरत है और क्यूरियस उन कहानियों को बताने का माध्यम है। गौरतलब है कि क्यूरियस एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है, जो दुनिया भर में चिकित्सा ज्ञान को शेयर करने और बढ़ावा देने के लिए क्राउडसोर्सिंग का उपयोग करता है। स्प्रिंगर नेचर इंडिया के एमडी वेंकटेश सर्वसिद्धि ने आईएएनएस को बताया कि युवा शोधकर्ताओं और डॉक्टरों को अधिक शोध प्रकाशित करने के लिए सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर मैं अपने वैश्विक आंकड़ों पर गौर करूं तो हमारे मंच पर हर साल 18 हजार लेख प्रकाशित होते हैं और 4 हजार से अधिक लेख अकेले भारत से आते हैं, जो भारतीय शोधकर्ताओं और डॉक्टरों के लेखों का 20 से 23 प्रतिशत के करीब है। अपने हालिया जी 20 संबोधन के दौरान, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी स्वास्थ्य देखभाल उन्नति में अनुसंधान और विकास के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने इस क्षेत्र में एक नए वातावरण को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों का उल्लेख किया। जॉन ने कहा कि भारत न केवल आज चिकित्सा के क्षेत्र में एक पावरहाउस है, बल्कि आने वाले दशकों में यह और भी ताकतवर होने जा रहा है। चिकित्सा के सभी क्षेत्रों में बहुत सारे नवाचार हो रहे हैं। यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि अगली बड़ी सफलता कहां मिलेगी। जरूरी नहीं कि यह दुनिया के बड़े अस्पताल हों।

## नई गुणवत्ता वाली उत्पादक शक्तियां चिकित्सा देखभाल से लोगों को लाभ पहुंचाने में सहायक

**बीजिंग।** नई गुणवत्ता वाली उत्पादकता के विकास से भारी आयन चिकित्सा उपकरणों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिलेगी, जिससे उच्च-स्तरीय चिकित्सा उपचार से धीरे-धीरे जनता को लाभ होगा। पेइचिंग में एनपीसी के वार्षिक बैठक में भाग ले रहे प्रतिनिधि, चीनी विज्ञान अकादमी के शिक्षाविद ज़ान वेनलोंग ने संवाददाता के साथ एक विशेष साक्षात्कार में यह इच्छा व्यक्त की। इस वर्ष एनपीसी और सीपीपीसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान ज़ान वेनलोंग ने कहा कि चीन के घरेलू उच्च-स्तरीय भारी आयन चिकित्सा उपकरणों के उपयोग और प्रचार में तेज़ी लाना और चीन के चिकित्सा उद्योग के निदान और उपचार स्तर में सुधार करना आवश्यक है। पूरी दुनिया में, हैवी आयन थेरेपी, ट्यूमर के इलाज़ के लिए सबसे बड़ा वरदान है। अब, जबकि घरेलू उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में सबसे आगे पहुंच गए हैं, हमें उम्मीद है कि प्रचार में और तेज़ी आएगी। चीन द्वारा नई गुणवत्ता वाली उत्पादक शक्तियों के विकास से इस क्षेत्र में उत्पादकता में और सुधार हो सकता है। इससे लोगों को लाभ मिल सकता है और उच्च-स्तरीय चिकित्सा उपचार को धीरे-धीरे आम जनता को लाभान्वित करने में सक्षम बना सकता है।

# अब महज 30 मिनट में होगा ब्रेन ट्यूमर का इलाज

## दक्षिण एशिया में पहला जैप एक्स लाएगा उपचार में क्रांति

**नई दिल्ली,** 8 (देशबन्धु)। अब महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव होगा। यह एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से मुमकिन हुआ है जिसे पूरे दक्षिण एशिया में पहली बार भारत में अपोलो अस्पताल ने शुरू किया है। 30 मिनट के सत्र में मरीज को इस प्रक्रिया के तहत न कोई दर्द और न किसी तरह का दुष्प्रभाव होने वाला है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रताप चंद्र रेड्डी ने बताया कि यह परिवर्तनकारी तकनीक न्यूनतम विकिरण जोखिम के साथ परिशुद्धता को फिर से परिभाषित करती है, जिससे प्रभावशीलता और रोगी आराम में नए मानक सक्षम होते हैं। पारंपरिक तरीकों के विपरीत जैप-एक्स हजारों संभावित कोणों से रेडियो सर्जिकल बीम को निर्देशित करने के लिए एक स्व-परिरक्षित, जाइरोस्कोपिक रैखिक त्वरक डिजाइन का उपयोग करता है। यही कारण है कि यह तकनीक सीधे ट्यूमर पर विकिरण को सटीक रूप से केंद्रित करती है। यह नवोन्वेषी विधि मस्तिष्क स्टेम, आंखों और ऑप्टिक तंत्रिकाओं का विकिरण से बचाव



भी करती है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक प्राथमिक और मेटास्टैटिक ब्रेन ट्यूमर, आर्टेरियोवेनस मैलफॉर्मेशन (एवीएम), ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, पार्किंसंस रोग, मिर्गी और अन्य इंट्राक्रैनियल घावों जैसे मेनिंगियोमास, ध्वनिक न्यूरोमास और पिट्यूटरी एडेनोमास जैसे विकारों के इलाज में सक्षम है। वहीं, इस अवसर पर स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन के न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और जैप सर्जिकल के संस्थापक व सीईओ प्रो. जॉन आर एडलर ने कहा कि स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी पिछली शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रगति में से एक है। मरीजों को अब दुर्बल करने वाली सर्जिकल सर्जरी का अनुभव नहीं करना पड़ेगा। इतना ही नहीं अब पूरे मस्तिष्क को रेडियोथेरेपी से गुजरने के कारण संज्ञानात्मक क्षमता नहीं खोनी पड़ेगी। जैप-एक्स रेडियो सर्जरी के साथ मरीजों को अब एक आउट पेशेंट सेटिंग में जल्दी से इलाज किया जा सकता है और बिना किसी चीरे व दर्द वह उसी दिन अपने घर लौट सकता है।

# उत्तर रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (देशबन्धु)। आयोजित समारोह के अंतर्गत, उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों को पिंक स्टेशन घोषित किया गया तथा इन स्टेशनों पर महिला स्टाफ द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को चिह्नित करने और महिला समानता के बारे में जागरूकता लाने, लैंगिक समानता बढ़ाने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करना है। समारोह के हिस्से के रूप में, आज उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों यथा फिरोजपुर मंडल पर फिरोजशाह, अंबाला



मंडल पर मोहाली, लखनऊ मंडल पर मल्हौर तथा मानक नगर और दिल्ली मंडल पर दिल्ली सफदरजंग को पिंक स्टेशन घोषित किया गया है । इन सभी स्टेशनों पर महिला कर्मचारियों द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन स्टेशनों का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। गार्ड, सहायक स्टेशन मास्टर, लोको पायलट और आरपीएफ की ड्यूटी भी महिला कर्मचारियों द्वारा निभाई जा रही है । पिंक स्टेशन, रेलवे में एक नयी पहल है। ये स्टेशन केवल महिला कर्मचारियों द्वारा चलाए जाते हैं और उनके द्वारा ही प्रबंधित भी किए जाते हैं। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने का अच्छा तरीका है क्योंकि यह महिला कर्मियों और यात्रियों के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराता है। यह पहल ऐसे लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के साथ ही साथ सहायक समुदाय बनाने के लिए एक मंच प्रदान करने का भी माध्यम है।

# महाशिवरात्रि पर देवघर के कामना ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब

**देवघर,** 8 मार्च (एजेंसियां)। विशिष्ट धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं वाले देवघर स्थित कामना ज्योतिर्लिंग पर जलार्पण के लिए महाशिवरात्रि के दिन भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तीन बजे मंदिर का पट खुलने के बाद पारंपरिक कांचा जल पूजा और सरकारी पूजा हुई। इसके बाद आम भक्तों के लिए साढ़े चार बजे मंदिर के कपाट खोले गए।

शाम छह बजे तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। यह सिलसिला रात के करीब साढ़े नौ बजे तक जारी रहेगा। सुबह से ही मंदिर से लेकर पांच किलोमीटर दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। इस बीच बाबा मंदिर के प्रशासनिक भवन में मशाल जलाकर पारंपरिक शिव बारात निकाली जा रही है।

इस मंदिर में महाशिवरात्रि के अनुष्ठान की परंपराएं अत्यंत विशिष्ट हैं, जिसकी शुरुआत वसंत पंचमी से हो जाती है। उस दिन बिहार के मिथिलांचल और हिमालय की तराई वाले नेपाल से लगभग एक लाख लोग भगवान शंकर के लिए तिलक लेकर पहुंचे थे। सभी शिवालयों में त्रिशूल होते हैं,



लेकिन बाबाधाम परिसर स्थित सभी 22 मंदिरों में पंचशूल हैं।

परंपराओं के मुताबिक महाशिवरात्रि से दो दिन पहले पंचशूलों को उतारकर उनकी चारों पहर विशिष्ट पूजा की गई और महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पहले पंचशूलों को मंदिरों के शिखर पर स्थापित किया गया। पंचशूल दर्शन और पूजा के लिए भी भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे।

## महाशिवरात्रि पर मंदिर दर्शन करने गई एक्ट्रेस निम्रत कौर ने साझा की तस्वीरें

**मुंबई।** पूरे देश में महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षो-उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं, बॉलीवुड में भी लोग भगवान शिव की भक्ति में लीन दिख रहे हैं। इस बीच अभिनेत्री निम्रत कौर ने त्रिम्बकेश्वर शिवा टेम्पल के दर्शन की कुछ तस्वीरें साझा कीं हैं। मुंबई, 8 मार्च (आईएएनएस)। पूरे देश में महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षो-उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं, बॉलीवुड में भी लोग भगवान शिव की भक्ति में लीन दिख रहे हैं। इस बीच अभिनेत्री निम्रत कौर ने त्रिम्बकेश्वर शिवा टेम्पल के दर्शन की कुछ तस्वीरें साझा कीं हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने मंदिर दर्शन से जुड़ी कई तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री पहली तस्वीर में सेल्फी लेती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, तस्वीर के पीछे की पृष्टभूमि मंदिर की नजर आ रही थी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की आलिया भट्ट ने खास अंदाज में दी शुभकामनाएं

**मुंबई,** 8 मार्च (एजेंसियां)। 8 मार्च का दिन महिलाओं के लिए समर्पित है। दुनियाभर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने महिला दिवस पर तस्वीर पोस्ट करते हुए एक नोट लिखा। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने हाथ में लाल दिल पकड़े हुए एक तस्वीर पोस्ट की। एक्ट्रेस ने तस्वीर को कैप्शन दिया कि मेरी लिटिल वुमन ने इसे मेरे लिए बनाया है। मैं इसे आप सभी के साथ शेयर करती हूं। महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं। आज और अपने शेष जीवन के हर दिन का जश्न मनाने के लिए एक मिनट का समय निकालें। आलिया की पोस्ट पर उनके फैंस ने कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा कि राहा (आलिया की बेटी) इतनी बड़ी हो गई क्या जो ये सब बना लेती है। एक अन्य यूजर ने कहा कि यह बहुत प्यारी है... लेकिन वह छोटी महिला कौन है? वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि हमें प्रेरणा देते रहिए। बता दें कि आलिया भट्ट को आखिरी बार अमेरिकी जासूसी एक्शन थ्रिलर हार्ट ऑफ स्टोन में देखा गया था।



# महिला दिवस : बिहार के नालंदा की बेटियां आत्मरक्षा के लिए बन रही आत्मनिर्भर

**बिहारशरीफ,** 8 मार्च (एजेंसियां)। आमतौर पर महिलाएं हों या लड़कियां -- आत्मरक्षा के मामले में खुद को कमजोर मानती हैं। लेकिन, नालंदा में लड़कियां इन दिनों आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। इनको तैयार करने का बीड़ा शीतल खड़गी ने उठाया है जो इन लड़कियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण देकर ना केवल मानसिक बल्कि शारीरिक तौर पर भी मजबूत बना रही हैं। नालंदा जिले की लड़कियां पुरुषों के साथ असमानता को दूर करने के लिए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पहले बिहार की अधिकांश लड़कियों को घर से बाहर निकलने में हिचकिचाहट होती थी, लेकिन अब अभिभावक खुद अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।



इसी कड़ी में बिहारशरीफ के हेल्थ क्लब में दर्जनों बच्चियों को मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभिभावक खुद अपनी बच्चियों को इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को आत्मरक्षा के लिए तैयार करना और उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। लड़कियों को प्रशिक्षण दे रही शीतल खड़गी बताती हैं कि पहले लड़कियों को घर से बाहर निकलने में डर लगता था, लड़कियों की शादी जल्द हो जाती थी। लेकिन, अब अभिभावक खुद अपनी बेटियों को प्रशिक्षण के लिए ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़कियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। वे कहती हैं कई लड़कियां बहुत जल्द सीख भी रही हैं। प्रशिक्षण ले रही छात्रा संजना वत्स ने कहा कि आज के समय में लड़कियों के लिए खुद को साबित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं और बस, उन्हें घर से निकलकर खुद को साबित करने का मौका दिया जाना चाहिए। वे कहती हैं कि जिस रफ्तार से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है, वैसी स्थिति में आत्मसुरक्षा बेहद जरुरी है।

# 'बस्तर' के लिए अदा शर्मा ने एक दिन में 15 केले खाकर बढ़ाया 10 किलो वजन

**मुंबई,** 8 मार्च (एजेंसियां)। अपकमिंग फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी में नजर आने वाली एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने लुक को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म के लिए एक्ट्रेस ने अपना 10 किलो तक वजन बढ़ाया। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में माओवादी विद्रोह पर आधारित फिल्म के लिए अदा को 10 किलो तक वजन बढ़ाना था, मगर साथ ही रोल में फिट भी रहना था। अपना वजन बढ़ाने के लिए एक्ट्रेस एक दिन में 15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाती थीं। अदा ने कहा कि मुझे 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' के लिए 10 किलो वजन बढ़ाना था। लेकिन मुझे बहुत फिट भी रहना था, पहाड़ों पर चढ़ने और राइफल के साथ एक्शन करने में भी सक्षम होना था। मैंने हर दिन लगभग 15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाए। एक्ट्रेस ने कहा कि हम जंगलों में शूटिंग कर रहे थे तो मेरी मां ने मुझे लड्डूओं का एक पूरा डिब्बा दिया। मैं दिन में चार लड्डू खाती थी। 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित है। इसमें इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी हैं।



# महिला दिवस : लड़कियों ने बनाई करंट मारने वाली पिस्टल, मनचलों को सिखाएगी सबक

**गोरखपुर,** 8 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर आईटीएम गीडा की तीन छात्राओं ने छेड़खानी करने वाले मनचलों को सबक सिखाने वाली अनोखी पिस्टल तैयार की है। यह पिस्तौल गोलियां नहीं, बल्कि 10,000 वोल्ट का करंट उगलेगी। इतना ही नहीं, यह पिस्टल मोबाइल के वाई-फाई या ब्लूटूथ से कनेक्ट हो कर इस्तेमाल की जा सकती है। पिस्टल बनाने वाली गोरखपुर आईटीएम गीडा की ये तीनों छात्राएं अंशिका पाठक, स्मिता जायसवाल, और प्रीति रावत हैं। दरअसल, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकारी स्तर पर लगातार प्रयास हो रहे हैं लेकिन दुश्वरियां कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। ऐसे में इन छात्राओं द्वारा बनाया गया यह इलेक्ट्रॉनिक पिस्टल बहुत सहयोगी साबित होने वाला है।

अंशिका पाठक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को देखते हुए हमने महिला सुरक्षा और आपात सेवा के लिए नारी शक्ति गन तैयार की है। अगर कोई किसी महिला के साथ परेशान करने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास करता है तो पीड़ित महिला इस



पिस्टल में लगे ट्रिगर को दबाकर सामने वाले को 10 हजार वोल्ट का करेंट दे सकती है। साथ ही इस डिवाइस से जुड़े फोन के माध्यम से आपात नंबर के जरिए उनकी मदद हो जाएगी। इसके अलावा इस डिवाइस को पिस्टल के अलावा किसी और रूप में भी बनाया जा सकता है। इस डिवाइस में कई अपातकालीन नंबर सेवाओं को जोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्भय नारी शक्ति डिवाइस पिस्टल को मोबाइल के वाई-फाई या ब्लूटूथ से कनेक्ट कर इस्तेमाल किया जा सकेगा। मुसीबत में महिलाएं अपनी आत्मरक्षा कर सकेंगी। पुलिस और परिवार के सदस्यों को बिना मोबाइल टच किये कॉल व लोकेशन भी भेज सकती हैं।

इस निर्भय नारी शक्ति पिस्टल को कॉलेज के इनोवेशन सेल में मात्र 15 दिनों मे तैयार किया गया है। इनका कहना है कि यह इलेक्ट्रानिक पिस्तौल किसी भी मोबाइल फोन के चार्जर से चार्ज किया जा सकेगा। एक घंटे के चार्ज पर 5 महीने तक काम कर सकता है। स्मिता जायसवाल ने बताया कि पिस्तौल की बॉडी को थ्रीड़ी प्रिंटर से तैयार किया गया है। पिस्तौल को हार्ड फ़ाइवर से तैयार किया गया है। तक़रीबन 125 ग्राम वजनी और चार इंच लम्बाई वाली यह पिस्टल बहुत छोटी है। महिलाएं इसे पर्श या पॉकेट मे आसानी से रख सकती हैं। इस पिस्टल को तैयार करने में 3,500 रूपए का खर्च आया है। इसके निर्माण में थ्रीड़ी प्रिंटर, ब्लूटूथ मॉड्यूल, 3.7 वोल्ट बैटरी, स्विच, डीसी टू एसी ट्रांसफार्मर इत्यादि का प्रयोग किया गया है। छात्राओं का कहना है इस पिस्टल को तैयार करने के पीछे किसी को नुकसान पहुंचाने का मकसद नहीं है। मुसीबत में फंसी महिलाओं की सुरक्षा करना ही एक मात्र मकसद है। पिस्तौल से गोली फायर नहीं होगी बल्कि 10,000 वोल्ट का करंट निकलेगा। मुसीबत के समय महिलाएं, असामाजिक तत्वों से अपनी आत्मारक्षा कर सकेंगी। ट्रिगर को दबाने से पिस्टल के बैरल प्वाइंट पर करंट फ्लो होगा। बॉडी के संपर्क में आने पर यह 1000 वोल्टेज से 10,000 वोल्टेज तक के करंट का झटका देगा। छात्राओं का कहना है कि पिस्टल के ट्रिगर को दो बार लगातार दबाने से इसमें परिवार के सदस्यों के नंबर पर कॉल और लोकेशन चला जायेगा जिससे वे मौके पर आसानी से पहुंच सकेंगे। संस्थान के सेक्रेटरी नीरज अग्रवाल व निदेशक एनके सिंह ने बताया कि कॉलेज के इनोवेशन सेल में छात्राएं निरंतर कार्य कर रहीं हैं। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई तरह के प्रोजेक्ट बनाए हैं। यह काफी उपयोगी है। इसे आगे चलकर प्रशासन के पास भेजा जाएगा, जिससे आने वाले समय में महिला सुरक्षा की अहम कड़ी बन सके। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी महादेव पांडेय ने बताया कि तकनीक हमेशा से ही हमारे जीवन को आसान बनाती आई है। अगर बात महिलाओं की सुरक्षा की हो तो नारी शक्ति जैसी डिवाइस काफी महत्वपूर्ण हो सकती है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.90 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.50 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.38 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.10 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.68 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.59 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.23 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.82 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.51 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# जम्मू-कश्मीर में हाईवे व रोपवे प्रोजेक्ट के लिए 2,093 करोड़ रुपए मंजूर



■ पर्यटन स्थल पटनीटॉप तक बेहतर कनेक्टिविटी की पेशकश की जाएगी

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में दो राजमार्गों का चौड़ीकरण और एक रोपवे परियोजना के लिए 2,093.92 करोड़ रुपए मंजूर किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-701 का राफियाबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार-चामकोट खंड के चौड़ीकरण के लिए 1404.94 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पैकेज वन में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में प्रोजेक्ट बीकन के तहत क्रियान्वित इस पहल का लक्ष्य 51 किमी मार्ग को टू-लेन में बदलना है। यह राजमार्ग क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण है। यह बारामूला और कुपवाड़ा जिलों को जोड़ने वाले रणनीतिक मार्ग का एक हिस्सा है।

गडकरी ने कहा कि श्रीनगर जिले में एसडीए पार्किंग (ज़बरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक 1.5 किमी रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि यह पहल हाइब्रिड न्यूटी मॉडल पर संचालित होती है, जिसमें मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह परियोजना श्रीनगर शहर और डल झील का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करने एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन साधन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंदिर तक आसान पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे यात्रा का समय लगभग 30 मिनट से घटकर लगभग 5 मिनट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह परिवहन के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल माध्यम के रूप में कार्य करता है। स्थानीय आबादी के लिए रोजगार के अवसर पैदा करता है और पर्यटन को बढ़ाकर क्षेत्र में आर्थिक लाभ लाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेनानी खंड के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 562.40 करोड़ रुपए के आवंटन को भी मंजूरी दी गई है। उधमपुर और रामबन जिलों में 39.1 किमी तक फैली यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग (ओ) के तहत ईपीसी मोड पर संचालित होती है। सड़क के सुधार से जम्मू के पर्यटन स्थल पटनीटॉप तक बेहतर कनेक्टिविटी की पेशकश की जाएगी।

# यूपी में आवश्यक सेवा प्रदाता के रुप में पहचानी जाएगी सेमीकंडक्टर यूनिट

■ ओपन एक्सेस के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की दी जाएगी अनुमति



पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय किए गए : योगेंद्र

**लखनऊ**, 8 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

उच्च शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पावर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। मंत्री ने बताया कि सेमीकंडक्टर इकाइयों को परिचालन और तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी। इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी, उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी में जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 54 रिंगिट उबलकर 4199 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की गिरावट के साथ 46.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, अरहर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में बदलाव नहीं हुआ।

# यात्रा व पर्यटन क्षेत्र में पैदा होंगे रोजगार के ढाई करोड़ अवसर : अमिताभ कांत

■ एफएचआरएआई ने आईजीबीसी के साथ की एक और साझेदारी



पर्यटन हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : अमिताभ कांत

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। भारत के जी 20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने भविष्यवाणी की है कि देश के यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में आने वाले वर्षों में रोजगार के ढाई करोड़ अतिरिक्त अवसर पैदा होंगे।

कांत ने शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के ट्रैवल फॉर लाइफ- टूरिज्म सस्टेनेबिलिटी समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सतत विकास की दिशा में अपनी राह बना रहा है, यह स्पष्ट है कि पर्यटन हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आने वाले वर्षों में ढाई करोड़ नई नौकरियां पैदा करने की क्षमता के साथ, पर्यटन न केवल आर्थिक समृद्धि को गति देता है, बल्कि देश के लिए डीकार्बोनाइजेशन का नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर भी प्रस्तुत करता है।

कांत ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के मुद्दे पर कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति खपत कम होने के बावजूद, हमें सक्रिय रूप से उभरती चुनौती का समाधान करना चाहिए। डीकार्बोनाइजेशन के लिए भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ एक आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है क्योंकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और अधिक लचीला भविष्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार में 6.55 बिलियन डॉलर की वृद्धि

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि 1 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया। 23 फरवरी को समाप्त हुए पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर हो गया था। बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। यह डॉलर की प्रचुर आपूर्ति को दिखाता है जो रुपये को मजबूत करने में मदद करेगा। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपये को स्थिर करने में मदद मिलती है। आरबीआई रुपए को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी कर वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। दूसरी ओर, देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट से आरबीआई के पास रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम हो जाती है।

### दक्षिण चीन सागर में तेल व गैस का नया भंडार

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय अपतटीय तेल निगम (सीएनओओसी) के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण चीन सागर में एक ऑयलफील्ड की खोज की गई, जिसमें 102 मिलियन टन तेल और गैस का भंडार है। लाइट क्रूड वाला काइपिंग साउथ ऑयलफील्ड, दक्षिण चीन सागर के पूर्वी भाग में, शेन्ज़ेन, ग्ुआंग्डोंग प्रांत से लगभग 300 किमी दूर स्थित है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑयलफील्ड में समुद्र की औसत गहराई लगभग 500 मीटर है, लेकिन सबसे गहरा क्षेत्र 4,831 मीटर है। सीएनओओसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी झोउ शिन्हुआई ने कहा कि गहरे पानी की खोज और डीप होल करने से तेल और गैस उत्पादन में वृद्धि होगी।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत


**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिये देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब अगले सप्ताह सोमवार को सामान्य कामकाज होगा।

# अपोलो हॉस्पिटल्स में दक्षिण एशिया के पहले जैप एक्स प्लेटफ़ॉर्म का अनावरण

■ ब्रेन ट्यूमर के इलाज में क्रांतिकारी प्रगति
■ तकनीक में कम से कम है विकिरण का जोखिम
■ ज्यादा से ज्यादा होगा सटीक इलाज




**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। आपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप इसने आज जैप एक्स गायरोस्कोपिक रेडियो सर्जरी प्लेटफ़ॉर्म का अनावरण करते हुए ब्रेन ट्यूमर के इलाज में क्रांतिकारी प्रगति की। यह पहली बार है कि दक्षिण एशिया में इस अभूतपूर्व तकनीक को पेश किया गया है। जैप एक्स के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स ने भारत और दुनिया भर में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने हेतु नवाचार और प्रतिबद्धता की अपनी विरासत कायम रखी है। जैप एक्स ब्रेन ट्यूमर के उपचार में नए युग की शुरुआत है, जो रोगियों को केवल 30 मिनट तक चलने वाले सत्रों में नॉन-इनवेसिव, दर्द-मुक्त उपचार प्रदान करती है। चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकने वाली इस तकनीक में विकिरण का जोखिम कम से कम है और ज्यादा से ज्यादा सटीक इलाज हो सकता है। इस प्रकार उपचार की प्रभावशीलता और उपचार के दौरान रोगी को कम से कम असुविधा के मामले में नए मानक स्थापित होते हैं। पारंपरिक तरीकों के विपरीत जैप एक्स सेल्फ-शील्डेड, जाइरोस्कोपिक लीनियर एक्सेलेरेटर डिज़ाइन का उपयोग करती है, जिसमें हजारों संभावित कोणों से रेडियोसर्जिकल बीम को निर्देशित किया जाता है और विकिरण को इच्छित ट्यूमर या लक्ष्य पर सटीक रूप से फोकस किया जाता है। यह नवोन्मेषी विधि ब्रेन स्टेम, आंखों और ऑप्टिक नर्व जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाने की क्षमता बढ़ाकर रोगी के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करती है साथ ही रोगी की संज्ञानात्मक कार्यक्षमताओं को सुरक्षित रखने के लिए मस्तिष्क के स्वस्थ ऊतकों के लिए एक्सपोज़र को भी काफी कम करती है।

जैप एक्स की प्रमाणित नैदानिक क्षमताएं, न्यूरोलॉजिस्ट और न्यूरोसर्जन को प्राइमरी और मेटास्टैटिक ब्रेन ट्यूमर, आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन (एपीएम), ट्राइजेमिनल न्यूरेल्जिया, पार्किंसंस रोग, मिर्गी और अन्य इंट्राक्रैनियल घावों जैसे कि मेनिंगियोमा, अकॉस्टिक न्यूरोमा और पिट्यूटरी एडेनोमा जैसे अन्य इंट्राक्रैनियल घावों का बेहतर सटीकता से इलाज करना संभव बनाएंगी साथ ही रोगियों पर साइड इफैक्ट भी कम पड़ेंगे।

अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रताप चंद्र रेड्डी ने इस अवसर पर कहा असाधारण स्वास्थ्य देखभाल सेवा देने के लिए अपनी क्षमताओं को लगातार बढ़ाने का प्रयास करते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स लगभग चार दशकों से अधिक समय से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे आगे रहा है। अपनी इसी परंपरा को जारी रखते हुए, हमने जैप एक्स का अनावरण किया है, जो ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए डिज़ाइन की गई एक नवोन्मेषी तकनीक है।

# 'मेक इन इंडिया' ने हमें विश्व का दूसरा सबसे बड़ा ऑडियो ब्रांड बनने में मदद की : अमन गुप्ता



अमन गुप्ता को सेलिब्रिटी क्रिएटर ऑफ द ईयर से किया सम्मानित

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। बोट कंपनी के सह-संस्थापक अमन गुप्ता ने शुक्रवार को मेक इन इंडिया की सराहना की। उनका कहना है कि मेक इन इंडिया जैसी पहल की मदद से वह विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा ऑडियो ब्रांड बन गए हैं। पीएम मोदी ने उन्हें नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड में बधाई भी दी। अमन गुप्ता को भारत मंडपम में सेलिब्रिटी क्रिएटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य इंडियन प्रोडक्ट्स को विश्व स्तर पर उसी तरह बेचना है जैसे लोग देश में बिग टेक प्रोडक्ट्स को खरीदने के लिए लाइन में लगते हैं।

अमन गुप्ता आगे कहा कि जब 2016 में स्टार्टअप इंडिया का अनावरण किया गया था, तब लोगों ने हमें गंभीरता से नहीं लिया। सात साल बाद, हम दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑडियो ब्रांड बन गए हैं। कंपनी के 70 प्रतिशत प्रोडक्ट्स अब देश में बनाए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं चाहता हूं एक अच्छा टेक ब्रांड दुनिया के अन्य हिस्सों में भी जाए। जिस तरह से हम विश्व ब्रांडों को देखते हैं, उसकी भी सराहना की जाए। भारत में ट्रू वियरेबल स्टीरियो (टीडब्ल्यूएस) शिपमेंट में 2023 में 34 प्रतिशत (साल दर साल) की वृद्धि हुई और बोट ने सालाना आधार पर 39 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बाजार का नेतृत्व किया। किफायती नए लॉन्च और घरेलू विनिर्माण के दम पर बोट ने लगातार चौथे साल बढ़त हासिल की।

# दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बना भारत, बढ़ा निर्यात



निर्यात में आई इस तेज ग्रोथ की वजह से ही मोबाइल फोन भारत की 5वीं सबसे बड़ा एक्सपोर्ट कमोडिटी बन गई : आइसीइए

**नई दिल्ली** मोबाइल इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2024 में यह अनुमान बढ़कर 1.2 लाख करोड़ हो जाने की उम्मीद है यानी एक दश में इसमें 7500 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

देश की इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री ने इस समय धूम मचाई है। करीब दस साल पहले देश की इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री ने जो टारगेट सेट किया था उसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस बारे में जानकारी सामने आई है, इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन की रिपोर्ट में, जिसमे कहा गया है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने 10 सालों के दौरान 4.1 लाख करोड़ रुपए के कुल 2.45 अरब मोबाइल फोन बनाए। वहीं अगर करीब दस साल पहले के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2014-15 में यह आंकड़ा महज 18,900 करोड़ रुपए था।

# 61 प्रतिशत महिलाएं निवेश के रूप में देखती हैं आवास




■ 16 प्रतिशत महिलाओं की पसंद हैं शेयर बाजार
■ 14 प्रतिशत महिलाएं पसंद करती हैं गोल्ड

**नई दिल्ली**, 8 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय महिलाओं की निवेश में सोच को लेकर एक नई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। करीब 61 फीसदी भारतीय महिलाएं आवास को पसंदीदा निवेश परिसंपत्ति क्लास के रूप में देखती हैं, 16 प्रतिशत शेयर बाजार को पसंद करती हैं और 14 प्रतिशत गोल्ड पसंद करती हैं।

रियल एस्टेट सर्विस कंपनी एनारॉक के अनुसार, करीब 78 प्रतिशत महिलाएं रहने के इरादे से घर खरीदती हैं और 22 प्रतिशत निवेश के लिए घर खरीदती हैं। एनारॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा कि आज महिलाएं घर खरीदने की प्रक्रिया में केवल प्रभावशाली नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्र फैसला लेने वाली भी हैं। महिलाएं खुद ही उपयोग और निवेश के लिए घर खरीद रही हैं। सर्वे में 5 हजार 510 महिलाओं को शामिल किया गया, जिसमें 50 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की थी। रिपोर्ट के अनुसार, रहने के लिए 57 प्रतिशत महिलाओं ने 3बीएचके और 29 प्रतिशत ने 2बीएचके फ्लैट को पसंद किया।

रिपोर्ट के अनुसार, करीब नौ प्रतिशत महिलाएं 4बीएचके या उससे बड़े घर की तलाश में थीं। 36 प्रतिशत महिलाओं ने 45 से 90 लाख रुपये की कीमत का घर खरीदना पसंद किया, जबकि 28 प्रतिशत महिलाएं 90 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए के बीच की कीमत वाले घर पसंद करती हैं।

इसके अलावा, 23 प्रतिशत महिलाएं 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाले घर खरीदना पसंद करती हैं। केवल 20 प्रतिशत 45 लाख रुपए से कम कीमत वाले घर खरीदना पसंद करती हैं।

## उत्पादकों को जून तक 6 प्रतिशत कोयला आयात करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने सभी बिजली उत्पादकों को जून 2024 तक अपनी कुल कोयला जरूरतों का 6 प्रतिशत आयात जारी रखने के निर्देश दिए हैं। गर्मियों में बिजली की मांग नई ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना है, जिसे देखते हुए सरकार ने ये निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने भी कहा है कि इस साल गर्मी अधिक पड़ेगी। केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने 4 मार्च की एक अधिसूचना में अनिवार्य आयात की तिथि बढ़ाई है। इसके पहले मंत्रालय ने इस माह के अंत तक कोयला आयात अनिवार्य किया था। हाल के एक नोट में बिजली मंत्री ने कहाथा कि घरेलू कोयले की उपलब्धता मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। मंत्रालय के 4 मार्च के दिशानिर्देश में कहा गया है, 'मंत्रालय ने बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की है।

# खेल जगत

## चोटिल हरलीन देओल बचे हुए डब्लूपीएल 2024 से बाहर

**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स की बल्लेबाज हरलीन देओल बचे डब्लूपीएल 2024 से बाहर हो गई हैं। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में चोट लगी थी। उनकी जगह बल्लेबाज़ भारती फुलमाली को चुना गया है। जायंट्स के तीसरे ग्रुप स्तर के मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय बेंगलुरु में उनके घुटने में चोट लग गई थी। वॉरियर्स के पहले ओवर में डीप कवर पर तैनात हरलीन दायीं ओर बॉल लेने जा रही थी लेकिन तभी उनके बायें घुटने में चोट लग गई। इसके बाद वह मैदान से बाहर चली गई और फिर मैदान पर नहीं लौटी। उनका डब्लूपीएल अभी तक अच्छा नहीं गया। वह गुजरात के पहले मैच में नंबर तीन पर उतरी और केवल आठ रन बना सकी। दूसरे मैच में वह ओपनर के तौर पर आई और 31 गेंद में 22 रन ही बना सकी। वॉरियर्स के खिलाफ मैच में वह नंबर तीन पर आई और 24 गेंद में केवल 18 रन बना सकी। उनकी जगह चुनी गई 29 वर्षीय फुलमाली ने 2019 में भारत के लिए दो टी20 खेले थे।



# रोहित और गिल का शतक, भारत को पहली पारी में 255 रन की बढ़त

## भारत ने चायकाल के बाद 1 रन में जुरैल, जडेजा व अश्विन के रूप में खोए 3 विकेट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (देशबन्धु)। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुभमन गिल के सीरीज के अपने अपने दूसरे टेस्ट शतकों और लंच के दूसरे और तीसरे ओवर में चार रन के भीतर इन दोनों के आउट होने के बाद अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे सरफराज खान और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले बाएं हाथ के देवदत्त पड्डीकल के अर्द्धशतकों भारत ने शुक्रवार को धर्मशाला में सीरीज के पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 120 ओवर में आठ विकेट पर 473 रन बनाए। तब कुलदीप यादव 55 गेंद खेल दो चौकों की मदद से 27 और जसप्रीत बुमराह भी 55 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 19 रन बनाकर खेल रहे थे और ये दोनों नौवें विकेट के लिए बेशकीमती 45 रन जोड़ चुके हैं। भारत के शीर्ष चार बल्लेबाजों में दो ने शतक और और दो ने अर्द्धशतक जड़े। भारत की कुल बढ़त 255 रन की हो गई और पहली पारी में उसके दो विकेट बाकी हैं और आखिरी टेस्ट पर उसने अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। इंग्लैंड पहली पारी में पहले ही दिन मात्र 218 रन पर ढेर हो गई थी।

80.1 वें ओवर में दूसरी नई गेंद से गेंदबाजी का आगाज करने वाले इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (4/170) ने दूसरे दिन पहले सरफराज, फिर देवदत्त पड्डीकल और ध्रुव जुरेल के रूप में तीन विकेट निकाले जबकि बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (2/126) ने रवींद्र जडेजा (15) और रविचंद्रन अश्विन(0) को पिच से मिली मदद का लाभ उठा आउट कर बोल्ड कर पैवेलियन लौटाया। चायकाल के बाद भारत ने नौ गेंदों के भीतर मात्र एक रन में तीन विकेट खो दिए और उसका स्कोर आठ विकेट पर 427 रन हो गया। मेहमान टीम के ऑफ स्पिनर बशीर और बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले की गेंद जिस तरह दूसरे दिन आखिर सत्र में घूमी उसे देखते हुए कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की भारतीय स्पिन त्रिमूर्ति के सामने सामने इंग्लैंड की टीम जब तीसरे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजों के लिए उतरेगी तो उसे बेहद मुश्किल पेश आएगी। कप्तान रोहित शर्मा (103, 162, तीन छक्के, 13 चौके) और शुभमन गिल (110 रन, 150 गेंद, पांच छक्के, 12 चौके) की दूसरे विकेट की 171 रन की भागीदारी के बाद लंच के दूसरे और तीसरे ओवर में चार रन के भीतर इन दोनों के आउट होने के बावजूद सरफराज खान और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले बाएं हाथ के देवदत्त पड्डीकल की चौथे विकेट की 97 रन की भागीदारी से भारत ने चायकाल तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 376 रन बनाए थे।



### इंग्लैंड गेंदबाजी

| गेंदबाज | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जेम्स एंडरसन | 14 | 1 | 59 | 1 |
| मार्क वुड. | 15 | 1 | 89 | 0 |
| टॉम हार्टली | 39 | 3 | 126 | 2 |
| शोएब बशीर | 44 | 5 | 170 | 4 |
| बेन स्टोक्स | 5 | 1 | 17 | 1 |
| जो रूट | 3 | 0 | 8 | 0 |

**विकेट पतन :** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428

### भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी बल्लेबाजी**

| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| यशस्वी जयसवाल स्टंप फोक्स बोल्ड बशीर | 57 |
| रोहित शर्मा बोल्ड स्टोक्स | 103 |
| शुभमन गिल बोल्ड एंडरसन | 110 |
| देवदत्त पड़िक्कल बोल्ड बशीर | 65 |
| सरफराज खान कैच रूट बोल्ड बशीर | 56 |
| रवींद्र जडेजा पगबाधा हार्टली | 15 |
| ध्रुव जुरेल कैच डकेट बोल्ड बशीर | 15 |
| रवि अश्विन बोल्ड हार्टली | 00 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 |
| अतिरिक्त | 06 |

**कुल 120 ओवर में आठ विकेट पर 473 रन**

# महिला प्रीमियर लीग : मुंबई इंडियंस ने की यूपी वारियर्स पर शानदार जीत

## नैट-स्काइवर ब्रंट ने 45 रन और 2 विकेट लिए

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन-2 में मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स पर 42 रन की शानदार जीत के साथ फॉर्म में वापसी की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस को शुरुआती झटके का सामना करना पड़ा, क्योंकि यूपी वारियर्स की चमारी अथापत्थु ने ओपनर हेले मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया को आउट करने के लिए जोरदार स्पैल मारा। हालांकि, शुरुआती उतार-चढ़ाव के बीच नैट साइवर-ब्रंट और हरमनप्रीत कौर ने अथापथु के हमले का सामना करते हुए महत्वपूर्ण साझेदारी के साथ पारी संभाली।

साइवर-ब्रंट ने चमारी अथापत्थु, ग्रेस हैरिस और राजेश्वरी गायकवाड़ की स्पिन के खिलाफ क्रीज की गहराई का इस्तेमाल किया, जिससे उन्हें पावरप्ले को 2 विकेट पर 37 रन पर समाप्त करने में मदद मिली। साइवर-ब्रंट और हरमनप्रीत ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े।

अंत में महत्वपूर्ण विकेट खोने के बावजूद अमेलिया केर और एस. सजना के नेतृत्व में निचले क्रम ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मुंबई इंडियंस ने आखिरी चार ओवरों में 38 रन बनाए, उनकी साझेदारी में सिर्फ 26 में से 43 रन जोड़े और अपनी टीम को आगे बढ़ाया। 20 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन का संघर्षपूर्ण स्कोर रहा।

गेंद हाथ में होने पर मुंबई इंडियंस ने अपना दबदबा कायम करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। सैका इशाक और शबनीम इस्माइल की तेज जोड़ी के नेतृत्व में उन्होंने वॉरियर्स के शीर्ष क्रम को सटीकता और चालाकी से ध्वस्त करते हुए शुरुआती झटके दिए। एलिसा हीली को 3 रन पर आउट करने वाली इस्माइल की घातक गेंद ने वारियर्स को परेशान कर दिया, जिससे एक शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए माहौल तैयार हो गया।



हरमनप्रीत ने लगातार छह ओवरों तक इस्माइल और मैथ्यूज के साथ काम किया, जिसमें वारियर्स 2 विकेट पर 18 रन ही बना सके। जहां दीप्ति शर्मा ने जोशीले अर्धशतक के साथ वारियर्स के लिए बहादुरी से संघर्ष किया, वहीं मुंबई इंडियंस के अथक आक्रमण को संभालना बहुत मुश्किल साबित हुआ। विशेष रूप से, सैका इशाक ने गेंद से चमक बिखेरी, तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर वारियर्स के लक्ष्य को पटरी से उतार दिया और अपनी टीम के लिए ठोस जीत हासिल की।

दसवें ओवर में ग्रेस हैरिस पंद्रहवीं गेंद पर छक्का लगाने के बाद इशाक की गेंद पर आउट हो गईं। नवगिरे के अनुक्रम की तरह हैरिस ने इशाक की गेंद को लॉन्ग-ऑन ड्राइव कर छक्का लगाया, लेकिन वह अगली गेंद पर बोल्ड हो गई। हैरिस और दीप्ति की साझेदारी वारियर्स के लिए सबसे लंबी साझेदारी थी।

# ब्रिस्टल ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में उर्वशी जोशी

**ब्रिस्टल,** 8 मार्च (एजेंसियां)। भारत की उर्वशी जोशी दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई सोफी फैडली पर 3-2 की उलटफेर भरी जीत के साथ ब्रिस्टन ओपन स्क्वैश के महिला क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। 2023 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सेमीफाइनलिस्ट उर्वशी ने 3000 अमेरिकी डॉलर के चल रहे पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के 35 मिनट के दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में दो बार पिछड़ने के बाद 7-11, 11-6, 9-11, 11-5, 11-7 से जीत हासिल की।
।

महाराष्ट्र की खिलाड़ी, जिन्होंने पहले दौर में इंग्लैंड की जैस्मीन कलार को 21 मिनट में 11-4, 11-5, 9-11, 11-9 से हराया, क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त एरिन क्लासेन से भिड़ेंगी। क्लासेन ने दूसरे दौर में इंग्लैंड की ओलिविया बेसेंट को 25 मिनट तक चले मुकाबले में 3-0 (11-5, 11-5, 14-12) से हरा दिया। दूसरे क्वार्टरफाइनल में माल्टा की चौथी वरीयता प्राप्त कोलेट सुल्ताना का मुकाबला आयरलैंड की गैरवरीयता प्राप्त ब्रिएन फ्लिन से होगा।



इस टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले अन्य भारतीयों में, तनिष्का जैन 32 मिनट में ब्रिएन फ्लिन से 11-4, 11-7, 9-11, 11-7 से हार गई।

# हेजलवुड का कहर, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेटा

**क्राइस्टचर्च,** 8 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 124 रन बना लिये है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 84 रन अपने पांच विकेट गंवा दिए। हेजलवुड ने सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम 38 रन, विल यंग 14 रन बनाये और उन्होंने मिचेल स्टार्क ने आउट किया। केन विलियम्स 17 रन, राचिन रवींद्रन चार रन और डेरिल मिशेल चार रन को पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्लंडेल 22 रन, ग्लेन फिलिप्स दो रन, मैट हेनरी 29 रन, कप्तान टिम साउदी 26 रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.2 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया जोश हेजलवुड को पांच विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। पेट कमिंस और कैमरुन ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। स्टीवन स्मिथ 11 रन, उस्मान ख्वाजा 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ट्रेविस हेड 21 रन, कैमरुन ग्रीन 25 बनाकर पवेलियन लौट गए।

# पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के प्री-क्वार्टर फाइनल में निशांत

**बस्टो अर्सिज़ियो (इटली),** 8 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया के मैडिव एस्केरखान को सर्वसम्मत अंतर से 5-0 से हराकर प्रथम विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत ने आत्मविश्वास के साथ मैच में प्रवेश किया, खासकर आखिरी मुकाबले में शानदार जीत के बाद, और पूरे मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी पर हावी होने के कारण और भी अधिक घातक दिखे। टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनलिस्ट एस्केरखान ज्यादातर समय भारतीय मुक्केबाज के आक्रमण के सामने अनजान दिखे और उन्होंने मुकाबले के दूसरे दौर में उबरने की पूरी कोशिश की, लेकिन निशांत ने उन्हें मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया, जो अंतत: एकतरफा मैच के रूप में समाप्त हुआ। निशांत रविवार को अंतिम-16 मुकाबला खेलेंगे। इस बीच, युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किग्रा) को शुरुआती दौर में विपरीत हार का सामना करना पड़ा। जहां अंकुशिता कड़े मुकाबले में फ्रांस की सोनविको एमिली से 2-3 से हार गईं, वहीं संजीत कजाकिस्तान के ऐबेक ओरलबे से 0-5 से हार गए। पहला विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट 590 से अधिक मुक्केबाजों की मेजबानी कर रहा है और 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के लिए 28 और महिलाओं के लिए 21 सहित कुल 49 कोटा प्रदान करेगा।



## सार संक्षेप

### महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है विराट की फिटनेस : डू प्लेसिस

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने अपने और विराट कोहली के बीच समानताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि विराट कोहली की जबरदस्त फिटनेस महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है। स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, डू प्लेसिस ने खेल में दीर्घकालिक सफलता के लिए फिटनेस के महत्व पर जोर देते हुए, महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा के प्रतीक के रूप में कोहली की भूमिका को रेखांकित किया। आरसीबी कप्तान ने कहा कि कुछ चीजें हैं, जिनमें मैं और विराट बहुत समान हैं। जिस तरह से हम खेल को देखते हैं या खेल के बारे में सोचते हैं उसमें भी बहुत समानता है, लेकिन हम खुद को कैसे देखते हैं और हम कैसा बनना चाहते हैं, इसमें भी बहुत समानता हैं। डू प्लेसिस ने आगे कोहली की फिटनेस की सराहना की और उन्हें युवा पीढ़ी के लिए एक महान उदाहरण बताया।

### शील्ड फाइनल खेलने के लिए गुजरात टाइटंस का शुरूआती मुकाबला नहीं खेलेंगे मैथ्यू वेड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड तस्मानिया की तरफ से शेफील्ड शील्ड फाइनल खेलने के लिए गुजरात टाइटंस (जीटी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैच में नहीं खेलेंगे। गुजरात का 2024 आईपीएल सीज़न का शुरुआती मैच 24 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होगा जिसका 21-25 मार्च के बीच होने वाले शील्ड फ़ाइनल के साथ टकराव होगा। यदि शील्ड फाइनल अंतिम दिन तक बढ़ता है, तो वेड के 26 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीटी के दूसरे मैच में भाग लेने की संभावना न्यूनतम रहेगी। तस्मानिया पुरुष टीम के मुख्य कोच जेफ वॉन ने पुष्टि की कि वेड शील्ड फाइनल के लिए उपलब्ध होंगे। क्रिकेट.कॉम.एयू ने वॉन के हवाले से कहा कि उन्होंने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी से बात की है और वे उन्हें यहां रहने की अनुमति देकर खुश हैं, जो शायद उनके पहले मैच को मिस करने के बराबर है।

### गुलाबी रंग में रंगे दिल्ली के रास्ते, फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन2024 का आगाज

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में एनसीआईईटी, एनएसडीसी, एफआईसीसीआई, एसपीईएफएल-एससी और फिट इंडिया के सहयोग से एसपीईएफएल-एससी की ओर से आयोजित 'फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन-2024' के पहले संस्करण का सफलतापूर्वक आगाज हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला स्वास्थ्य, फिटनेस और समावेशिता को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम मिशन एफ.आई.टी. इंडिया की निदेशक एकता विश्नोई और निदेशक अरुण कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# चेन्नइयन प्रबल दावेदार, हैदराबाद भी दिखाएगा दम

**चेन्नई,** 8 मार्च (एजेंसियां)। हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच 9 मार्च को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का मैचवीक 19 शुरू हो जाएगा।

चेन्नइयन एफसी ने रविवार को घरेलू मैदान पर खेले अपने पिछले मैच में ओडिशा एफसी को 2-1 से हराकर उलटफेर किया था, और 13 मैचों से चले आ रहे जगरनॉट्स के अपराजित सिलसिले को तोड़ दिया था। मरीना मचान्स 17 मैचों में 18 अंकों के साथ तालिका में 11वें स्थान पर हैं। हालांकि, तालिका में बदलाव हो रहे हैं और जीत उन्हें छठे स्थान पर मौजूद बेंगलुरू एफसी के बराबर 21 अंकों पर ले जाएगी। लिहाजा वे प्लेऑफ के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने की होड़ में हैं।

जहां तक हैदराबाद एफसी की बात है तो उसकी युवा ब्रिगेड के लिए शेष मैचों में कुछ दमखम दिखाने का अवसर है और क्लब अगले सीजन में कुछ उम्मीद कर सकता है। उन्होंने पिछले मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 2-2 का ड्रा खेला।

# गुजरात टाइटंस ने ड्रीम 11 को प्रमुख प्रायोजक किया घोषित

## टाइटन्स और ड्रीम 11 दोनों के लिए उनके प्रशंसक सबसे पहले

**अहमदाबाद,** 8 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम गुजरात टाइटंस ने 200 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ दुनिया के सबसे बड़े फेंटसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम11 को शुक्रवार को अपना नया प्रमुख प्रायोजक नामित किया। इस साझेदारी के बाद आगामी सीजन के दौरान ड्रीम 11 के लोगो को गुजरात टाइटन्स की जर्सी के सामने प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। आईपीएल के आज यहां जारी बयान के अनुसार इस साझेदारी से आईपीएल के अनूठे उत्साह और प्रशंसकों के जुड़ाव का लाभ होगा तथा दोनों ब्रांडों को अपनी पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म मिलेगा। इस एसोसिएशन के साथ ड्रीम 11 के 200 मिलियन क्रिकेट प्रशंसकों को मैदान पर खेल के जुनून से जुड़ने का अवसर मिलेगा। दूसरी ओर ड्रीम 11 के शानदार फंतासी खेल अनुभव के जरिये गुजरात टाइटन्स के प्रशंसकों को खेल के एक नए रोमांच से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कि हम गुजरात टाइटन्स परिवार में ड्रीम 11 का स्वागत करते हैं। टाइटन्स और ड्रीम 11 दोनों के लिए उनके प्रशंसक सबसे पहले हैं और यही वो फिलॉस्फी है, जिससे दोनों बंधे हैं। टैक्नोलॉजी द्वारा समर्थित अद्वितीय और दिलचस्प क्रिकेटिंग इवेंट हमारे प्रशंसकों की बढ़ती संख्या के लिए नया उत्साह पैदा करेंगे। ड्रीम11 खेल के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट अनुभव को समृद्ध करने की हमारी प्रतिबद्धता को साझा करता है और साथ में हम आईपीएल में नए मानक स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए हम लाखों प्रशंसकों को प्रेरित करना जारी रखेंगे।

# राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी अपनी आवासीय अकादमी के लिए चयन परीक्षण आयोजित करेगी

**मोहाली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी मोहाली में अपनी आवासीय अकादमी के लिए प्रतिभाशाली बच्चों का चयन करने के लिए चयन परीक्षण आयोजित करेगी। चयन ट्रायल का अगला चरण लुधियाना में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल 1 नवम्बर 2009 और 31 दिसम्बर 2013 के बीच पैदा हुए अंडर-15 लड़कों के लिए और 1 नवंबर 2007 और 31 दिसम्बर 2009 के बीच पैदा हुए अंडर-17 लड़कों के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागी पंजाब का निवासी होना चाहिए और न्यूनतम ऊंचाई 160 सेंटीमीटर होनी चाहिए। ट्रायल 10 मार्च को सुबह 9:30 बजे से ओलंपियन पृथ्वीपाल सिंह हॉकी स्टेडियम, पऊ, लुधियाना में होंगे। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय अकादमी में पूर्ण छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जहां उन्हें समर्पित पेशेवरों की एक टीम के तहत अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं प्राप्त होंगी। राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी कार्यक्रम के माध्यम से युवा एथलीटों को उनके समग्र विकास का पोषण करके सफल व्यक्तियों में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, अकादमी एथलीटों की शिक्षा, पोषण, खेल मनोविज्ञान और चिकित्सा की भी देखभाल करेगी। इन पहलों के माध्यम से, अकादमी का लक्ष्य युवा एथलीटों को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सर्वोत्तम प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करना है।




# महिला दिवस : डब्ल्यूपीएल ने भारत में महिला क्रिकेट को दी नई पहचान

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। महिला दिवस के मौके पर हर कोई महिलाओं के सम्मान में नतमस्तक है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की। देश की सुरक्षा, कॉर्पोरेट सेक्टर, मेडिकल साइंस या खेल हर जगह महिलाओं का बोलबाला नजर आया। वहीं काफी समय से अपनी पहचान तलाश रही भारतीय महिला क्रिकेटरों ने देर से ही सही लेकिन एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया।

महिला दिवस के मौके पर हम बात कर रहे हैं कि कैसे डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिए वरदान साबित हुआ। साल 2023 को भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष माना जा सकता है। शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में उद्घाटन महिला अंडर 19 विश्व कप जीतकर एक खास उपलब्धि हासिल की। फिर, सीनियर महिला टीम ने चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों के टी20 डेब्यू में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता।



इसके बाद उसने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 साल के अंतराल के बाद घरेलू मैदान पर टेस्ट खेला और जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने पुरुष और महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए मैच-फीस समानता की घोषणा की थी। लेकिन अगर कोई एक क्षण है जो इस मामले में शीर्ष स्थान लेता है, तो वह 4 मार्च को नवी मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरुआत है। कई क्रिकेटरों और महिला क्रिकेट की दिग्गजों की लंबे समय से चली आ रही इच्छा आखिरकार पूरी हो गई है। यह एक वास्तविकता बन गया, जिसने हर ओर से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

डब्ल्यूपीएल 2023 के दौरान मुंबई और नवी मुंबई में स्टेडियम खचाखच भीड़ से भरे हुए थे, जो भारत में महिला क्रिकेट के लिए भारी समर्थन को दर्शाता है। इस साल के डब्ल्यूपीएल में बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को दो नए स्थानों - बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजित किया है जिसमें प्रत्येक स्थान पर 11 मैचों की मेजबानी की गई है। पिछले वर्ष के विपरीत, जहां महिला दर्शकों को मुफ्त प्रवेश दिया गया था, अब आयोजन स्थलों पर कोई भी मैच देखने के लिए टिकट अनिवार्य है।

## *महिला एथलीटों के लिए प्रेरणा है सिमरनजीत का संघर्ष*

***नई दिल्ली।*** *पूरी दुनिया शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रही है, वहीं मुक्केबाज सिमरनजीत कौर की कहानी उन चुनौतियों की याद दिलाती है जिनका सामना अभी भी खेल में महिला एथलीटों को करना पड़ता है। हम उपलब्धियों का जश्न तो मनाते हैं लेकिन उन लोगों के संघर्षों की बात नहीं करते जो इसे मुमकिन करते हैं। हर महिला की सफलता दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं तो हम सबसे मजबूत होते हैं। सेरेना विलियम्स का यह उद्धरण आज तक भारतीय महिला एथलीटों के बीच बहुत प्रसिद्ध है, जो मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बावजूद अभी भी अपना उचित सम्मान पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता के मुद्दों के बारे में जागरूक होने का एक आदर्श अवसर है। लैंगिक समानता के वादों के बीच, कई एथलीट खुद को उस मान्यता की प्रतीक्षा में पाते हैं जिसके वे असली हकदार हैं। ऐसी ही एक ओलंपियन मुक्केबाज सिमरनजीत हैं, जो 2018 में दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में 64 किग्रा में कांस्य पदक जीतने पर वादे के अनुसार नौकरी पाने के लिए पिछले पांच-छह वर्षों से पंजाब सरकार के अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रही हैं। उन्होंने कहा था कि 'पंजाब सरकार के पास टिकटॉकर्स के लिए पैसा है लेकिन मेरे लिए नहीं।'*

